* नगर संस्करण । पेज : 12 | 28.05.2023 | रविवार | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 312 | khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ




## रिकॉर्ड पांचवें खिताब से धोनी एक कदम दूर

धोनी चेन्नई के कप्तान के रूप में कुल 10 आइपीएल फाइनल खेल चुके हैं। रविवार को फाइनल में गुजरात के खिलाफ अपनी पीली-जर्सी संभवतः आखिरी बार पहनकर उतरेंगे, तो चेन्नई को रिकॉर्ड पांचवीं बार चैंपियन बनाना चाहेंगे। संभव है कि यह सीजन अपने सांस रोक देने वाले रोमांचक मैचों और अभूतपूर्व रिकॉर्डों के लिए जाना जाये।




## राशिद मेरा भरोसेमंद खिलाड़ी : पांड्या

गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने स्पिनर राशिद खान को अपना सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी बताया। पांड्या ने कहा, जब टीम मुश्किल स्थिति में होती है तो मैं उस पर भरोसा कर सकता हूं। साथ ही बल्ले से शानदार प्रदर्शन के लिए गिल की तारीफ की और उनकी पारी को 'बेहतरीन' करार दिया। यह लगातार दूसरी बार है, जब गुजरात टाइटंस फाइनल में पहुंची हो।




## आइपीएल का फाइनल आज

# गुरु-शिष्य की भिड़ंत पर सबकी नजर

### सुनहरा इतिहास और उज्जवल भविष्य में महामुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** मिडास टच के लिए मशहूर एक अनुभवी, करिश्माई और माहिर कप्तान का सामना आइपीएल के फाइनल में रविवार को एक ऐसे युवा बल्लेबाज से है जो तकनीक में भी माहिर है। लिहाजा दर्शकों को मनोरंजन की पूरी सौगात मिलेगी। खिताबी भिड़ंत में भारतीय क्रिकेट का एक दिग्गज सुनहरा इतिहास (एमएस धोनी) है तो दूसरा (हार्दिक पांड्या) आने वाले कल का उज्ज्वल भविष्य है। धोनी का करिश्मा कभी खत्म नहीं होगा। उनकी कप्तानी भारतीय क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा रहेगी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच आइपीएल 2023 का फाइनल मुकाबला रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। धोनी पांचवां आइपीएल खिताब जीतकर अपनी विदाई को यादगार बनाना चाहेंगे। वहीं उनकी राह में गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल के रूप में ऐसी रन मशीन है जिसके बल्ले पर अंकुश लगाना इस सीजन में गेंदबाजों के लिए टेढी खीर साबित हो सकती है।

## न्यूज डायरी

### दिनेश की निशानदेही पर मिले गोला-बारूद

**रांची।** एनआइए ने झारखंड के वन क्षेत्र में नक्सलियों के ठिकाने से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है। पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के खुलासे के बाद गुमला जिले के कामडारा इलाके से 7.62 एमएम की 1,245 राउंड और 5.56 एमएम की 271 राउंड गोलियां जब्त की गयीं।

### टीम भावना से काम करें सभी राज्य : मोदी

**नयी दिल्ली।** शनिवार को पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों को टीम इंडिया के रूप में काम करना चाहिए और 2047 में एक विकसित भारत के लिए लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करना चाहिए।

### हजारीबाग में 1.5 करोड़ का गबन, चार अरेस्ट

**रांची।** एटीएम में कैश डालने वाली कंपनी के पांच एजेंटों ने मिलकर डेढ़ करोड़ का गबन किया है। इस मामले में कंपनी सेकुलर वैल्यू इंडिया लिमिटेड के मैनेजर जमशेदपुर कदमा के विश्वास राव (पिता अप्पा राव) ने लिखित आवेदन देकर सदर थाना में कांड संख्या 221/23 दर्ज कराया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 19 जून को नेत्रदान के साथ रथ मेला शुरू

**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर में रथ यात्रा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जगन्नाथपुर रथ मेला 20 जून से शुरू होगा। 10 दिनों तक चलने वाले मेले का समापन 29 को घूरती रथ यात्रा के साथ होगा। 19 जून को नेत्रदान के साथ रथ मेला शुरू हो जायेगा। 20 जून को सामूहिक पूजा होगी।

### देवघर तीर्थयात्रियों की बस पलटी, सात घायल

**देवघर।** देवघर मुख्य पथ पर सरपत्ता जंगल के पास चार धाम यात्रा कर वापस लौट रही छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं से भरा बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गयी। दुर्घटना में सात श्रद्धालु घायल हो गये हैं। यात्री बस से बाबाधाम मंदिर देवघर पूजा करने के लिए गये थे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,500 रु./प्रति किलो |

## नीति आयोग की बैठक में हेमंत ने राज्यहित में पीएम से मांगा सहयोग

# केंद्र के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करता रहेगा झारखंड

**...और क्या बोले सीएम हेमंत**

- विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में हम प्रयासरत
- को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म के सिद्धान्तों को धरातल पर उतारने में मदद करें
- तीन साल में राज्य की विकास गति तेजी से बढ़ी
- राज्य में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएं
- केंद्र से सहयोग मिले तो झारखंड और आगे बढ़ेगा
- राजमहल में गंगा नदी पर पुल बनाना जरूरी




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/दिल्ली।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने कहा, मैं सभी सदस्यों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि झारखंड, देश के साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहा है और रहेगा।

शनिवार को नयी दिल्ली में आयोजित नीति आयोग शाषी परिषद की 8वीं बैठक में शामिल सीएम ने कहा कि झारखंड में विगत तीन वर्षों में विकास की गति में काफी तेजी आयी है। झारखंड में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएं हैं और सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने पीएम मोदी से आग्रह किया कि को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म के सिद्धांतों को धरातल पर उतारते हुए झारखंड को उचित सहयोग दिया जाये, ताकि विकसित भारत की परिकल्पना साकार करने में झारखंड भी अपनी भागीदारी दर्ज करा सके। कहा कि विगत वर्षों में राज्य सरकार द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये गये हैं। दौरान उन्होंने कहा कि राजमहल से मानिकचक के बीच गंगा नदी पर पुल बनाने की जरूरत है।

**एमएसएमइ को बढ़ावा**

सीएम ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

## आपका स्नेह मुझे और काम करने की देता है ताकत : मोदी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के नौ साल पूरे होने पर ट्वीट कर उन लोगों का आभार व्यक्त किया, जो उनके कार्यकाल की तारीफ कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जनता का स्नेह उन्हें और ज्यादा काम करने की ताकत देता है। पीएम ने कहा कि ऐसा स्नेह मिलना हमेशा विनम्र होता है और उन्हें लोगों के लिए और भी अधिक मेहनत करने की ताकत देता है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, सुबह से मैं कई ट्वीट देख रहा हूं, जिसमें लोग 2014 के बाद से हमारी सरकार के बारे में जो कुछ भी सराहना करते हैं, उसे उजागर कर रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

**संतों ने पीएम को सौंपा सेंगोल :** नयी संसद के उद्घाटन से एक दिन पहले शनिवार को पीएम आवास में शनिवार को तमिलनाडु के अधीनम ने मुलाकात की। सेंगोल को रविवार को नये संसद भवन में स्थापित किया जायेगा। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सेंगोल को आज तक सिर्फ एक छड़ी समझा गया, लेकिन अब इसे उचित सम्मान मिल रहा है। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौके पर मौजूद रहीं। पीएम मोदी से मदुरै अधीनम मंदिर के मुख्य महंत अधीनम हरिहरा दास स्वामीगल व अन्य अधीनम संत मिलने पहुंचे थे।

# खूंटी में हादसा, ग्रामप्रधान दंपती समेत चार की मौत

- अड़की जंगल में सवारी गाड़ी पलटी, 15 घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के बीहड़ जंगल में रोंबा-चातोमउटुब पीसीसी सड़क पर एक सवारी गाड़ी पलटने से मालुटी के ग्रामप्रधान दंपती समेत चार लोगों की मौत हो गयी। हादसे में 15 लोग घायल हो गये। घटना शुक्रवार की शाम पांच बजे की है। मृतकों में मालुटी के ग्रामप्रधान सदानंद गिरयोन मुंडा (38), उनकी पत्नी मनोनित कुंवारी भेंगरा (35), चातोमउटुब गांव के हिंदू तोपनो उर्फ बिरसा तोपनो (50) और युवती पुती चुटिया पुर्ती (17) शामिल हैं। घायलों में एक की हालत गंभीर है। बताया जाता है कि 11 यात्रियों की क्षमता वाली सवारी गाड़ी पर 40 से अधिक सवार थे। इस कारण सड़क के ढलान पर सवारी गाड़ी अनियंत्रित हो गयी। जिस ढलान पर सवारी गाड़ी पलटी है उसके नीचे एक केंदू का पेड़ है, जिसके सहारे गाड़ी एक बार पलटने के बाद रूक गयी, अन्यथा खाई में चली जाती और कई अन्य सवारियों की मौत हो जाती।

**सोयको साप्ताहिक हाट से लौट रहे थे ग्रामीण :** दुर्घटना में घायल और सवारी गाड़ी की अगली सीट पर बैठी चातोमउटुब गांव की सोम्बारी तोपनो ने बताया कि सवारी गाड़ी पर सभी सीट भरी थी। गाड़ी के ऊपर रेलिंग पर 15-17 लोग बैठे थे। वहां गाड़ी के बाएं, दाएं और पीछे भी रेलिंग पकड़कर सवारी लटकी हुई थी। गाड़ी का चालक सभी यात्रियों को शुक्रवार को दिन के ढाई बजे सोयको साप्ताहिक हाट से लेकर चातोमउटुब गांव जा रहा था। शुक्रवार की शाम साढ़े चार बजे रोम्बा गांव से गाड़ी चातोमउटुब के लिए निकली। लुपुंगडीह से करीब एक किमी पहले जंगल और पहाड़ के बीच ढलान पर चालक चिल्लाने लगा ब्रेक नहीं लग रहा है और गाड़ी पलट गयी।

**ये हुए घायल**

सदर अस्पताल में भर्ती घायलों में महादेव नायक, सिन्नी तोपनो, राजा नायक, पांडी, अजय नायक, गंगी रूण्डा, नौरी चुटीया पूर्ती, बिजल मुंडा, शंकर पाहन के नाम शामिल हैं। वहीं दुर्घटना में घायल कई लोग पास के गांव चाड़ाडीह में इलाज कराकर अपने घर में हैं। इनमें चातोमउटुब गांव की सोम्बार तोपनो और गोमेया तोपनो और इसी गांव के टोला लुपुंगडीह की नागी चुटिया पुर्ती, दुखनी चुटिया पुर्ती, सोम्बारी मुंडाइन और सोमा हस्सा शामिल हैं।

### 15 को आदिवासी सेंगल अभियान का भारत बंद

**रांची।** आदिवासी सेंगल अभियान के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने सरना धर्म कोड को मान्यता देने सहित कई मांगों को लेकर 15 जून भारत बंद का की घोषणा की है। सरना समिति के सदस्यों और आदिवासी समाज संग बैठक के बाद सालखन ने कहा कि 30 को विश्व सरना धर्म जनसभा कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में होगी।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 31 मई को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 31 मई को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है।

### तीन उग्रवादी विदेशी हथियार संग गिरफ्तार

**चतरा।** पिपरवार पुलिस ने टीपीसी के एरिया कमांडर अभय उर्फ छोटन तुरी सहित तीन उग्रवादी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक मेड इन ईटली लिखा पिस्टल, एक मेड इन यूएसए लिखा पिस्टल, एक देशी कट्टा, 17 गोली, एक मैगजीन, पांच मोबाईल, दो एयरटेल का वाईफाई, दो डायरी और एक बाइक बरामद हुआ है।




# सरकारी अफसर बनकर करने जा रहा था दूसरी शादी, निकला जालसाज

- 26 को थी शादी, लड़की के नाम फाइनांस कर खरीद ली कार
- पहली पत्नी की हत्या के आरोप में जेल की सजा काट चुका है असगर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के डोरंडा इलाके में शुक्रवार को एक निकाह टल गया। दुल्हन के इनकार करने पर बारात बीच रास्ते से ही लौट गयी। बताया जाता है कि बारात के दिन ही दुल्हन को दूल्हे के बारे में पता चला कि वह दो बच्चों का बाप है। इस लड़के से उसकी शादी हो गयी तो उसकी जिंदगी बर्बाद हो जायेगी। जिसके बाद उसने शादी से इनकार कर दिया। वहीं दुल्हन के इनकार के बाद बीच रास्ते से ही बारात को लौटना पड़ा। इस संबंध में लड़की के परिजनों ने शनिवार को डोरंडा थाने में आरोपी के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करायी है।

(शेष पेज 11 पर)

**लड़की ने लौटायी बारात**



अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी के अनुसार रांची के डोरंडा मणिटोला की रहने वाली एक युवती की शादी डालटनगंज के पठान मुहल्ला निवासी हलीम खान के बेटे असगर खान से तय हुई थी। शादी के लिए 26 मई की तिथि तय हुई। 25 मई को मनिटोला के लोगों को लड़के के शादी शुदा होने की जानकारी मिली। जांच करने पर पता चला कि दूल्हा असगर ठग है। अंजुमन इस्लामिया को इसकी जानकारी दी गई। लड़का पहले से शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। इसके साथ ही कई मामले में जेल भी जा चुका है। इसके बाद लड़की और उसके घर वालों ने लोहरदगा के कुडू तक पहुंची बारात को लौटा दी।

## साक्ष्य के अभाव में नक्सलियों, अपराधियों के बरी होने पर सीआइडी ने जतायी चिंता

# बरी होनेवाले नक्सलियों और अपराधियों का रिकार्ड करें तैयार : असीम विक्रांत मिंज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जघन्य कांडों और नक्सली वारदात में शामिल अपराधियों और नक्सलियों के साक्ष्य और गवाहों के अभाव में लगातार बरी होने पर झारखंड पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जतायी है। नक्सलियों और अपराधियों के बरी होने मामले का खुलासा तब हुआ, जब सीआइडी आइजी असीम विक्रांत मिंज समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के बाद आइजी ने लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई करने के लिए सभी रेंज के डीआइजी को निर्देश दिया है। आइजी श्री मिंज ने कहा कि झारखंड पुलिस की अपराधियों को गिरफ्तार करने की रफ्तार में तेजी तो है, पर गिरफ्तार अपराधियों को सजा दिलवाने में पुलिस की रफ्तार सुस्त है। सीआइडी आइजी के द्वारा इंवेस्टिगेशन एंड प्रोसिक्यूशन यूनिट (सीपू) की समीक्षा के दौरान यह बातें सामने आई है।



### आपराधिक दस्तावेज करें तैयार, अपील में जाए पुलिस

सीआइडी आइजी ने सभी डीआइजी को कहा जिन मामलों में निचली अदालत में पुलिस आपराधियों को सजा नहीं दिला पाती, उन मामलों में पुलिस स्वयं ऊपरी अदालत में अपील में जाए। वहीं संगठित आपराधिक गिरोह का कोई किसी केस में बरी होता है तो उसके खिलाफ डोजियर खोला जाए, ताकि जेल से छूटने के बाद भी उसकी गतिविधियों की मॉनिटरिंग हो सके। सभी डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि प्रमुख मामलों के ट्रायल पर वह खुद नजर रखें।

### आरोपियों को सजा दिलाने में झारखंड पुलिस फिसडडी

झारखंड के कई जिलों में हाल के दिनों में दर्जनों ऐसे मामले आए हैं, जिनमें साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी हो गए। खासकर, नक्सल कांडों के दर्जनभर आरोपी साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज अब उन मामलों की समीक्षा में जुट गए हैं, जिनमें साक्ष्य के अभाव में आरोपियों को बरी करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, राज्य पुलिस के सामने हाल में कई मामले सामने आए हैं, जब पुलिस महत्वपूर्ण कांड में आरोपियों को सजा नहीं दिला पायी है। अनुसंधान के स्तर को सुधारने को लेकर सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज ने सभी जिलों में स्पेशल इंवेस्टिगेशन एंड प्रोसिक्यूशन यूनिट के कामकाज की समीक्षा की। समीक्षा में यह पाया गया कि पुलिस के कई मामलों में सजा दिला पाने के अनुपात में केस में बरी होने का अनुपात बढ़ा है। ऐसे में सीपू की बैठक में सभी रेंज के डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि वह कोर्ट में चल रहे मामलों की मॉनिटरिंग करें। जिन मामलों में पुलिस कर्मियों या गवाहों के पलटने के कारण आरोपियों को सजा नहीं मिल पाती, उन मामलों में पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करें।

## आकाशीय बिजली से मौत पर परिजन को मिलता है ₹4 लाख का मुआवजा

# झारखंड में आंधी तूफान से हो रही तबाही आकाशीय बिजली से 12 की मौत, अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मौसम की जानलेवा बेरुखी सामने आ रही है। झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में बीते दो दिनों के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि धनबाद जिले के बरवाअड्डा इलाके में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई जबकि शुक्रवार को जमशेदपुर के बहरागोरा और गुमला जिले के चिरोडीह में दो लोगों की मौत हो गई।

मौसम विभाग के मुताबिक, झारखंड में अगले 24 घंटे के दौरान कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि इसके बाद से तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बृहस्पतिवार को सात लोगों की मौत हो गई थी। चतरा, हजारीबाग, रांची, बोकारो और खूंटी जिलों में एक-एक व्यक्ति की और पलामू के हुसैनाबाद में दो लोगों की मौत हुई थी। लोहरदगा में भी एक व्यक्ति की मौत होने की सूचना है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजे के भुगतान के लिए संबंधित जिलों को हताहतों की संख्या का सत्यापन करने के लिए कहा गया है। झारखंड सरकार आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मरने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा देती है।

### जमशेदपुर में सर्वाधिक 79 मिमी हुई बारिश



झारखंड में बीते दो दिनों के दौरान तेज हवाएं और बारिश होने से राज्य के कई हिस्सों में पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। जमशेदपुर में शुक्रवार को सबसे अधिक 79 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बोकारो में 52.4 मिमी और रांची में 5.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने कहा कि रविवार से मौसम में सुधार होने की संभावना है। हालांकि सूबे के पश्चिमी और मध्य हिस्सों में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके बाद से तापमान बढ़ना शुरू होगा।

# पत्नी के नाम पर खोल ली थी कंपनी, बिना केंद्र की अनुमति के ही बन गया था झारखंड का सलाहकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नयी शराब नीति बगैर केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की अनुमति के बिना ही झारखंड में सलाहकार बनने के आरोपी अरूण पति त्रिपाठी ने पत्नी के नाम पर आइटी कंपनी खोल ली थी। बाद में कंपनी को प्रिज्म नामक कंपनी को भी बेच दिया था। बाद में इसी कंपनी को अरूण पति त्रिपाठी छत्तीसगढ़ में होलोग्राम छापने का काम दिलाया, बदले में एकमुश्त राशि भी ली। इडी जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि अरूण पति त्रिपाठी की पत्नी ने अपने नाम पर बनी कंपनी का पूरा नियंत्रण पति के पास होने की जानकारी इडी को देकर पति की मुश्किलें बढ़ा दीं। इधर, झारखंड में सलाहकार नियुक्त होने के मामले में इडी के अधिकारी झारखंड के अधिकारियों को समन भेजनेवाली है।

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की तरह झारखंड में भी दिया अंजाम :** अरुण पति त्रिपाठी की गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ के दौरान इडी को इसके सबूत मिले हैं कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले का सरगना वही था। सरकार के समानांतर शराब बिक्री के नेटवर्क (अन अकाउंटेड सेल) का पूरा नियंत्रण उसी के पास था। शराब बिक्री की इस समानांतर व्यवस्था से उसने बतौर कमीशन अपने लिए 20 करोड़ रुपये वसूले हैं। जांच में यह पता चला है कि प्रतिनियुक्ति पर छत्तीसगढ़ मार्केटिंग कॉरपोरेशन में कार्यरत है। पता चला है कि अरूण पति त्रिपाठी दूरसंचार विभाग में कार्यरत था। उसने झारखंड में शराब के कारोबार में सलाहकार नियुक्त होने से पहले दूरसंचार मंत्रालय और छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से अनुमति नहीं ली है। नियमानुसार झारखंड में सलाहकार बनने के लिए उसे अपने मूल विभाग व छत्तीसगढ़ सरकार से अनुमति लेना आवश्यक था।

# यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा आज रांची में शामिल होंगे 23000 अभ्यर्थी

### यूपीएससी पीटी को लेकर रांची में बनाये गये 56 सेंटर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड समेत देश के सभी राज्यों में यूपीएससी की पीटी परीक्षा 28 मई को होने जा रही है। रविवार को आयोजित होनेवाली यूपीएससी पीटी के लिए रांची में 56 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों सेंटर सुपरींटेंडेंट को आवश्यक निर्देश भी जारी किये गये हैं। परीक्षा के लिए लगभग 1000 शिक्षक और 150 पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। डीएवी नंदराज में दृष्टि बाधित परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रांची के विभिन्न सेंटरों पर लगभग 23000 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों की संख्या 81 है। यूपीएससी द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। इसे लेकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में रांची जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें एडीएम, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, बीडीओ, सीओ समेत जिनकी ड्यूटी परीक्षा में दी गई है, वे पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में कदाचार मुक्त परीक्षा कराने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गयी।

# झारखंड ग्रामीण बैंक को राष्ट्रीय ग्रमीण बैंक बनाया जाये : मलिक कौशिक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ का अधिवेशन गुरुनानक स्कूल में हुआ। अधिवेशन में राज्य भर के ग्रामीण बैंककर्मी शामिल हुए। मलिक कौशिक ने कहा कि छोटे-छोटे बैंक को मिलाकर झारखंड ग्रामीण बैंक को राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक बनाया जाये। इससे सुविधा को जन-जन तक पहुंचाने में आसानी होगी। झारखंड में सबसे ज्यादा कर्मचारी हैं। ये गांव के लोगों से जुड़े हुए हैं। झारखंड ग्रामीण बैंक कॉमर्शियल बैंक की बराबरी कर रहा है।

**श्रम कानून का लाभ नहीं दिया जा रहा : शिवकरण**

महासचिव शिवकरण द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण बैंक की मजबूती के लिए कर्मचारियों की भर्ती होनी चाहिए। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति 15 वर्षों से नहीं हो पायी है। जो लोग वर्षों से काम कर रहे हैं, उन्हें श्रम कानून का लाभ नहीं दिया जा रहा है। रिजर्व बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधा भी नहीं मिल रही हैं। पेंशन के मामले में हमारे साथ नाइंसाफी किया जा रहा है। 2012 के बाद बैंक में योगदान देने वाले कर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ से वंचित रखा गया है। ग्रामीण बैंक में नियुक्तियां भी दूसरे बैंकों की तरह होनी चाहिए।

# कैरेक्टर बताएं, तभी मिलेगा 66 डीएसपी को एमएसीपी का लाभ

### गृह विभाग ने झारखंड पुलिस मुख्यालय को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गृह विभाग ने झारखंड पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखकर 66 डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी मांगी है। राज्य पुलिस सेवा में दस साल पूरे कर चुके 66 डीएसपी को एमएसीपी का लाभ दिया जायेगा। पत्र में कहा गया है कि मजरूल होदा, सतीश चंद्र झा, अविनाश कुमार और वचनदेव कुजुर को एमएसीपी का लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाना है। इसको लेकर पुलिस मुख्यालय ने जिले के एडीजी वायरलेस, बोकारो और हजारीबाग के डीआईजी, सभी जिले एसपी, एसएसपी और सभी कमांडेंट से इन सभी डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी मांगी गयी है।

### इन डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी मांगी

मुख्यालय टू डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह, हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा, दीपक कुमार, जीत वाहन उरांव, कपिंद्र उरांव, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, जयदीप लकड़ा, ओमप्रकाश तिवारी, विकास आनंद लागूरी, मनीष कुमार, दिलीप खलखो, सुमित कुमार, चंदन कुमार वत्स ,संतोष कुमार, प्रमोद कुमार केसरी, नाजीर अख्तर, अनुज उरांव ,अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार बिन्हा, अमर कुमार पांडे ,पूनम मिंज, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, बैजनाथ प्रसाद ,नवनीत एंथोनी हेंब्रम, अजीत कुमार विमल, प्रदीप उरांव, मनोज कुमार झा ,आनंद ज्योति मिंज, मंगल सिंह जामुदा, धीरेंद्र नारायण बंका, संजीव कुमार बेसरा, पवन कुमार, संदीप भगत, शकील आबिद शम्स, अजीत कुमार सिन्हा, विकास चंद्र श्रीवास्तव, कौसर अली, ज्ञानरंजन, तौकीर आलम, संदीप कुमार गुप्ता, राजकिशोर, नीरज कुमार, मुजीब उल रहमान, श्रद्धा केरकेप्ता, विजय कुमार महतो, सुनील कुमार रजवार, समीर कुमार सवैया, अजीत केरकेप्ता, अरविंद कुमार वर्मा, वेंकटेश्वर रमन, बहामन टूटी, फैज अकरम, आशीष कुमार महली, मनोज कुमार महतो, भूपेंद्र प्रसाद रावत, प्रदीप कुमार कच्छप, अमित कुमार कच्छप, अशोक कुमार सिंह, रणवीर सिंह, संजय कुमार, सुदर्शन कुमार आस्तिक, मजरुल होदा, अविनाश कुमार, वचन देव कुजुर और सतीश चंद्र झा का नाम शामिल है।

# अंतर जिला स्थानांतरण नहीं से परेशान शिक्षकों की बैठक आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के अंतर जिला अथवा गृह जिला स्थानांतरण से प्रभावित शिक्षकों की बैठक आज रविवार को बिरसा चौक स्थित सेवा भारती के सभागार में बैठक होगी। यह झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने दी है। बैठक में राज्य के सभी जिलों से शिक्षक शामिल होंगे। मोर्चा के मीडिया प्रभारी अरुण कुमार दास ने बताया कि झारखंड के हजारों शिक्षक शिक्षिकाएं विभागीय लापरवाही के कारण लंबे समय से दूसरे जिलों में सेवा देने को विवश हैं। पूर्व के शिक्षक स्थानांतरण नियमावली को संशोधित कर पेचीदा बना दिया गया है। इससे अंतर जिला स्थानांतरण का रास्ता बंद हो गया है। शिक्षक शिक्षिकाएं पिछले छह-सात साल से सरकार के समक्ष स्थानांतरण को लेकर गुहार लगा रहे हैं।

**सरकार आश्वासन देकर शिक्षकों को कर रही गुमराह :** एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार राय ने कहा कि शिक्षक, शिक्षा एवं बच्चों की भलाई के लिए शिक्षकों का स्थानांतरण उनके गृह जिले में किया जाना जरूरी है। सरकार लंबे समय से सिर्फ आश्वासन देकर शिक्षकों को गुमराह कर रही है, जो संशोधित नियमावली 2022 में तैयार की है, उसमें सामान्य परिस्थितियों में शिक्षकों का स्थानांतरण संभव नहीं है। हम सभी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अंतर जिला स्थानांतरण विषय पर वार्ता करने को लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। अभी तक मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा समय नहीं दिया गया है। आज की बैठक में स्थानांतरण को लेकर व्यापक विचार विमर्श कर चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा।

# 2024 के चुनाव में पार्टी तीसरा मोर्चा खड़ा करेगी झापा : एनोस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड पार्टी में पूर्व मंत्री सह पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के आने के साथ राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। शनिवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय हरमू में पार्टी अध्यक्ष एनोस एक्का की अध्यक्षता में विशेष बैठक हुई। बैठक में एनोस एक्का ने कहा कि सभी कमिटी सदस्यों को जनसमस्याओं को लेकर लोगों तक पहुंच बनाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी में लोग सिर्फ चुनाव सिंबल के लिए चुनाव लड़ने आते हैं, जीतते हैं, फिर पार्टी छोड़ कर भाग जाते हैं। 2024 के चुनाव में पार्टी तीसरे मोर्चा में उभर कर रहेगी और सोच विचार कर ही किसी को टिकट देगी। पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत ने कहा कि पार्टी का महाधिवेशन की तैयारी में सभी कमिटी सदस्यों को तैयारी शुरू करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी का महाधिवेशन दो दिवसीय 1 और 2 जुलाई को किया जाएगा। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि झापा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर संगठन विस्तार के साथ-साथ संसाधन सुविधा पर फोकस किया जायेगा। अजीत कुमार ने कहा कि जिला से लेकर प्रखंड पंचायत तक कमिटी सदस्यों के बीच सदस्यता अभियान तेज करने के लिए सेंट्रल कमिटी टास्क जारी करेगी।

बैठक में रिजवान अहमद, किरण आइंद, अर्पणा हंस, उमेश पांडे, ऐनुल हक अंसारी, संदेश एक्का, अंशु लकडा, आलोक एक्का, सामी दास, सोमदेव करमाली, आकाश करमाली, पवन तिग्गा समेत सभी जिलों से कमिटी सदस्य उपस्थित रहे।

# जन मुद्दों को सुलझाने की बजाये सवाल-सवाल खेल रही कांग्रेस-भाजपा

### मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर कांग्रेस ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने पीएम मोदी से पूछे 09 सवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा और पीएम नरेन्द्र मोदी से नौ सवाल पूछकर जवाब मांगा है। शनिवार को कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने मीडिया के माध्यम से नौ सवाल पूछे। इस दौरान उन्होंने जम्मू कश्मीर के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के उठाये सवाल का हवाला देते हुए कहा कि पीएम मोदी पुलवामा का सच जनता के सामने सार्वजनिक करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह खुद सेना में कैप्टन रह चुके हैं, वो जानते हैं कि केंद्र की मोदी सरकार की बड़ी चूक का खामियाजा कैसे सीआरपीएफ के जवानों को उठाना पड़ा और कैसे पीएम मोदी ने उसका राजनीतिक लाभ उठाया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, डॉ रूपम यादव, अभिलाष साहू, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ मौजूद थे।

## पुलवामा का सच सार्वजनिक करें पीएम : कैप्टन अजय सिंह यादव




### राहुल गांधी की भारत यात्रा से सद्भाव बढ़ा

अजय सिंह यादव ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देश में सदभाव बढ़ा है। आरएसएस का एजेंडा पीएसयू को समाप्त करना है। ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत है, जब ईडब्ल्यूएस को आरक्षण देकर 50 फीसदी का कैपिंग तोड़ दिया तो ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने और जातीय जनगणना पर आप चुप क्यों है। महिला को 33 फीसदी आरक्षण दें लेकिन उसमें एससी, एसटी, ओबीसी माइनॉरिटी की महिलाओं को भी आरक्षण दिया जाएगा। ईडी और सीबीआई की दबिश सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं पर क्यों? गोवा, अरुणाचल प्रदेश सहित कई राज्यों में जनता की सरकार को गिराकर सत्ता क्यों पाई। आज 98 प्रतिशत रेड विपक्षी दल के नेताओं के यहां हुई है।

### राष्ट्रपति को नए संसद भवन के उद्घाटन से दूर क्यों रखा

पीएम मोदी से नौ सवाल पूछने के क्रम में कांग्रेस के नेता कैप्टन अजय यादव ने कहा कि आर्टिकल 79 में राष्ट्रपति के बिना संसद की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे में पीएम बताएं कि एक ट्राइबल राष्ट्रपति को उद्घाटन तो दूर आमंत्रण पत्र तक नहीं दिया। राहुल गांधी की अडाणी अंबानी पर की गई टिप्पणियों को लोकसभा की कार्रवाई से स्पंज क्यों कर दिया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को दी गयी सजा राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है। लोकतंत्र की रूह से खिलवाड़ मोदी सरकार कर रही है।

### पीएम चीन से घबराते क्यों हैं

कैप्टन अजय सिंह यादव ने सवाल पूछने के क्रम में कहा कि चीन से आंख में आंख मिलाकर बात करने की बात करने वाले पीएम चीन से घबराते क्यों हैं। वह हमारे देश में घुसकर गलवान पोस्ट के पास 15-20 किलोमीटर को बफर जोन बना दिया है। हम उसे क्लीन चिट दे दिए, क्यों? कांग्रेस ने पूछा कि अग्नि पथ योजना लाने की जरूरत क्या थी? वन रैंक वन पेंशन की बात करने वाली सरकार का लक्ष्य अग्निवीर के माध्यम से नो रैंक-नो पेंशन को लागू करना कैसे हो गया? कैप्टन अजय यादव ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार के 9 साल में देश का सामाजिक सद्भाव का माहौल खराब क्यों हुआ है। महिलाओं पर शोषण और जुल्म के खिलाफ पीएम मोदी मौन क्यों है? हमारी महिला बॉक्सर धरना पर बैठी हैं, ब्रजभूषण जैसे रेपिस्ट के ऊपर संगीन आरोप है, बिलकिस बानो के जुल्मी को क्यों छोड़ा, इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों है। कांग्रेस ने पूछा कि ओबीसी का वोट लेने के लिए खुद को ओबीसी बताने वाले प्रधानमंत्री यह बताएं कि केंद्र में 69 सेक्रेटरी में एक भी ओबीसी क्यों नहीं।

### खाने-पीने के वस्तुओं का भाव क्यो बढ़ा

कैप्टन अजय यादव ने पूछा कि भाजपा के नौ साल की सरकार में खाने-पीने की वस्तुओं का भाव क्यों बढ़ गए। आज 64 फीसदी जीएसटी गरीबों से क्यों ली जा रही है जबकि बड़े लोगों से केवल 04 प्रतिशत जीएसटी लिया जा रहा है। अडाणी को 2014 से 22 तक 14 गुना लाभ कैसे हुआ, यह कैसा जादू है? कांग्रेस नेता ने कहा कि नोटबंदी में आम लोगों को लाठियां मिलीं, भ्रष्टाचार नहीं रुका, नोटबंदी की वजह से कैश फ्लो 71 प्रतिशत बढ़ी है। वर्तमान में काला धन को सफेद करने के लिए 2000 के नोट पर बैन लगाया गया है। बिना आईडी के बैंकों में 2000 के नोट लिया जा रहा है यह तो खुलेआम काला धन को सफेद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा में सिर्फ बीमा कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। ट्रैक्टर के पाट्‌र्स पर 18 प्रतिशत जीएसटी क्यों लगायी गई। किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी कम कर दी गयी। पीएम मोदी ने सबकुछ अडाणी के हवाले क्यों कर दिया।

## कांग्रेस के 9 सवालों के जवाब देकर भाजपा ने भी दागे सवाल

# राज्य में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, खनिजों की लूट और महिलाओं पर अत्याचार पर कांग्रेस चुप क्यों



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल पूरे होने पर कांग्रेस नेता कैप्टन अजय यादव ने मोदी सरकार से 9 सवाल पूछे हैं। इस पर प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के उठाये 9 सवालों का जवाब देते हुए कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। कहा है कि कभी राम, कभी राम सेतु, कभी सेना, कभी अयोध्या पर सवाल उठाने वाला कांग्रेस खुद के सवालों के घेरे में है और जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बताए कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, खनिजों की लूट, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और हत्याओं पर वह चुप क्यों है?

### भाजपा ने कांग्रेस के सवालों के दिया जवाब

- मोदी सरकार में देश की अर्थव्यवस्था कमजोर नहीं बल्कि मजबूत हुई है।
- भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था है, जो 3.5 ट्रिलियन को पार कर चुकी है।
- आज भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 50 लाख करोड़ से अधिक है।
- 2014 में 19.05 लाख करोड़ का निर्यात होता था, आज 36 लाख करोड़ से ज्यादा का निर्यात हो रहा।
- एसबीआइ का मुनाफा 58%, एलआईसी का 466% बढ़ा।
- कोविड काल में कुशल प्रबंधन के लिए पूरी दुनिया भारत की तारीफ कर रही है।
- फसलों के एमएसपी में मोदी सरकार ने डेढ़ गुना वृद्धि की है।
- मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत दुनिया का दूसरा बड़ा उत्पादक देश हो गया है।
- देश से 16 हजार करोड़ के रक्षा उपकरण निर्यात हुए हैं।
- चीन पर बोलने का हक कांग्रेस को नहीं है।

### ये है कांग्रेस के लिए भाजपा के सवाल

- कांग्रेस बताए झारखंड में हर साल 5 लाख रोजगार के वादे का क्या हुआ?
- किसानों को ऋण माफी, बेरोजगारी भत्ता, मुफ्त बिजली-पानी की घोषणाओं का क्या हुआ?
- राज्य में उग्रवादी फिर से सिर क्यों उठा रहे हैं?
- रघुवर सरकार के समय शुरू की गई योजनाएं क्यों बंद की गईं?
- पीएसयू का समर्थन बताने वाली कांग्रेस एसबीआई, एलआईसी का विरोध क्यों करती है ?
- मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना हेमंत सरकार ने क्यों बंद किया ?

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रपति से मिले विधायक चंद्रवंशी

■ आरसीयू के दीक्षांत समारोह में आने का दिया निमंत्रण




**बिश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व स्वास्थ मंत्री सह बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से रांची प्रवास के दौरान राजभवन जाकर मुलाकात की। उन्होंने महामहिम को बिश्रामपुर के रामचंद्र चंद्रवंशी विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। इसके आलावा उन्होंने महामहिम से लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का उद्घाटन करने का भी आग्रह किया। राष्ट्रपति ने आग्रह स्वीकार किया।

### पलामू के हर घर पहुंच रहा झामुमो : राजेंद्र



**मेदिनीनगर।** झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने बयान जारी कर कहा कि पिछले एकदिवसीय बैठक में हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर और मोहम्मदगंज प्रखंड कमेटी भंग की गयी थी। वहां झामुमो की मजबूती के लिए नई प्रखंड और पंचायत कमेटी बनायी जायेगी। कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है। झामुमो हर घर तक पहुंच कर लगातार अपनी मजबूती बढ़ा रही है। सभी भंग कमेटियों में प्रभारी को नियुक्त कर जल्द कमेटी गठित करें। ताकि सदस्यता अभियान चल सके। इसमें हुसैनाबाद उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, वशिष्ठ सिंह, प्रदीप सिंह, डॉ एजाज अहमद, नेहाल असगर, हरिहरगंज के उपाध्यक्ष असफर रब्बानी, सुशील सिंह, छत्तरपुर के उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, अविनाश देव और ललन चौधरी जोर-शोर से लगे हैं।

### चैनपुर : पीसीसी सड़क पर जमा है पानी



**चैनपुर पलामू।** नगर निगम के शाहपुर विवेकानंद चौक सुंदरीकरण के नाम पर बनी सड़क बेमौसम बारिश से नगर निगम से बने सड़क पर जमा पानी बरसात आने के पहले ही पोल खोल दी है। सड़क का चौड़ीकरण हुए लगभग एक माह बीता है और थोड़ी सी बारिश में विवेकानंद चौक के आसपास सड़क के किनारे पूरा जलजमाव हो गया है जिससे राहगीरों को मुसीबत हो रही है। बताया जाता है कि लाखों खर्च कर एक माह पूर्व विवेकानंद चौक के दोनों तरफ नये सिरे से पीसीसी पथ निर्माण कराया गया है। शाम में बारिश से सड़क पर 2 इंच पानी जम गया।

### जीएम से मिले विधायक प्रतिनिधि



**पाटन पलामू।** पाटन छतरपुर के विधायक प्रतिनिधि (जिला परिषद) उमेश सिंह ने विद्युत महाप्रबंधक से मुलाकात कर पाटन प्रखंड के कुम्हवा में स्थित नये विद्युत सबस्टेशन से जुड़ी समस्याएं गिनायी। बताया कि कुम्हवा विद्युत सबस्टेशन में चार विद्युत फीडर बनाये गये हैं जिसमें मात्र एक फीडर ही चालू किया गया है। जिसका रूट काफी लंबा हो जाने से आये दिन फॉल्ट तथा अन्य समस्याएं होती रहती है। जिससे ग्रामीणों को निर्बाध बिजली नहीं मिल पाती। उन्होंने चारो फिडर को एक सप्ताह में चालू कराने का आग्रह किया। विद्युत महाप्रबंधक ने तुरंत बिजली विभाग के एसडीओ को निर्देश दिया कि जितना जल्द हो कुम्हवां विद्युत सबस्टेशन का सभी चारों विद्युत फिडर को चालू किया जाये।

### भाजपा नेताओं ने पूर्व विधायक सत्येंद्र तिवारी के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की



**मेदिनीनगर।** भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के आवास पर मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विदित हो कि भाजपा झारखंड प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष सह गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की गाड़ी 13 अप्रैल को गढ़वा जाने के क्रम में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसमें अन्य लोगों के साथ सत्येंद्र तिवारी को भी चोटें आई थी और तब उन्हें रांची के पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जिलाध्यक्ष ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और जल्द से जल्द पूर्णतः स्वस्थ होकर पार्टी और जन के कार्यों में पूर्व की तरह समर्पित होकर लग जाने की कामना की।

### लोक अदालत में 106 मामले निष्पादित



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें मामले निस्तारण को लेकर 10 पीठें गठित थीं। सुलह समझौता के आधार पर 106 मामले सुलझाये गये। वहीं 19 लाख 59 हजार 800 रुपये का मामला सेटल हुआ। उक्त जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि प्री लिटिगेशन के 17 मामले सुलझाकर पांच लाख 52 हजार 60 रुपये का सेटल हुआ।

### सासाराम-रांची इंटरसिटी में बोगियां पूर्ववत

**मोहम्मदगंज पलामू।** सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में बोगियों की संख्या बढ़ाकर पूर्ववत 14 कर दी गयी है। शुक्रवार की सुबह स्थानीय स्टेशन से गुजरने वाली इस एक्सप्रेस ट्रेन का अवलोकन के बाद यात्रियों ने दी। इसे लेकर मोहम्मदगंज क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य अंजू देवी के प्रतिनिधि व पुत्र युवा समाजसेवी अश्विनी सिंह ने झारखंड की राजधानी रांची के लिए महत्वपूर्ण इस ट्रेन संख्या 18635/36 अप-डाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री बोगियों की संख्या घटाए जाने से हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए पलामू सांसद व रेलवे के उच्चाधिकारियों को ट्वीट किया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि गूगल सर्च में रेलवे के विभिन्न साइट पर इस ट्रेन में कोच की संख्या 14 दशार्या गया है। इसके परिचालन के प्रारंभ में भी इतनी ही कोच संख्या थी। जिनमें 2 एसएलआर, 2 एसी व 10 अनारक्षित बोगियां शामिल थे। जबकि बाद में केवल 10 बोगियां ही रह गई थी। 4 बोगियों को हटा दिया गया था। जिस कारण इन दिनों भीषण गर्मी व शादी विवाह के लग्न की भीड़ के कारण यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। उधर, इस ट्रेन की बोगियों की संख्या को घटाया जाता रहा, मगर स्टॉपेज बढते चले गए। पहले बिहार राज्य के सासाराम, डेहरी ऑन सोन के बाद झारखंड राज्य के जपला, बाद में मोहम्मदगंज और अब हैदरनगर व उंटारी रोड में भी इस ट्रेन का स्टॉपेज हो गया है।

# पड़वा पुलिस ने लेवी के पचास हजार नगद के दो नक्सलियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

■ एएसपी सह एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने दी जानकारी
■ पंडवा थाना प्रभारी नकुल साह कर रहे थे छापामारी दल का नेतृत्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पड़वा पुलिस ने पड़वा-पाटन मुख्य पथ में मधुरी जंगल के पास से नक्सली संगठन टीएसपीसी के दो सदस्यों को लेवी के पचास हजार रुपये नगद के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में मनातु थाना क्षेत्र के गढ़वट के नकुल सिंह एवं सेमरी के सुरेन्द्र सिंह का नाम शामिल हैं। गिरफ्तार दोनों नक्सलियों को जेल भेज दिया गया। उक्त जानकारी मेदिनीनगर एएसपी सह एसडीपीओ ऋषभ कुमार गर्ग ने दी।



**क्या बोले एसडीपीओ :** एसडीपीओ श्री गर्ग ने बताया कि शुक्रवार को सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली थी कि दो नक्सली पड़वा थाना क्षेत्र के मधुरी जंगल में किसी ठेकेदार के पास लेवी लेने आ रहा है। सूचना मिलते ही पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह के नेतृत्व में पुलिस बल मधुरी जंगल में छिप कर बैठ गयी। तभी बासु गांव के तरफ से एक बाइक पर दो लोग आते हुए दिखे पुलिस को देखते ही बाइक सवार भागने लगे पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने जब दोनों की तलाशी की तो उनलोगों के पास से पचास हजार रुपये नगद, दो मोबाइल, चार पीस नक्सली परचा बरामद किया गया। पुलिस ने जब सख्ती के साथ पुछताछ किया तो गिरफ्तार दोनों नक्सलियों ने बताया कि बगल में एक ठेकेदार से लेवी लेकर आ रहा हूं। लेवी देने वाले ठेकेदार के बारे में भी नक्सलियों ने पुलिस को बताया है लेकिन पुलिस ठेकेदार का नाम अभी गुप्त रखा है। गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि टीएसपीसी के मुखिया नकुल के कहने पर पड़वा में ठेकेदार के पास लेवी लेने आये थे। गिरफ्तार नक्सली नकुल सिंह व सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उनलोग संगठन के निशांत, शशिकांत, मंटु उर्फ दिलेश, नगीना, यमुना, बादल, रंजन, मुकदेव यादव के लिए काम करते हैं।


**ये थे छापामारी दल में :** छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक तकनीकी शाखा प्रभारी दिवाकर कुमार, सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार रजवार, आरक्षी उस्मान अली, चंचल राय, हवलदार नासिर आलम, चला आरक्षी अखिलेश कुमार शामिल थे।

# पलामू की दो महत्वपूर्ण सड़कें और एक आरओबी का निर्माण कार्य शीघ्र

■ दोनों सड़क और आरओबी पर करीब 226 करोड़ होंगे खर्च, सांसद
■ सांसद बीडी राम ने पीएम मोदी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़क और एक आरओबी का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा। उक्त तीनों योजनाओं पर लगभग 226 .5 करोड़ खर्च होंगे। उक्त जानकारी पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने दी। सांसद श्री राम ने उक्त तीनों योजनाओं की स्वीकृति के लिए संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।



**क्या बोले सांसद :** सांसद ने बताया कि मेरी अनुशंसा के आलोक में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआइएफ) योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में विभिन्न सड़कों के निर्माण हेतु मैंने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को अनुशंसा की थी। उक्त अनुशंसा के आलोक में पलामू जिला के दो महत्वपूर्ण सड़कों एवं एक आरओबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वीकृति दी थी। 23 मार्च को रांची में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के माननीय मंत्री आदरणीय नितिन गडकरी जी के द्वारा शिलान्यास किया गया था। उन्होंने बताया कि भजनिया से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार रोड) वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरी एवं रानीदेवा तक (लागत 62 करोड़ रुपये) 17.372 किलोमीटर, कुट्टी मोड़ (चैनपुर) से हुटार वाया रामगढ़ ब्लॉक के हेड क्वार्टर तक (लागत 81 करोड़ रुपये) 24.103 किलोमीटर तक सड़क और सेतु बंधन योजना के तहत सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एनएच 75 से जोड़ने हेतु रेलवे लाइन पर 83.54 करोड़ रुपये की लागत से आरओबी का निर्माण शीघ्र शुरू हो जायेगा।

## साहद में पांकी विधायक ने किया हाट बाजार का उद्घाटन

# तेजी से विकास कर रहा है पांकी विधानसभा क्षेत्र : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** ओरिया पंचायत के साहद अमानत नदी के तट पर विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने शनिवार को साप्ताहिक हाट का उद्घाटन किया। उद्घाटन में विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि सभी क्षेत्रों में पांकी विधानसभा क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। साप्ताहिक हाट का शुभारंभ इसका एक उदाहरण है।

डॉ मेहता ने कहा कि साप्ताहिक हाट के आयोजन से इस क्षेत्र में लोगों को घरेलू सामान समेत कई अन्य चीजों की खरीदारी करने में काफी सुविधा होगी। इस क्षेत्र के लोग कोई भी सामान लेन-देन व खरीदारी करने के लिए 10 किलोमीटर की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इस पंचायत में ही घरेलू सामान समेत कई अन्य चीज हाट बाजार से लोग आसानी से खरीद सकते हैं। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कलाकारों ने एक से एक भोजपुरी गीत प्रस्तुत किया कार्यक्रम का संचालन दिलीप चौधरी ने किया मौके पर नरेन्द्र मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, प्रदीप मेहता, बुलबुल मेहता, इंद्रजीत मेहता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने हरिहरगंज में डिग्री कॉलेज के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**...बोले विधायक**

■ हरिहरगंज क्षेत्र में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं
■ गरीबी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं विद्यार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज, पलामू।** हरिहरगंज हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में डिग्री कालेज की स्थापना कराने की मांग की है। शिक्षा मंत्री भारत सरकार को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि झारखंड प्रदेश के पलामू जिला अंतर्गत हरिहरगंज प्रखंड सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़ा हुआ है।

हरिहरगंज प्रखंड के 30 किमी परिधि में एक भी स्नातक डिग्री महाविद्यालय नहीं होने के कारण यहां के आर्थिक दृष्टि से पिछड़े छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया है कि झारखंड प्रदेश के पलामू जिला अंतर्गत हरिहरगंज प्रखंड मुख्यालय में एक स्नातक डिग्री महाविद्यालय की स्थापना कराने की यथाशीघ्र आवश्यकता है। जिससे पिछड़े क्षेत्र हरिहरगंज के विद्यार्थी भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा है कि हरिहरगंज प्रखंड के विद्यार्थियों को आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने की वजह 50 किमी दूर हुसैनाबाद, छतरपुर या 80 किलो मीटर दूर मेदिनीनगर जाना मुश्किल होता है।

कुछ छात्र किसी तरह उच्च शिक्षा प्राप्त कर लेते हैं। मगर छात्राएं उच्च शिक्षा से पूरी तरह वंचित रह जाती हैं। विधायक श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने पहले भी कई बार हरिहरगंज में डिग्री कालेज की स्थापना करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज में उच्च शिक्षा के लिए उन्हे जो भी करना होगा करने को तैयार हैं। जिससे हरिहरगंज क्षेत्र के गरीब बच्चे बच्चियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# वर्ष में एक बार भक्तों पर कृपा बरसाने निकलते हैं भगवान जगन्नाथ : गौरव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पूरे विश्व का भरण-पोषण पालन करने वाले भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा 20 जून को भव्य तरीके से निकाली जायेगी। उक्त बातें गौरव धाम प्रभु जी ने कही। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ वर्ष में एक ही बार शिष्यों पर कृपा बांटने निकलते हैं। इसमें वे जाति-धर्म, समुदाय को वे नहीं देखते।

विश्व में जितने भी मानव हैं सब पर वे कृपा बरसाते हैं। पिछले दो वर्षों में कोरोना के कारण भगवान की शोभायात्रा भव्यता के साथ नहीं निकली थी। लेकिन इस वर्ष पूरे भव्यता के साथ निकलेगी। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि इस रथ यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लें। भगवान जगन्नाथ के समीप आने से ही कल्याण हो जाता है। मंगल सिंह ने कहा कि कृष्ण भावनामृत संघ डाल्टनगंज ने भक्ति विकास महाराज की इच्छा अनुसार पुरुषोत्तम महाराज के आज्ञा से केसवानंद प्रभु के आशीर्वाद से गौर धाम प्रभु की अध्यक्षता में एवं रांची इस्कॉन के संस्थापक गोविंद प्रभु के संरक्षण में 20 जून को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# विश्रामपुर : रेड रोज पब्लिक स्कूल के समर कैंप में बच्चे कर रहे मस्ती

■ रेड रोज पब्लिक स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। बच्चों ने समर कैंप में जमकर लुफ्त उठाया। इस दौरान कई प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। मेहंदी, ड्राइंग, फैशन शो सिंगिंग, डांसिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने काफी रुचि ली। कैंप में मोटिवेशन स्पीकर ने बच्चों को उचित दिशा में मोटिवेट करने का प्रयास किया गया। कैंप समापन से पहले प्रतियोगिता के विजयी आतीभागियो के बीच पुरस्कार बांटा गया। विजेता बच्चों को बिश्रामपुर



थाना प्रभारी शशि रंजन, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय व स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया और जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहने को कहा।

### बालू के लिए तत्काल हो वैकल्पिक व्यवस्था : ऋषि



**बिश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेस के बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में बालू की किल्लत से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। आवास निर्माण सहित किसी भी सरकारी योजना हेतु बालू नहीं मिल रहा है। जिसके कारण आम आवाम भी काफी परेशान हैं। श्री पांडेय आज बिश्रामपुर में कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कांग्रेस के सभी राज्य मंत्रियों सहित प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भी लिखा है। पत्र के माध्यम से आवास सहित सभी सरकारी योजनाओं में तत्काल बालू के वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। श्री पांडेय ने कहा कि बालू की कमी के कारण लाभुक आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करा पा रहे हैं। वहीं नगर परिषद कार्यालय द्वारा लाभुकों पर तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु दबाव डाला जा रहा है। इसी मामले को लेकर चार जून को मुख्यमंत्री से रांची जाकर मिलूंगा। उन्हे बालू की कमी से लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराऊंगा।

### प्रगतिशील पत्रकार मंच मनायेगा सिल्वर जुबली



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रगतिशील पत्रकार मंच की एक स्थानीय रुद्र होटल के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष सैयद नौसाद उर्फ गुड्डू ने किया। संचालन मंच के सचिव सुरेंद्र गुप्ता ने किया। बैठक में आज के परिवेश में स्वच्छ पत्रकारिता पर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रगतिशील पत्रकार मंच का सिल्वर जुबली मनाई जाएगी। जसकी तिथि हैदरनगर में 11 जून को आयोजित बैठक में घोषणा की जाएगी। वहीं विकास कुमार को मंच का कार्यलय प्रभारी मनोनीत किया गया। कोषाध्यक्ष गौतम पटेल को बनाया गया। व्यवस्थापक अखलेश पासवान को बनाया गया। इस दौरान अध्यक्ष सैयद नौशाद ने स्वच्छ पत्रकारिता पर विस्तृत जानकारी दी। कहा कि आज के परिवेश में पत्रकारिता चुनौती भरा कार्य है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, वेव, सोशल मीडिया के पत्रकार निष्पक्षता के साथ अपने समाचार का सम्प्रेषण करें। जिससे समाज में पत्रकारों की गरिमा बनी रहे। धन्यवाद ज्ञापन कमलेश कुमार विश्वकर्मा ने किया। संरक्षक शम्भू चौरसिया, संजय ओझा, जफर हुसैन, सतेंद्र चन्देल, देवेंद्र प्रसाद, धनजंय कुमार, अखलेश पासवान, गौतम पटेल, अनुज रवि, विकास कुमार, दीपक कुमार, यशवंत कुमार सिंह आदि पत्रकार मुख्य रूप से मौजूद थे।

# मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में कस्तूरबा विद्यालय का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**60 छात्राएं प्रथम श्रेणी से हुई उतीर्ण**

**हुसैनाबाद पलामू।** जैक की मैट्रिक-इंटर परीक्षा में हुसैनाबाद कस्तूरबा विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विदित हो कि इस विद्यालय में अनुमंडल के तीनों प्रखंडों के छात्रा पढ़ती हैं जिसमें इस बार शत प्रतिशत रहा है। जी बी हुसैनाबाद में मैट्रिक के कुल 65 परीक्षार्थियों में 60 ने प्रथम स्थान लाया है। वहीं 5 द्वितीय स्थान पर रहीं।

रंभा कुमारी 84.60%, डिंपल कुमारी 84.40% वही इंटर विज्ञान में सभी 72 छात्राएं प्रथम स्थान लाई हैं जिसमें श्रुति कुमारी 87.8%, स्नेहा कुमारी 85% अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हैदरनगर में मैट्रिक 32 में 31 प्रथम 1 द्वितीय तथा इंटर में 22 प्रथम व 1 द्वितीय स्थान पर रही। जबकि मोहम्मदगंज में 22 में 21 प्रथम 1 द्वितीय तथा इंटर के सभी 13 छात्रायें प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### मंडल कार्यसमिति की बैठक आज

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्यसमिति की बैठक 28 मई दिन रविवार समय 10 बजे स्थान कुड़वा मोड़ भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। श्री सिंह नेबबटाया की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पाटन छतरपुर विधानसभा के विधायक पुष्पा देवी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पलामू के पूर्व सांसद व भाजपा नेता मनोज कुमार एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पाटन मंडल प्रभारी उदय कुमार शुक्ला उपस्थित रहेंगे।

# मंदिर निर्माण कार्य में परशुराम भक्तों ने की सहयोग की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेड़मा मेदिनीनगर में राष्ट्रीय परशुराम भार्गव सेना द्वारा कराए जा रहे भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण में पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रूद्र शुक्ला द्वारा मंदिर परिसर को सुसज्जित करने हेतु संपूर्ण लाइट लगाने की घोषणा की गई वहीं डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश तिवारी ने तीन हजार स्क्वायर फीट में टाइल्स देने की घोषणा की। साथ ही पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक



अध्यापक धीरज मिश्रा द्वारा मंदिर परिसर में 21 सीलिंग फैन लगाने का घोषणा किया गया। परशुराम सेना भार्गव के झारखंड प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम भक्तों द्वारा प्रतिदिन स्वेच्छा से बढ़ चढ़कर मंदिर निर्माण में सहयोग करने की घोषणा करने के साथ ही मंदिर निर्माण में लगने वाले सामग्री का दान किया जा रहा है।

# युवा जागृति संघ के समर कैंप में बड़े उत्साह से भाग ले रहे हैं बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**नावा बाजार।** प्रखंड क्षेत्र के तुकबेरा का युवा जागृति संघ ने नयी पहल की शुरुआत की है। शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए संघ ने तुकबेरा मध्य विद्यालय परिसर में समय कैंप का आयोजन किया है। कैंप 20 मई से शुरू हुआ है जो 5 जून तक चलेगा। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में गतिविधियों पर आधारित विभिन्न प्रकार की शारीरिक, कलात्मक, रचनात्मक, सृजनात्मक, सांस्कृतिक एवं सार्वभौमिक तथा बौद्धिक कलाओं के विकास को लेकर अवगत



कराया जा रहा है। बच्चों को खेल-खेल एवं गतिविधियां आधारित क्रियाएं कराई जा रही है। बच्चे भी अपनी रूचि के अनुसार सीखकर आनंदित हो रहे हैं। संगीत कला के साथ वाद्य यंत्रों को सीख रहे बच्चे काफी उत्साहित हैं। समर कैंप में बच्चों को विकास कुमार मेहता द्वारा जूडो कराटे, संजीत कुमार एवं नताशा कुमारी आर्ट एंड ड्रॉइंग, रघुनंदन ठाकुर एवं उनकी टीम सिंगिंग एंड म्यूजिक सिखला रही है। श्रीकांत पांडेय द्वारा देव भाषा संस्कृत का ज्ञान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कैंप में सोशल एक्टिविटी एंड बिहैवियर चेंज के अंतर्गत बच्चों में नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक दायित्व को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

**खास बातें :** समर कैंप को सफल बनाने में युवा जागृति के संघ के सभी पदाधिकारीगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गांव के कई सम्मानित व्यक्तियों और उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुकबेरा के शिक्षकों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। बताया गया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के पढ़ने-लिखने की प्रक्रिया की निरंतरता को बनाये रखने के उद्देश्य से समर कैंप उनके अधिगम स्तर में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास हो रहा है। यहां खेल-खेल में बच्चे गतिविधियां सीख रहे हैं, जिसका फायदा उन्हें कक्षाओं में मिलेगी और वह पढ़ाई-लिखाई में और बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

# मुस्लिम समुदाय की नयी पहल से शादी विवाह में फिजूलखर्ची पर लगेगी रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** सतबरवा के मुस्लिम समुदाय ने शादी विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की सार्थक पहल की है। शनिवार को करमा के मदरसा में आयोजित मुस्लिम समुदाय की बैठक में प्रखंड क्षेत्र के मौलाना, मुफ्ती, सदर तथा सैकड़ों लोग शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अबुल हसन उर्फ जुम्मन मियां ने कहा कि शादी विवाह में डीजे, बम -पटाखा तथा नाच गाना पर होनेवाली फिजूलखर्ची नहीं की जायेगी। संचालन सदर गुलाम मोहिउदीन अंसारी ने करते हुए कहा कि यह एक सार्थक पहल है। इसमें अपने समुदाय के लोगों को दूसरे समुदाय के लोगों से सीख लेने की जरूरत है। मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही ने कहा कि शादी विवाह में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने से समाज का उत्थान होगा।



**खास बातें :** मौलाना कारी कुतुबुद्दीन ने कहा कि डीजे तथा बम पटाखा और नाच गाना समाज में कुरीतियां बढ़ोता है। मौलाना सरफराज रहबर ने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप है। इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। वहीं मौलाना सईद, मौलाना सगीर, मौलाना इफ्तेखार, मौलाना मोहिद्दूल कादरी, सदर रब्बानी मियां, मो जाहिद, मौलाना अफरोज, शौकत अली, मकसूद आलम, मोहम्मद नौशाद, डॉक्टर जहीदुल्लाह, फिदा हुसैन, शौकत अंसारी, मुमताज अंसारी, शाहनवाज खान, मज्जू मियां, रमजान अंसारी, अजमेर अंसारी, सिब्तेन रजा, शमशाद अंसारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया।इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक गांवों से मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

स्पीड न्यूज

## प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजनः कृष्णा

**धनबाद।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी घोषणा आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मारवाड़ी समाज ने, जानकारी देते हुए बताया कि राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को 4 जून को प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत सम्मानित किया जाएगा। जिसमें मुख्य वक्ता भाविन जे.साह उपस्थित रहेंगे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने समाज की कार्यों की सारी खूबियां गिनाई। मौके पर मौजूद ललित गोयनका, चेतन गोयनका, राजीव गोयनका, अशोक केडिया संजीव अग्रवाल, शेखर शर्मा, विनय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, आर.बी. गोयल आदि उपस्थित थे।

## टायर फटने से 407 वाहन पलटा

**कतरास।** शनिवार को नेशनल हाईवे 32 लिलोरी स्थान मंदिर मुख्य गेट के पास एक 407 वाहन का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। बताते चलें कि 407 वाहन संख्या बी आर1 जी 1509 कतरास बाजार से साप्ताहिक हाट करने वाले लोगों की सामान लेकर तोपंचाची जा रही थी। इसी दौरान गाड़ी का टायर फट गया। हालांकि वाहन तेज रफ्तार में नहीं थी नहीं तो कोई बड़ा दुर्घटना घट सकता था, क्योंकि वाहन के ऊपर दर्जनों दुकानदार सवार थे। सड़क दुर्घटना में वाहन चालक को एम हल्की फुल्की चोट लगी है। बाकी लोग सुरक्षित हैं।

## बीएसएल संचालित स्कूलों में 11वीं कक्षा में नामांकन शुरू

**बोकारो।** बोकारो स्टील द्वारा संचालित सीबीएसई से सम्बद्ध स्कूलों बीआईएसएसएस.2 सी तथा बीआईएसएसएस.8 बी में ग्यारहवीं में साइंसए कॉमर्स व आट्र्स विषयों में एडमिशन हेतु बीएसएल संचालित स्कूलों से उत्तीर्ण बच्चे अथवा किसी अन्य स्कूल से उत्तीर्ण बीएसएल कर्मचारियों के बच्चे अथवा डीपीएलआर द्वारा जारी वैध प्रमाण पत्र वाले विस्थापित नन बीएसएल वर्ग के बच्चे इन स्कूलों में एडमिशन के पात्र होंगे। इनके अलावा अन्य स्कूलोंध्बोर्डों से उच्च अंक के साथ साइंस स्ट्रीम में 85 प्रतिशत या अधिक कॉमर्स में 70 प्रतिशत या अधिक तथा आट्र्स में 50 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे भी एडमिशन के लिए आवेदन दे सकेंगे। बीएसएल स्कूलों के बच्चे एडमिशन फॉर्म उसी स्कूल में 29 मई से 10 जून 2023 तक एवं अन्य स्कूलों बोर्डों से पास हुए बच्चों के लिए एडमिशन फॉर्म 29 मई से 10 जून तक बीएसएल के शिक्षा विभाग कमरा नंबर.236 नगर सेवा भवनए बी-ब्लॉक बी एस सिटी से एडमिशन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

## अवैध कोयला लदा पिकअप वैन जब्त मामला दर्ज

**कतरास।** सोनारडीह ओपी पुलिस के द्वारा अवैध कोयला ले जाए जा रहे एक पिकअप भैन को पकड़ा गया है। पिकअप जनसंख्या जेएच 15 ए ए 4624 चटाई से अवैध कोयला लोड कर अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। सोनारडीह ओपी प्रभारी श्वेता कुमारी ने कानूनी कार्रवाई करते हुए केश संख्या 47/20 23 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। तथा गाड़ी के चालक अजय दास एवं उप चालक कुंदन दास श्यामडी निवासी तथा पितांबर महतो रंजीत महतो नेपाल साव उर्फ नेपुला पर ाामला दर्ज किया है।

# युवक की चाकू मारकर हत्या

**शिवलबाड़ी अली मोहल्ला में हुई घटना अस्पताल ले जाते समय हो गई मौत**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** निरसा अनुमंडल क्षेत्र के कुमारधुबी ओपी अंतर्गत शिवलबाड़ी अली मोहल्ला में चन्गलु नामक युवक ने राजू अंसारी नामक को चाकू से हमला कर दिया। स्थानीय लोगो ने आनन फानन में युवक को अस्पताल ले गया। घायल युवक ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। सूचना पर निरसा एसडीपीओ पीतांबर सिंह खेरवार साथ कई थाने के पुलिस मौके पर पहुंची और मामले के तफ्तीश में जुट गई। पुलिस ने मृतक राजू के परिवार वालों से पूछताछ किया। हालांकि घटना के बाद से आरोपी चन्गलु फरार है। क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। घटना के कारण बताया जा रहा है कि हत्यारा चन्गलु राजू अंसारी के घर में खिड़की से ताक झांक करता था जिसका विरोध राजू ने किया तो शनिवार को चंगलु ने चाकू से हमला कर दिया। बताते चले कि चंगलु पूर्व में कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका हैं। हाल ही में चंगलु आर्म्स एक्ट मामले में जेल से बाहर आया था। घटना के बाद से पूरा माहौल गमगीन हो गया है।

## कतरास में अतिक्रमणकारियों पर चला निगम का बुलडोजर



**कतरास।** शनिवार को धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा कतरास में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। वही मौके पर सिटी मैनेजर कतरास अंचल के शब्बीर आलम ने बताया कि हम लोगों ने पहले भी एलाउंसमेंट कर दिया था कि लोग अपने अपने दुकानों के आगे से अतिक्रमण को हटा ले। यह अभियान नगर आयुक्त के निर्देश पर चल रहा है और जब तक कतरास अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जाता तब तक यह अभियान चलता रहेगा। वहीं निगम के अधिकारी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि हल्की फुल्की बारिश होने पर पचगड़ी बाजार की सड़कें जलमग्न हो जाती है, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है।

## दीप नारायण सिंह सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** शनिवार को कतरास क्लब में कोयला इस्पात मजदूर पंचायत क्षेत्र संख्या- 4 का बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कोयला इस्पात मजदूर पंचायत के महामंत्री अर्जुन सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्र संख्या -4 का क्षेत्रिय अध्यक्ष दीप नारायण सिंह और क्षेत्रीय सचिव अवधेश सिंह को चुना गया। इस अवसर पर उपस्थित मजदूर प्रतिनिधियों को संबोधित दीप नारायण सिंह ने कहा कि कोयला इस्पात मजदूर पंचायत मजदूरों के लिए समर्पित श्रमिक संगठन है, जो 1948 से मजदूरों के बिच काम कर रही है।आज भी मजदूरों के बिच कोयला इस्पात मजदूर पंचायत सबसे लोकप्रिय है। संगठन ने मुझे जो जिम्मेवारी दी है उसे में पुरे निष्ठा के साथ संगठन को और मजबूत बनाने के लिए मजदूरों के बिच काम करूंगा।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

विजय यादव, विनय पासवान, गोपाल चंद्र गोप, राजीव त्रिवेदी, विजय कुमार शर्मा, अशोक कुमार दास, सपन दुबे, राजू सिंह, रामस्वरूप मिश्रा, सुरेश खाड़ी, नकुल सिंह, भोला चौहान, अमेरिका भुईयां, धीरेन प्रमाणिक, किशन पासवान, धनंजय महतो, तुलसी राजवंशी, मुकेश दास, बिनोद राम, अरुण कुमार दे, टिल्लू नारायण महतो, चंद्रिका तुरी, मोहम्मद शकील उद्दीन अंसारी, जय किशन चौहान, लाला रविदास, आदि उपस्थित हुए।

## सीसीएल के पूर्व कामगार के निधन पर शोक व्यक्त

**बेरमो/कथारा।** कथारा 4 नंबर कॉलोनी में रहने वाले कथारा कोलियरी के पूर्व कामगार दुखी नोनिया के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। प्रत्येक दिन की तरह सुबह टहलने के क्रम में अचानक गिर जाने की सूचना प्राप्त होने पर परिजनों और सहयोगियों के द्वारा कथारा अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में डॉक्टर ने मृत घोषित किया। डॉक्टरों ने हृदयाघात के कारण निधन होना बताया।

## बेरमो: आंधी-तूफान से गिर गये कई पेड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल में शुक्रवार को दोपहर आए तेज ;हवाद्ध आंधी. पानी ने जमकर तबाही मचाई। जगह जगह पेड़ और पेड़ की मोटी मोटी टहनियां गिरे जिसके जद में आकर लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। इसी क्रम में बेरमो कोयलांचल के सीसीएल बोकारो कोलियरी कार्यालयए गांधीनगर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा परिसर में पेड टूटकर बैंक कर्मी के कार पर गिरा। जिससे कार का बोनट क्षतिग्रस्त हुआ। शीशा टुट गया। परिसर में खडा झंडोत्तोलन के पोल सहित कई तार क्षतिग्रस्त हुए। बैंक के मुख्य गेट के सामने पेड गिरने से ग्राहकों तथा खुद बैंक कर्मियों को बैंक आने .जाने में परेशानी झेलनी पड़ी । लिंक फेल होने के कारण भी ग्रहकों को पैसे जमा करने तथा निकालने के लिए घंटो इंतजार करना पडा। बैंक कर्मचारियों ने इसे आपदा बताया। हालांकि बारिश के बाद मौसम काफी खुशगवार और सुहावना हो गया है।

## मृतक के परिजन से मिले जमसं नेता हर्ष सिंह, दिया सांत्वना

**अलकडीहा।** हर्ष सिंह ने जयरामपुर के मृतक परिवारों से मिलकर सांत्वना वयक्त किया ।जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) नेता हर्ष सिंह ने जयरामपुर कोलियरी दुर्गा मंदिर पहुंचकर स्वर्गीय राधिका देवी व स्वर्गीय हृदयानंद सिंह के शोक संतप्त परवारों से मिलकर दुख व्यक्त किया। तथा संतावना प्रदान किया ।बताते चलें कि राधिका देवी की मृत्यु 20म ई2023 को 82वर्ष की आयु में उनके निवास जयरामपुर में हो गई थी ।वे अपने पीछे पांच पुत्र तथा दो पुत्री को छोड़कर एक फलता फूलता परिवार रूपी बगीचा तैयार करके स्वर्ग गई है । उनके बड़े पुत्र सुधीर सिंह मुखाग्नि दिए हैं।

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

-: सूचना :-

सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत जबड़ा–चतरा–रांची पथ पुराना स्वास्थ्य उपकेन्द्र के सामने सिमरिया अंचल के मौजा जबड़ा, थाना सं0–105, खाता संख्या–01, प्लॉट सं0–704, रकवा–0.11 एकड़ (200 फीट तथा चौड़ाई 25 फीट) में दूकान निर्माण प्रस्तावित है।

उक्त भूमि से संबंधित दावाकर्ता अगर हो तो दिनांक 03.06.2023 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आपत्ति दर्ज करने के निमित आधार कार्ड/जमीन का दस्तावेज/अद्यतन रसीद की प्रति/भू–नक्शा लाना अनिवार्य होगा।

समयावधी समाप्त होने के बाद किसी भी तरह की आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी एवं कोई भी मामला न्यायालय में सुनवाई योग्य नहीं होगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, चतरा

PR 298454 (District)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।**
अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना
द्वि–लिफाफा पद्धति
अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–डब्लू0 आर0 डी0/एम0 डी0 मण्डल/03/2023–24
दिनांक–27/05/23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Restoration work of New Gates (Emergency and Service gate) embedded parts, Hoisting arrangement, platform & shade C/R gate of Chain no. 10, H/R gate of Chain no. 10 Trash rack of BUTANDUBA RESERVOIR SCHEME. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 57,31,756 (सनतावन लाख इक्कतीस हजार सात सौ छप्पन) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 10(दस) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | रू0 1,14,700.00 (एक लाख चौदह हजार सात सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | 06.06.2023 (05:00 बजे अपराहन् )। |
| 6 | आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 12.06.2023 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय | 13.06.2023 तक (05:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 8 | ई–निविदा (Technical Bid) खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.06.2023 (03:00 बजे अपराह्न)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–249232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकारी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
PR 298515 District(23-24)D यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।

## सिंदरी के नये थाना प्रभारी का स्वागत

**नये थाना प्रभारी के स्वागत के साथ पूर्व को दी गई विदाई**

**सिंदरी।** ऊँ श्री सांई संस्थान सिंदरी के सभागार में मंदिर संरक्षक सह पूर्व निरीक्षक रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में निवर्तमान सिंदरी थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद को बिदाई और नवनियुक्त थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नये थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि बदले हुए समय में पुलिस की कार्यप्रणाली भी बदल गई है। पुलिस पब्लिक फ्रेंडशिप अब काम का आधार बन गया है। उन्होने कहा कि आम लोगों के सहयोग से सिंदरी में कानून व्यवस्था कायम रखना उनकी प्राथमिकता होगी। निवर्तमान थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद का स्थानांतरण तोपचांची सर्किल निरीक्षक के पद पर किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस में जो आए हैं उनका जाना लाजमी है। परंतु कार्यकाल पूरा होने पर जाना मायने रखता है। मैं समय पूरा होने पर स्थानांतरित किया गया हूँ। सांई संस्थान के संरक्षक रविंद्र प्रसाद सिंह, राजू पांडेय, सुशील कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर दोनों पदाधिकारियों को सम्मानित किया। मौके पर रविंद्र प्रसाद सिंह, दामोदर दूबे, बी पी सिन्हा, पवन शर्मा, अविनाश सिंह, उत्तम दूबे, छोटू, सतीश सिंह, उमा शंकर सिंह, अरुण सिंह, सुशील सिंह, राजू पांडेय, अशोक सिंह आदि उपस्थित थे।

## बोकारो: सेल ने 2022-23 के वित्तीय नतीजे किए घोषित

**बोकारो।** सेल द्वारा 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही व वित्त वर्ष 2022.23 के घोषित नतीजे के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 स्टैंड अलोन के तहत क्रूड स्टील का उत्पादन 18.29 मिलियन टन विक्रय 16.20 मिलियन टन ऑपरेशन से 10400447 रुपए का कारोबार कर पूर्व 2637 रुपए का लाभ एवं कर पश्चात 1903 रुपए का लाभ तथा चौथी तिमाही में क्रूड स्टील का उत्पादन 4.95 मिलियन टनए विक्रय 4.68 मिलियन टनए ऑपरेशन से 29131 रुपए का कारोबार कर पूर्व 1480 रुपए का लाभ एवं कर पश्चात 1049 रुपए का लाभ रहा। कंपनी ने शेयरधारकों के साथ लाभ साझा करते हुए वित्त वर्ष 2022.23 हेतु अंतिम लाभांश के रूप में 50 पैसे प्रति शेयर की सिफारिश की है। पहले भुगतान किए जा चुके अंतरिम लाभांश को मिलाकर कुल 1.50 रुपया प्रति शेयर हो गया है।

## आंधी ने मचाई तबाही तीन घरों पर गिरा पेड़

**बेरमो/चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा प्रखंड के दुग्दा उत्तरी पंचायत के एस आईटी कॉलोनी के दो घरों एवं दुग्दा मिलन केंद्र के सामने एक घर में शुक्रवार को आई तेज आंधी तूफान ने मचाई तबाही जिसकी सूचना मिलते हैं। स्थानीय मुखिया चंदन सिंहए एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मंटू पाल घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लियाए जिसमें एस आईटी कॉलोनी के सदानंद ठाकुर एवं पप्पू रजक के घर पर एक भयंकर सूखा हुआ गूलर का पेड़ गिर जाने से दोनों के घर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जहां अल्वेस्टर सीट समेत घर के कई किमती सामग्रियों का भी नुकसान हुआ है। वहीं लता देवी के घर पर भी कटहल पेड़ की डाली गिर गई।

## पहला कदम स्कूल परिवार राष्ट्रपति से मिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शुक्रवार को पहला कदम स्कूल की प्रेसिडेंट रेनू दुदानी, सचिव अनीता अग्रवाल तथा पहला कदम परिवार ने राजभवन राँची में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से औपचारिक मुलाकात कर दिव्यांग जन के हितो एवं अधिकारों और तथा पहला कदम स्कूल की होने वाली गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आकर्षित कराया। महामहिम ने पहला कदम स्कूल के द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किये जाने वाले सेवा कार्यो की सराहना की। पहला कदम स्कूल एलएलसी मेम्बर भी है ।उन्होंने कहा दिव्यांग बच्चों जो कि आर्थिक रूप से कमजोर हो उन पर विशेष रुप से ध्यान दिया जाए एवं दिव्यांगजन का समाज मे सम्पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कराने पर बल दिया जाए। दिव्यांग पेंशन की वर्तमान राशि को बढाया जाय जिससे उनकी भी स्थिति में बदलाव हो कर उन्हें सहयोग प्राप्त हो ।सचिव अनिता अग्रवाल ने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनाने के सम्बंध में महामहिम को ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि यह सर्टिफिकेट धनबाद के साथ कई जिलों में न बन पाने से दिव्यांगजन को काफी मुसीबतों का सामना उठाना पड़ रहा है । पहला कदम परिवार से प्रेसिडेंट रेनू दुदानी, सचिव अनिता अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल,व कौशल अग्रवाल ने महामहिम से मुलाकात कर पहला कदम के 18 वर्ष के उम्र से ऊपर के बच्चों द्वारा बनी हस्तकला सामग्री भेंट की।

**AFFIDAVIT**

I, AMAR KUMAR SAHU, S/OLATE CHATAR SAW,Aged about 40 years, by faith -Hindu, resident of Nikat Azad Chowk,Kendua Bazar, P.O. Kusunda, Dist-Dhanbad, (Jharkhand), do hereby Solemnly affirm on oath and declare asfollows; 1.That, ARADHYA KUMARI SAHU is myMinor daughter, her actul date of Birth is 03.12.2006 as per her birth certificate Regd.No.2668.Date of issue 15.04.2014 2. That her name has been mentionedIn her Aadhar Card No.667840973769 as GARIMA KUMARI in place of ARADHYA KUMARI SAHU 3. That, ARADHYA KUMARI SAHU and GARIMA KUMARI, both names are one & same baby/ person i.e. my daughter 4. That, my passport size photo alongwith passport size photo of my said daughter are affixed herewith forProper identification. 5. That the statements made above are true to tha best of my knowledge and I have concealed nothing. 6. That I am swearing this affidavit to produce it before the authority concerned and for needful.
EMEMO NO 3160/24.05.23
ADVOCATE T.K.SARKAR
E.NO.2202/2000

**बी0आई0टी0 सिन्दरी**
पोस्ट-सिन्दरी इन्स्टीच्यूट, धनबाद, 828123, झारखंड
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार, रॉंची
ए0आई0सी0टी0ई, नई दिल्ली द्वारा मान्यता एवं जे0यू0टी0, रॉंची द्वारा संबंद्धता
ईमेल– academic@bitsindri.ac.in वेबसाइट– www.bitsindri.ac.in
(अधिविधि शाखा)

सत्र 2023–25 के लिए स्नातकोत्तर अभियंत्रणा (एम0टेक0 02 वर्ष) में नामांकन संबंधी सूचना

झारखण्ड सरकार के अधीन तकनीकी शिक्षण संस्थान बी0 आई0 टी0 सिन्दरी में स्नातकोत्तर अभियंत्रणा (एम0टेक0) के दो वर्षीय पूर्णकालीन पाठयक्रम में नामांकन हेतु आवेदन पत्र विभिन्न Specialization (Heat power Engineering, Machine Design, Production Technology & Mgt, Power Systems, Control System Engineering, Metallurgical and Materials Engineering, Material Engg. (Nano Technology), Instrumentation & Control (Applied Instrumentation), Structural Engineering, Soil Mechanics & Foundation Engg.) में आमंत्रित किये जा रहे हैं।

आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की तिथि : 01.06.2023 (जो संस्थान वेबसाइट https://www.bitsindri.ac.in पर उपलब्ध)

आवेदन पत्र का हॉड कॉपी एवं संबंधीत कागजात स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से जमा करने की अंतिम तिथि : 20.07.2023

ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक– https://forms.gle/dkoBHmyh2Vt1NcRMA

आवेदन शुल्क– i. General/BCI/BCII/EWS Rs. 1500/- ii. SC/ST Rs. 1000/-

झारखण्ड राज्य के अंचल अधिकारी/ अनुमण्डल पदाधिकारी/ उपायुक्त द्वारा निर्गत अपडेटेड ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ही झारखण्ड राज्य के आवेदक को आरक्षण (BC-I,BC-II,SC& ST) का लाभ दिया जायेगा। झारखंड सरकार के अंचल अधिकारी/ अनुमण्डल पदाधिकारी/ उपायुक्त द्वारा जारी अपडेटेड ऑनलाइन आय एवं संपत्ती प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही ईडब्ल्यूएस (EWS) के तहत आरक्षण का लाभ मिलेगा।

आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से भेजने हेतु,
पत्राचार पता:– संकायाध्यक्ष (अधिविधि), बी0आई0टी0 सिन्दरी, पोस्ट: सिन्दरी इन्स्टीच्यूट, धनबाद - 828123

आवेदन पत्र से संबंधित विशेष जानकारी हेतु संस्थान का वेबसाईट https://www.bitsindri.ac.in देखें।

ह0/–
संकायाध्यक्ष (अधिविधि)
बी0 आई0 टी0 सिन्दरी

PR 298518 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department (23-24)_D

## जिप सदस्य ने बस्ती में टैंकर से कराई जलापूर्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया के रंगुनी पंचायत अंतर्गत कोलडम्प पासवान बस्ती में जल समस्या को देखते हुए जिला परिषद क्षेत्र संख्या 16 के परिषद सदस्य मो.इसराफील उर्फ लाला ने जिला परिषद के आंतरिक निधि से टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति योजना की शुरूवात की। मौके पर मो. इसराफील उर्फ लाला ने कहा कि जल समस्या से लोगों को घरेलू कार्य व पीने योग्य पानी की व्यवस्था में समस्या हो रही थी। क्षेत्र में अन्य पंचायत में भी ऐसी ही जल समस्या की सूचना है। पंचायत स्तर पर जल समस्या के निदान को लेकर आंतरिक निधि से टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मेरे क्षेत्र में 9 पंचायत है जिसमे टैंकर के माध्यम से 4000 लीटर पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जिस पंचायत में जल समस्या होगी टैंकर से जलापूर्ति की जाएगी।

**जलस्तर गिरने से हो रही है परेशानी**

मौके पर रंगुनी पंचायत के पूर्व मुखिया ब्रह्मदेव यादव ने कहा कि रंगुनी पंचायत में कई क्षेत्र में जल समस्या है। गर्मी के समय कई चापानल से पानी नही आता है। जल स्तर गिरने से लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा था। जिला परिषद सदस्य मो.इसराफील उर्फ लाला को वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। जिसके बाद टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। गर्मी के कारण लोगों को हो रही पानी की समस्या का समाधान मिला है। स्थायी समाधान को लेकर भी प्रयास किया जा रहा है ताकि आने वाले समय मे रंगुनी पंचायत के लोगों को पानी की समस्या न हो।

## एसपी ने की अपराध समीक्षा गोष्ठी

**बोकारो।** जिले के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में सभी पुलिस उपाधीक्षकए अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारीए पुलिस निरीक्षकए थानों एवं ओपी के प्रभारी उपस्थित हुए। बैठक में एसपी ने सभी पुलिस उपाधीक्षकोंए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना व ओपी प्रभारियों को अपने.अपने क्षेत्रों में हर हाल में कोयलाए बालू और पत्थर के अवैध कारोबार पर रोक लगाने का सख्त निर्देश दिया।

# दुगार्पुर गांव में धूमधाम से हुई ग्राम देवता की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के दुगार्पुर गांव में ग्राम देवता की पूजा-अर्चना में दर्जनों मुर्गो एवं बकरों की बलि चढ़ायी गयी। पूजा में दुगार्पुर गांव ललमटिया हरलाडीह कारूजारा डुंडाडीह तिलयतरिया पारसाटांड़ चेडरिया कमारहीर एवं बूटीटांड़ समेत नौ टोलों के ग्रामीण शामिल हुए। परंपरानुसार गराम देवता की पूजा के बाद ही नये वर्ष में धान का बीजा खेतों में डालते हैं। बाबा बडराव-मारांग बुरू जेहरा थान मड़ई थान व राजा गोसाईं में पूजा की गई। इस दौरान कई लोगों ने मनोकामना पूर्ण होने पर भी बाबा बडराव पर मुर्गो या बकरों की बलि चढ़ाई। इस महतो शंकर हिंदीयार वंशी डुमरियार ने बताया गराम देवता दुगार्पुर गांव के हवा तूफान आंधी वज्रपात अल्पवृष्टि एवं ओलावृष्टि जैसे प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा करते हैं और धान की भरपूर उपजाऊ खेती के लिए उपयुक्त मानसून बनाते हैं।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर नाया बोधन मुर्मू के अलावा महतो प्रधान शंकर हिंदीयार वंशी डुंगरियार साहेब राम मुर्मू भांकुर मांझी देवकी महतो स्थानीय मुखिया अमरेश कुमार महतो सृष्टिधर महतो साधु महतो हजारी महतो भूषण महतो मिथलेश महतो नंदकिशोर महतो धनु करमाली सुखदेव महतो दीपक कुमार महतो दयाल महतो मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।**
अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना
अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–डब्लू0 आर0 डी0/एम0 डी0 मण्डल/02/2023–24
दिनांक–27/05/23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation work of Right H/R gate, Left H/R gate, Canal gate and Escape gate With Embedded parts, Hoisting arrangement and Platform of BATANE BARRAGE SCHEME. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 28,06,342.00 (अठाईस लाख छः हजार तीन सौ बेयालीस) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 08(आठ) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | रू0 56,200.00 (छप्पन हजार दो सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | 06.06.2023 (05:00 बजे अपराहन )। |
| 6 | आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 12.06.2023 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय | 13.06.2023 तक (05:00 बजे अपराहन तक)। |
| 8 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.06.2023 (03:00 बजे अपराह्न)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–249232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकारी के लिए http://jharkhandtenders.gov.inमें देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR.NO.298519 District(23-24):D

# बरही : बेंदगी में महायज्ञ को ले निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के बेन्दगी गांव में हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के लिए भव्य शोभा यात्रा सह कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में विधायक उमाशंकर अकेला के साथ टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, सुनील साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू, स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मवि के अध्यक्ष दिनेश साहू, पंसस कलावती देवी उपस्थित रहे। कलश यात्रा बेंदगी से प्रारम्भ कर बराकर नदी पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं द्वारा कलश में जल भर कर पुनः पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ कलश को स्थापित किया। जिसके साथ ही नौ दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ हो गया। इस बाबत विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि पूजा पाठ एवं यज्ञ भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के लिए आवश्यक है, इससे एक दूसरे में आपसी सहयोग एवं भाईचारे का भाव उत्पन्न होता है।साथ ही वातावरण शुद्ध होता है। मौके पर समाजसेवी रघुंदन यादव, बद्री साव, छोटन ठाकुर, दिनेश साव, दिनेश कुंत, उदय साव, समाजसेवी झमन यादव, वार्ड सदस्य मनोज कुमार साव, उमेश गिरी, उदय साहू, नारंगी साव, बबलू साहू, बिकास सिंह, मुकेश यादव, सुनील राणा सहित सैकड़ों भक्त व श्रद्धालु मौजूद थे।

## विधायक समेत सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता हुए शामिल



## टाटीझरिया में श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण से शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। शनिवार सुबह को गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा में 501 से अधिक महिलाएं माथे पर कलश लेकर शामिल हुईं।

श्रद्धालुओं के जयकारे व भजनों से माहौल भक्तिमय हो उठा। महायज्ञ के आचार्य मोहन मिश्रा के निर्देशन में पंडितों द्वारा पूजा का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके बाद महायज्ञ स्थल पर मौजूद कन्याओं और महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर यात्रा की शुरूआत की। कलश यात्रा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए यज्ञ समिति के द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर अरघवा नदी होलंग पहुंची। जहां पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरने का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। यहां से पुनः कलश यात्रा महायज्ञ स्थल की तरफ रवाना हुई। जहां कलश यात्रा में शामिल लोगों के लिए पेयजल तथा शरबत आदि की व्यवस्था की गई थी। महायज्ञ समिति से जुड़े सदस्यों ने बताया की पांच दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ की पूणार्हुति 31 मई को होगी। उसी दिन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का भी कार्यक्रम आयोजित होगा। कलश यात्रा के दौरान मुख्य पुजारी स्थानीय मुखिया सुरेश यादव, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, झुनझुन गुप्ता, युगल किशोर प्रसाद, टिंकू कुमार, मनोज साव के अलावा प्रमुख संतोष मंडल, रवि सिंह, कैलाशपति सिंह, सुरेंद्र प्रसाद यादव, रवि वर्णवाल, राजू यादव, राजेश कुमार यादव, रवींद्र यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, होपन सिंह, प्रकाश गुप्ता, मुकेश यादव, महेश अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय, रवि कुमार, डीएन सिंह, अभिषेक चौधरी, रजनीकांत चौधरी, सुशील चौधरी, रोहित ओझा, रामनाथ सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, संदीप चौधरी, पंकज मंडल, डोमन साव, कौलेश्वर मिश्रा, महेंद्र पंडा, भक्तिधर मिश्रा, अनिल प्रसाद, चंद्रदेव यादव, सुनिल साव, सुखदेव हजाम, सोनू पांडेय, रामबिलास शर्मा, छोटन साव, दीपक साव, भोला शर्मा, अजीत दास, बिनोद अगेरिया, सनोज अगेरिया समेत हजारों लोग शामिल रहे।

## बच्चियों और महिलाओं को मिला सेनेटरी पैड

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में शनिवार को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी ने की। कार्यक्रम में मुखिया सत्यवंती देवी ने महिलाओ एवं किशोरिओ को माहवारी के दौरान गंदे कपड़े का उपयोग न करने की सुझाव देते हुए सेनेटरी पैड का उपयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंने माहवारी के दिनों में रोजाना स्नान करने एवं अपने दिनचर्या को सामान्य रूप से रखने का सुझाव दिया। मुखिया ने महिलाओं को माहवारी के संदर्भ में अपनी बच्चियों को इसकी जानकारी साझा करने का भी सुझाव दी। साथ ही गंदे कपड़े के उपयोग से इंफेक्शन के कारण महिलाओं में होने वाली जानलेवा गुप्त बीमारिओ लिकोरिया, श्वेत प्रदर, बच्चेदानी का केंसर आदि से बचाव हेतु सेनेटरी पैड के उपयोग के महत्व को बताया। कार्यक्रम में उपस्थित दर्जनों किशोरियों एवं महिलाओं को मुखिया सत्यवंती द्वारा निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, सहिया रंजू सिंह, तिलोतमा तिवारी, सहायिका शकुंतला देवी, जेएसएलपीएस की पीआरपी सुनीता देवी, आतोषी मुखर्जी, सबिता कुमारी, कुसुम कुमारी, आलिया परवीन, सुमन, शाहजहां परवनी, सुलेखा, दिव्या, चांदनी, मुस्कान, नंदनी, आंचल, माया, आरती, सोनम परवीन, दीपिका, संजु देवी, कान्ति देवी, दयामुनी मुर्मू, नीतू देवी, गायत्री, ललिता देवी, सुनीला देवी, कलावती देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता, सरस्वती देवी, पार्वती देवी, पिंकी देवी, कौशल्या देवी, सानू देवी, किरण देवी, अकली देवी, देवंती देवी, रेखा देवी, अंजू देवी, साजिया परवीन, माजिदा खातून, अनामिका, बेबी देवी, प्रभा देवी सहित दर्जनों किशोरी महिलाओ ने भाग लिया।

## धूमधाम से मनाया गया मंडा पर्व

**रामगढ़।** कोदवे रोयांग में शुक्रवार रात में ग्रामीणों ने मंडा का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। भक्त श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम में लोटन सेवा किया। इसके बाद 111 सोक्ताइनों ने कलश में जल भरकर शिव मंदिर की परिक्रमा किया। इसके पहले 131भोक्ता और सोक्ताइनों ने भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना किया। फिर भोक्ता और सोक्ताइनों ने जलते अंगारों पर चलकर फूलकुंदी कर अपनी शिव भक्ति का परिचय दिया। पांच जोड़ा भोक्ताओं ने पीठ में कील गुंथ कर बनस झूला भी किया। इस अवसर पर प्रकाश महतो ओर सुनीता महतो की टीम ने छउ नृत्य प्रस्तुत किया। बतौर विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य सर्वेश सिंह, तिवारी महतो, राजकुमार महतो, दुष्यंत पटेल, उमेश करमाली, गुलचंद महतो, केतर महतो, चरकू, संतोष, बृजनंदन, रामनाथ उपस्थित थे।

## ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन ने दिव्या को किया सम्मानित

**रामगढ़।** गांधी मेमोरियल हाई स्कूल कि छात्रा दिव्या कुमारी ने साइंस में 95. 80 प्रतिशत अंक लाकर स्टेट टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। इस कड़ी में शनिवार को विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन की ओर से विकास नगर स्थित दिव्या के आवास में पहुंचकर दिव्या को सम्मानित किया। नेतृत्व विश्व ब्राह्मण संघ, विप्र फाउंडेशन झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा, युवा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, संरक्षक नवीन पाठक ने सयुंक्त रूप से किया। इन्होंने दिव्या को बुके, कप एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि दिव्या कुमारी ने रामगढ़ का नाम पुरे राज्य भर मे रोशन किया।

## राम दरबार प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री 1008 पगला बाबा सेवा आश्रम के तत्वावधान में शनिवार से तीन दिवसीय राम दरबार प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे व ढोल-नगाड़ों के बीच 108 कलशों से सजी यह यात्रा पगला आश्रम प्रांगण से शुरू होकर थाना, जयप्रकाश नगर, हॉस्पीटल कॉलोनी आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए छठ मंदिर स्थित नलकारी नदी तट पहुंची। यहां आचार्य अशोक पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशो में जल भरवाया गया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः पगला आश्रम पहुंचा। जहां कलशो की स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को 33 कोटी देवी-देवताओं का आह्वान, स्थान पूजन एवं अधिवास, नगर भ्रमण, सच्चाधिवास व तीसरे दिन सोमवार को प्राण-प्रतिष्ठा आवाहित, देवी-देवताओं का पूजन, हवण, पुर्णाहुति एवं भव्य भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा। आचार्य अशोक कुमार पाठक, सहयोगी पुरोहित बोकारों थर्मल के अरविंद पांडेय, जमुई बिहार के सौरभ पांडेय के देख-रेख में महायज्ञ चल रहा है। पूजा में बतौर यजमान मनोज कुमार सिंह व पत्नी सुमन देवी शामिल हुईं। कलश यात्रा में मुखिया अजय पासवान, शिव शंकर सिंह, योगेंद्र सिंह, कामेश्वर मेहता, सतीश ठाकुर, रामसकल सिंह, जितेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह, यदुनाथ प्रसाद सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल थे।

## ए ला एंग्लाइज में पांच दिवसीय समर कैंप संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**योगा, कराटे, संगीत, चित्रकला और हस्तकला में बच्चे हुए शामिल**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। समर केंप में कक्षा छठी से 12वीं तक के अधिकाधिक बच्चे शामिल होकर विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों जैसे योगा, कराटे, गीत-संगीत, नृत्य, चित्रकला और हस्तकला आदि से अवगत हुए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय के कला विभाग के संगीत शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने इस प्रकार के आयोजनों से होने वाले लाभो से भी बच्चों को अवगत कराया। वहीं विद्यालय के खेल प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास और कंचन कुमार सोनी ने बच्चों को योग से होने वाले फायदों की जानकारी देते हुए विभिन्न आसनों का योगाभ्यास कराया। इसमें दर्जनों बच्चों सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल होकर योग के लाभों के बारे में विस्तार से जाना। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के स्वाभाविक गुण को निखारना और शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को भारतीय परंपराओं और संसति से जोड़ना भी है। ताकि बच्चे अपने देश पर गर्व कर सके और राष्ट्र के प्रति ओजस्वी होकर समर्पण दे सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में नये ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही बच्चे खुद को तरोताजा महसूस करते हैं। प्राचार्य श्री कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए राज्य सरकार के आदेशानुसार ग्रीष्म अवकाश की घोषणा की। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार, अंजू पटेल, वर्षा टेटे, शीला देवी, ट्विंकल पल, सपना मींस, जयकिशोर महतो, धर्मेश कुमार सोनी, विश्वक सेन, सूरज देव सिंह, ब्रिजिट एक्का, गीता प्रसाद, मोहनलाल बेदिया, अनुराग मद्धेशिया, गौरव कुमार साहू, अजीत शर्मा, ष्ण कुमार अम्बष्टा, सुनील कुमार साहू, बबीता सिंह, सरिता देवी, ललिता देवी, कविता कुमारी, नीतू सिंह, रुचि सिंह, पूनम सिन्हा, सीमा मुंडा, सीमा हेंब्रम, शीला बेदिया, शबाना खातून, काजल बनर्जी, सोनी कुमारी, मिथिलेश बेदिया आदि मौजूद थें।

## स्पीड न्यूज

### रजरप्पा में 1500 सीएफटी बालू जब्त



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को अधिकारियों द्वारा चलाए गए औचक जांच अभियान के दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के समीप लगभग 1500 सीएफटी बालू का भंडार पाया गया। अधिकारियों द्वारा आसपास के लोगों से जानकारी लेने पर किसी के द्वारा भी उक्त बालू पर दावा नहीं किया गया। जिसके उपरांत अधिकारियों द्वारा लगभग 1500 सीएफटी बालू को जब्त करने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### महायज्ञ में परिक्रमा को उमड़े श्रद्धालु



**कुजू।** काली मंदिर दिगवार में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन यज्ञशाला मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं, बनारस से आए यज्ञाचार्य विकास पांडेय, उपाचार्य प्रवीण पांडेय, ओमकार पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमन वत्स, शशि तिवारी, शुभम शास्त्री, नीरज शास्त्री, सत्यजीत पांडेय, कृपाचार्य मिश्रा, दीपू शास्त्री द्वारा प्रधान यजमान बने रामकिशुन प्रसाद, समिति अध्यक्ष खेमलाल महतो, सचिव विनोद कुमार कुशवाहा, सांस्कृतिक मंत्री हरि नारायण कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुखदेव महतो, कैलाश प्रसाद, अर्जुन महतो, बालो महतो, नंदलाल महतो, जागो महतो, सुखदेव प्रसाद, शशि शशि प्रसाद सपत्नीक को वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, अरणी मंथन, अग्नि स्थापन, हवन, जलाधिवास, आरती, पुष्पांजलि आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया। जबकि रात्रि बेला में कथा वाचिका अंजनी गोस्वामी, मानस की स्वर कोकिला शिव कुमारी देवी जी द्वारा कथा वाचन किया गया।

### स्ट्रांग रूम का डीसी ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा चुनाव, 2022 से सम्बंधित समाहरणालय के ब्लॉक ए के निचले तल्ले के स्ट्रांग रूम में रखें ईवीएम का विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार द्वारा सुश्री मिश्रा को जानकारी दी गई कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में वैसे ईवीएम जिनके निर्माण के उपरांत 15 वर्ष की अवधि पूरी हो गई है उनका निस्तारण किया जाना है। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने ईवीएम (कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट) का निरीक्षण करने के उपरांत वैसे ईवीएम जिनके निर्माण के उपरांत 15 वर्ष पूरे हो चुके हैं उनके निस्तारण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, एसएमपीओ विक्रम सोनी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### विश्व हिन्दू परिषद संयोजक बने राजेश



**रामगढ़।** स्थानीय किला मंदिर के प्रांगण में शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद की बैठक खेदन प्रसाद पूर्व विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। सबने एक स्वर में विश्व हिंदू परिषद के वर्तमान, भूत तथा भविष्य की रणनीति पर बात की। संगठन के पुराने विश्व हिंदू परिषद के सभी पुराने कार्यकर्ताओं को इकट्ठा करके रामगढ़ जिला में समिति के पुनर्गठन करने पर विचार किया गया। जिसके लिए राजेश ठाकुर को संयोजक बनाया गया। हर महीने के अंतिम शनिवार को किला मंदिर में बैठक संपन्न करने पर विचार किया गया। बैठक में सुरेश उपाध्याय पूर्व जिला मंत्री, ठाकुर भूतनाथ सिंह पूर्व जिला संयुक्त मंत्री, जुगल किशोर पूर्व बजरंग दल नगर संयोजक, राजेश ठाकुर पूर्व मंत्री, बंटी अग्रवाल नगर संयोजक बजरंग दल, नवीन कुमार बजरंग दल सक्रिय सदस्य, रामजीत वर्मा उर्फ रंजीत पूर्व रामगढ़ प्रखंड संयोजक मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश पांडे बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक ने किया।

## एक नजर में

### नाबार्ड ने ली मछली पालन की जानकारी



**बरही।** प्रखण्ड के पंचमाधव पंचायत अंतर्गत माधोपुर में फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी के सौजन्य से मछली पालन को विजिट करने नाबार्ड के सीजीएम एस.के. जागीरदर, नाबार्ड के डीडीएम प्रेम प्रकाश एवं जनजागरण केंद्र के सचिव संजय कुमार सिंह का आगमन हुआ। इसके तहत बड़ी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के वीओडी मेंबर में सदस्य एवं जन जागरण केंद्र के समन्वयक चितरंजन महतो ने किसानों के द्वारा मछली पालन को लेकर प्रभावित हुए। सीजीएम ने प्रेम यादव से सारी जानकारी लेते हुए कहा कि नाबार्ड हर सम्भव बरही फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी को मदद करेंगे। उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मछली पालन के अलावा मुर्गी पालन भी कर सकते हैं और तदोपरांत नाबार्ड डीडीएम प्रेमप्रकाश ने कहा कि इस गांव को देखने वह परस्पर आते रहेंगे और उनसे जो भी सहयोग हो पायेगा, वह निश्चित तौर पर करेंगे। इस उपरांत फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के डायरेक्टर राजेन्द्र यादव ने कहा कि उन्हें मछली बेचने जाने हेतु गाड़ी की व्यवस्था हो जाये तो उन्हें काफी सहूलियत होगी। सीजीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर वह विचार करेंगे और जल्द व्यवस्था कराने का प्रयास करेंगे। मौके पर केंद्र समन्वयक चितरंजन महतो, भागीरथ यादव, समशेर अंसारी, प्रेम यादव, लतीफ अंसारी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### बेनी प्रसाद उच्च विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के अलपिटो पंचायत का पहला निजी विद्यालय बेनी प्रसाद उच्च विद्यालय , पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी मैट्रिक परीक्षा में अन्य विद्यालयों की तुलना उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है विशेष कर विद्यालय के छात्रों की तुलना में छात्राओं का दबदबा रहा है शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के कड़ी मेहनत से विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है. विद्यालय की कशिश कुमारी पिता परमेश्वर पंडित 445 अंक लाकर पंचायत में टॉप रही है।वहीं इसी विद्यालय के खुशबू कुमारी पिता केवल पंडित 431 अंक तथा दीप्ति कुमारी पिता दिनेश पंडित 430 अंक लाकर अपने पंचायत तथा स्कूल का नाम रोशन किया है. विद्यालय का रिजल्ट इस वर्ष 100 प्रतिशत रहा` विद्यालय में सभी ने प्रथम श्रेणी से पास किया। विद्यालय में 20 छात्र छात्राओं में 13 छात्र छात्राओं का अंक के आंकड़े 400 के पार तथा 7 छात्राओं के अंको के आंकड़े 300 पार है। इस विद्यालय में मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट लगातार 13 वर्षों से उत्कृष्ट रहा है। संचालक छोटन शर्मा के द्वारा विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था कराई जा रही है जिससे विद्यालय के बच्चों का प्रदर्शन हर क्षेत्र में बेहतरीन है।

### चरही में कंटेनर पलटने से चालक घायल

**चरही ।** चरही थाना क्षेत्र के घाटी यूपी मोड़ एनएच 33 पर शनिवार को एक कंटेनर को पलट जाने से चालक घायल हो गया।इसके चलते राष्ट्रीय उच्च पथ घंटो जाम रहा।काफी मशकत के बाद जाम को हटाया गया।जानकारी के अनुसार कंटेनर नंबर एनएल01ए जी/7132 परचून के सामानों को लाद कर हजारीबाग की ओर से रांची की ओर जा रहा था।चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास चालक का संतुलन बिगड़ जाने के कारण डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरे लेन में जाकर कंटेनर पलट गया।जिस क्रम में चालक घायल हो गया।चरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल भेज दिया गया।

### गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज में प्रशिक्षु हुए सम्मानित



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को साप्ताहिक जन जागरुकता अभियान का समापन हो गया। अंतिम दिन बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं के बीच स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य के पारस्परिक संबंध थीम पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई। इसमें मनीष कुमार दास विजेता रहे। दूसरे स्थान पर प्रशांत सागर हेम्ब्रोम और तीसरे स्थान पर प्रीति कुमारी रही। इस दौरान सात दिनों तक प्रशिक्षुओं ने अलग-अलग कार्यक्रम कालेज में शपथ ग्रहण, ग्रामीण क्षेत्रों में रैली व साक्षरता अभियान, झील कैंपस में मानव श्रृंखला आदि से लोगों को स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य विषय पर जागरूक किया। निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्राचार्य डा. अरविंद कुमार ने जीवन में स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य के पारस्परिक संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के लिए हमें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना होगा। वहीं स्वच्छ रहकर ही हम स्वस्थ रहने की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। साथ ही शिक्षा से ही स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति हम जारूक बनेंगे। इस तरह तीनों फैक्टर का आपस में अन्योन्याश्रय संबंध है। इस पूरे अभियान में सहायक प्राध्यापक महेश प्रसाद, डॉ पुष्पा कुमारी, अंजलि कुमारी, दशरथ कुमार, पुष्पा कुमारी, कश्यप कुणाल आदि का योगदान रहा।

### वित्त सचिव से मिला जेओटीईएफ का प्रतिनिधिमंडल

**हजारीबाग।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्प्लाइज फेडरेशन( जेओटीईएफ ) का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह के नेतृत्व में वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह से मिला। उन्होंने वित्त सचिव से राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के उपरांत इससे लाभान्वित होने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों को पुरानी पेंशन प्रदान करने की प्रक्रिया यथाशीघ्र जारी करने का आग्रह किया। वित्त सचिव को अवगत कराया कि विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी नहीं होने के कारण पुरानी पेंशन लागू होने से पूर्व तथा उसके उपरांत सेवानिवृत लगभग दो हजार कर्मचारी पेंशन प्रपत्र नहीं भर पा रहे हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों के पास जीविकोपार्जन का संकट उत्पन्न हो जाता है। अधिकांश कर्मी नई पेंशन योजना में जमा राशि की निकासी नहीं कर पा रहे हैं।संगठन के रांची जिला कोषाध्यक्ष तपेश्वर महतो ने बताया कि चूंकि पुरानी पेंशन प्राप्त करने के लिए कर्मियों को सरकार का अंशदान वापस करना है। ऐसे में कई कर्मचारी यह सोच रहे हैं कि निकासी कर लेने से पैसे खर्च हो जाएंगे अत: गाइडलाइन जारी होने के उपरांत ही निकासी करना ठीक होगा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रधान वित्त सचिव ने जल्द दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अमित राम ने दी।

# मेगा विधिक सशक्तिकरण में एक लाख से ज्यादा लाभुकों को मिला 8 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**







उद्घाटन करते पीडीजे व अन्य, चेक प्रदान करते अतिथि

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा एवं जिला प्रशासन के विभिन्न इकाइयों के संयुक्त प्रयत्न से शनिवार को लोहरदगा जिले के सभी सातों प्रखंडों में मेगा विधिक सशक्तिकरण - सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लोहरदगा के विभिन्न प्रखंडों में इस निमित्त न्यायिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। भंडरा प्रखंड में तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार, कुडू प्रखंड में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चंदन, सेन्हा प्रखंड में वरीय सिविल न्यायाधीश अर्चना कुमारी, कैरो प्रखंड में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह निबंधक राज कल्याण, एवं किसको प्रखंड में पूजा कुमारी लाल, प्रधान मजिस्ट्रेट जुविनाईल जस्टिस बोर्ड की प्रतिनियुक्ति की गई थी इसके साथ ही एलएडीसी अधिवक्ता मेडियेटर अधिवक्ता का भी सहयोग भी लिया गया था। जबकि मेगा विधिक सशक्तिकरण का मुख्य कार्यक्रम टाउन हॉल में आयोजित किया गया। टाउन हॉल में कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश - सह- अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष, जिले के आरक्षी अधीक्षक -सह- सदस्य डालसा आर रामकुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव श्री राजेश कुमार एवं पीएलवी दिलीप कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डालसा अध्यक्ष ने कहा की सरकार एवं न्यायपालिका का हमेशा से यह प्रयत्न रहा है कि कानूनों एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ देश के प्रत्येक नागरिकों को मिले। इसी उद्देश्य से लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार समय-समय पर विद्यालयों में, हाट बाजार में एवं गांव गांव जाकर ना सिर्फ उनके समस्याओं को सुनती है। अपितु उन्हें जागरूक करते हुए समस्या समाधान करने का प्रयास भी कराती है। वहीं डालसा सदस्य सह पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को सीधा लाभ मिलता है। लोग रोजगार उन्मुख होते हैं। जिससे समाज में कानून व्यवस्था अच्छी बनी रहती है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए मध्यस्थता से विवादों के निपटारे पर बल दिया। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने इस बात को रेखांकित किया कि पति-पत्नी के बीच के विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से एवं आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाना ज्यादा बेहतर होता है। डालसा सचिव राजेश कुमार ने दिनांक 29 मई से 14 जून तक आयोजित किए जा रहे मन का मिलन पखवाड़े के विषय में उपस्थित जनों को बताया और कहा कि मध्यस्थता के फायदे को आमजन तक पहुंचाना डालसा का एक प्रमुख उद्देश्य है। आज पूरे जिले में लाभुकों के बीच करोड़ों रूपए के परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मेगा विधिक सशक्तिकरण में पूरे जिले में 2000 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। प्रखंड परिसर लोहरदगा में दिनभर कार्यक्रम को लेकर चहल-पहल बनी रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## स्पीड न्यूज

### छत से गिरकर युवक घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के तुरीडीह पाकरटोली निवासी 30 वर्षीय इसहाक कुजूर अपने घर के छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सक की देखरेख में घायल का उपचार जारी है। घटना में युवक के सर पर गंभीर चोट लगी है और उसका दाहिना कान भी बुरी तरह से कट गया है। जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि खपड़ा का मकान है। जहां बरसात होने पर कमरे में पानी टपकता है। जिसको बनाने के लिए इसहाक छत पर चढ़कर बना ही रहा था तभी अचानक पैर फिसलने से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पेड़ से टकरायी स्कुटी, दो युवक घायल

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के झिकिरमा के समीप स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरायी। इस घटना में पालकोट थाना क्षेत्र के सारूबेडा पहानटोली निवासी 20 वर्षीय संदीप बाड़ा व 19 वर्षीय जयंत बड़ा घायल हो गये। घटना में संदीप के सर पर गंभीर चोट लगी है और उसका दाहिना जांघ की हड्डी टूट गया है। जबकि जयंत के सर पर चोट लगी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस बुलाकर दोनों युवकों को गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी देते हुए जयंत ने बताया कि घर में शादी समारोह है और वे दोनों स्कुटी में सवार होकर पालकोट डीजल खरीदने के लिए आए हुए थे।

### डुमरी प्रखंड प्रमुख की पुत्री का हुआ निधन, शोक की लहर

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का की पुत्री प्रिया एक्का का शनिवार को निधन हो गया। वह अपने घर में शनिवार को दोपहर में समय करीबन 2:30 के आसपास अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रही थी। प्रमुख की पुत्री की मृत्यु की सूचना पाकर प्रखंडवासी शोकाकुल हैं। निधन पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, जिप सदस्य मरियानुस तिग्गा, डॉ राजेश शर्मा, एएसआई रवि कुमार, डुमरी पंचायत समिति सदस्य बेला देवी, विवेक जायसवाल आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### मांडर विधायक ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओ से किया मुलाकात

**घाघरा।** महुआडांड़ से लौटने के क्रम में मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की ने शनिवार को घाघरा स्थित चाहत होटल के समीप कांग्रेसी कार्यक्रताओं से मुलाकात किया। इस क्रम में गर्म जोशी के साथ कांग्रेसियों ने माला पहनाकर विधायक का स्वागत किया। वहीं संगठन की मजबूती के लिए विचार विमर्श किये।

### निर्बाध जलापूर्ति के लिए उपायुक्त से नया मशीन खरीदने की मांग

**गुमला।** गुमला शहर में चरमरायी जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रमेश कुमार चीनी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नागफेनी स्थित जलापूर्ति केंद्र में नया मशीन लगाने की मांग की। रमेश कुमार ने कहा कि शहर के अधिकांश क्षेत्र ड्राई जोन में आता है। शहर के लोग सप्लाई पानी पर ही ज्यादेतर निर्भर हैं। गुमला में मशीन खराब होने पर लगातार पांच दिनों से जलापूर्ति बाधित हो गई थी। जिसको लेकर पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात किया गया था।

### वज्रपात से घायल लोगो से मिले कांग्रेसी

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सूखैर भगत और कांग्रेसी पदाधिकारियों द्वारा वज्र पात से घायल सदर अस्पताल में ईलाजरत लोगों से मुलाकात कर उनके स्वस्थ्य की जानकारी ली गई। साथ ही डॉक्टर से मिल कर उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ज्ञात हो कि 26 मई को जिले के पाखर ग्राम के जलेश्वर नगेशिया, गुमला नगेशिया एवं अरेया ग्राम के रोहित कुमार वज्रपात से घायल हो गए थे।

# अनाथ बच्चों की मदद के लिए सामाजिक विचार मंच आया आगे



बच्चों से मिलने पहुंचे मंच के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** गुमला जिले के घाघरा प्रखंड के चाँची गांव पहुंचकर सामाजिक विचार मंच, लोहरदगा के लोगों ने अनाथ बालक अभिनव तिवारी एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। ज्ञात हो कि इस बालक के पिता की मृत्यु सड़क दुर्घटना में 17 मई को हो गई थी और लगभग दो वर्ष पूर्व कोरोना काल के वक्त उनकी मां का भी निधन हो गया था। इस कारण यह बच्चा अनाथ हो गया हैं। इनके दादा बेनी तिवारी की उम्र भी 85 साल है और इनके दादी भगवती देवी की उम्र 75 वर्ष हैं।

जिसकी खबर पाकर सामाजिक विचार मंच के संयोजक मंडली के कवलजीत सिंह, विनोद सिंह, विक्रम कुमार, बरज सिंह, मनोज गुप्ता इनके गांव पहुंचे, गांव पहुंचकर 10100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की एवं बालक को आगे पढ़ाई के लिए हर मदद का भरोसा दिलाया।

### युवा विज्ञानी कार्यक्रम में गुमला की ताशा झा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

**गुमला।** 14 से 27 मई तक इसरो द्वारा युवा विज्ञानी कार्यक्रम युविका का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के कक्षा दशम की छात्रा ताशा झा का राष्ट्रीय स्तर के इस अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम के लिए चयन हुआ और उसने नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर हैदराबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लिया। यह पूर्णतः आवासीय कार्यक्रम था। जिसमें ज्ञान व्याख्यान, चर्चा, बातचीत, चुनौतियाँ, खेल, योग, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक और औद्योगिक यात्रा, मनोरंजन, व्यावहारिक गतिविधियाँ आयोजित की गई। उद्घाटन समारोह एवं समापन समारोह में ताशा द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव स्रोत एवं मैथिली लोक गीत की लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

# ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान



जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के अति सुदूरवर्ती व घोर नक्सल प्रभावित सांसद आदर्श ग्राम बीमरला में शनिवार को प्रखंड प्रशासन के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। इस दौरान बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने संबंधित विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उन सभी को गंभीरता से देखते हुए ग्रामीणों को लाभ पहुंचायें। जनता दरबार के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सरकारी सुविधा से जोड़े। इस दौरान वृद्धा पेंशन के 30 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान का लाभुकों के बीच पत्र वितरण किया गया।

### जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

# शिक्षा विभाग सर्वे कर योग्य लाभुकों की दे सूची: डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समीक्षा के क्रम में उपस्थित लोगों को निर्देश देते उपायुक्त

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण ट्रैकर एप, आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्युतीकरण, डायन प्रथा उन्मुलीकरण, जन्म प्रमाण पत्र, संस्थागत प्रसव, एमटीसी सेंटर से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपायुक्त ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के समीक्षा के क्रम में शिक्षा विभाग को सर्वे करते हुए योग्य लाभुकों की सूची जिला समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया एवं शत प्रतिशत बच्चियों को योजना का लाभ दिलाने की बात कही। डायन प्रथा उन्मुखीकरण के संबंध में उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में उक्त संबंधित जानकारी का दीवाल लेखन कराते हुए भावी पीढ़ी को जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने एमटीसी सेंटर में इलाजरत सैम मैम बच्चों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के परिवार जनों को साग सब्जी के अधिक से अधिक सेवन करने हेतु जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वर्तमान मौसम को देखते हुए सर्प दंश के सांभवी स्थिति पर गंभीरता दिखाने को कहा। उन्होंने सभी विद्यालयों में बच्चों को इसके प्रति जागरूक करने की बात कही। साथ ही सर्प दंश की दवाई से संबंधित जानकारी एवं उपचार केंद्रों के सूची का भी दीवाल लेखन कराते हुए लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही वज्रपात से बचाव की जानकारी से भी लोगों को खास कर विद्यालयों में बच्चों को जानकारी देने का निर्देश दिये। बाल संप्रेक्षण गृह की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वहां रहने वाले बच्चों के कौशल विकास से संबंधित हो रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

### घाघरा पुलिस ने कुंए से किया शव बरामद

**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में मकरा ग्राम निवासी नागेंद्र लोहरा का शव गांव के ही कुंआ से शनिवार को बरामद किया। मृतक नागेंद्र लोहरा की सास ने बताया कि नागेंद्र बढ़ाई मिस्त्री का काम करता था और वह आदर के पोखरा टोली में प्रत्येक दिन काम करने के लिए जाता था। शुक्रवार को भी वह नियमित काम से घर लौटा और खाना खाकर सो गया। जिसके बाद सुबह 4 बजे घर से बाल्टी रस्सी लेकर निकला। जिसके बाद से वह घर नहीं आया। घरवाले यह सोचकर निश्चिंत थे कि नागेंद्र काम में चला गया है। जिसके बाद घर से लगभग 300 मीटर दूर कुआं में आस-पड़ोस के लोग जब गए तो देखा कि बाल्टी चप्पल व मोबाइल कुआं के पास रखा हुआ है।

# नेहरू के व्यक्तित्व में व्यवहारिकता व आर्दशवादिता दोनों गुणों का समन्वय था: चैतु उरांव

### जिला कांग्रेस कमेटी ने पुण्यतिथि पर पंडित जवाहर लाल नेहरू को दिया श्रद्धांजलि



पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाते कांग्रेसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में स्थानीय परिसदन भवन गुमला में शनिवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेसियों ने मनाया। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू का सबसे महत्वपूर्ण कार्य भारतीय राजनीति और जनजीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना था। नेहरू के व्यक्तित्व में व्यवहारिकता और आदर्शवादिता दोनों गुणों का समन्वय था। जो कि एक दुर्लभ गुण है। नेहरू के विचारों में पश्चिमी सभ्यता व आधुनिकता का समावेश था। स्वाभाविक रूप से लोकतंत्र के समर्थक पंडित नेहरू संसद व कांग्रेस को साथ लेकर चलते रहे। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए संवैधानिक नियमों के अनुरूप दक्षतापूर्वक कार्य करने में उन्होंने कभी संकोच नहीं किया। राष्ट्रवाद के प्रति उनकी मानसिकता संकीर्ण नहीं थी। वे राष्ट्रीयता के गुणों को भली-भांति समझते थे। इसीलिए उन्होंने देश को एक संतुलित, संयमशील एवं आदर्श राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश प्रतिनिधि सह वरीय कांग्रेसी आशिक अंसारी ने कहा कि नेहरू का राजनीतिज्ञ के रूप में सबसे महत्वपूर्ण कार्य भारतीय राजनीतिक प्रणाली में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना और भारत में लोकतंत्र को खड़ा करना था। पूर्व नप अध्यक्ष सह वरीय कांग्रेसी दीपनरायण उरांव ने कहा कि सन 1952 में पंडित नेहरू के नेतृत्व में देश के पहले आम चुनाव में स्वस्थ लोकतंत्र की जो नींव रखी गई थी वह आज तक जारी है। नेहरू के लिए लोकतंत्र का तात्पर्य एक ऐसा उत्तरदायित्वपूर्ण तथा जवाबदेह राजनीतिक प्रणाली थी। जिसमें विचार-विमर्श और प्रक्रिया के माध्यम से शासन हो। इस अवसर पर सभी कांग्रेसी कार्यकताओं ने फूल चढ़ाकर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी। मौके पर महासचिव फिरोज आलम, खालिद साह, कैप्टन लोहरा उरांव, विष्णु राम, मो. कलाम आलम, श्रीनिवास प्रसाद, राजू रंजन महतो, गुलाम सरवर, तरुण गोप, एडवोकेट अरुण कुमार, इबरार अंसारी, प्रेमचंद लकड़ा, गाबरियल लकड़ा, चिरस लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने मनाई प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

**लोहरदगा।** राजेन्द्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि शनिवार को जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात कांग्रेसियों ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने ऐसे समय पर हिन्दुस्तान का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था। सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था। आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित कर सकते हैं। मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश डेलीगेट नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, मोहन दुबे, हाजी सदरूल अंसारी, कांग्रेस के फहद खान, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, कुणाल अभिषेक, महिला कार्यकारी अध्यक्ष अमृता उरांव, शुशील देवी, बबीता देवी, जमील अंसारी, सैफ अहमद, कैश आलम, पंसस राजमनी उरांव, परवेज सिद्दीकी, शंभु प्रजापति, चमन नगेशिया, तनवीर गौहर, दीपक ठाकुर, नंदकिशोर शुकला आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

## एक नजर में

### बारिश में ढहा गरीब का आशियाना, परिवार हुआ बेघर

**भंडरा।** बीती शाम बारिश की चपेट में आकर एक ग्रामीण का आशियाना ढह गया। अचानक ढहे मकान की चपेट में गृहस्वामी की 50 हजार से अधिक की सामग्री, खाने पीने की वस्तुएं बर्बाद हो गईं। बेघर हुए परिवार के लोग पड़ोसियों के घर का सहारा ले रहे हैं। प्रखंड के उदरंगी निवासी मकदुम अंसारी बीती शाम परिवार के साथ घर पर था। अचानक तेज हवा व बारिश की चपेट में उसका मकान लगे अलबेस्टर को तेज हवा उड़ा कर दूर ले गया। वह परिवार को लेकर किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल पाया। चार कमरों के मकान मे गृहस्थी, खाने पीने की वस्तुएं, कपड़े और कृषि उपकरण बारिश व दिवार के मलबे मे दब कर बर्बाद हो गया। घटना को देखकर पड़ोसियों ने पहुंचकर किसी तरह पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। मामले की जानकारी तत्काल राजस्व कर्मी को दी गई। बेघर हुए मकदुम अंसारी और उसका परिवार पड़ोसियों के घर में शरण लिए हुए हैं।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मिशन लाइफ के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा सभी पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को जानकारी देते हुए बताया कि मिशन लाइफ के तहत दैनिक जीवन मे ऊर्जा,पानी और बिजली का उपयोग,पर्यावरण सुरक्षा और वायो गैस के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने,ई कचरा कम करने,स्थायी खाद्य प्रणाली और कचरा प्रबंधन के बारे में बताते हुए स्वस्थ्य जीवन शैली के बारे में बताया गया। मौके पर मुखिया अनिल उराँव,शोभा देवी,धनवाज उराँव, बसन्ती देवी,पार्वती उराँव, बीपीओ निलेन्द्र कुमार,प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार,प्रखंड आपूर्ति पदादिकारी अमूल तिर्की, पंचायत सचिव भैया भगत, महिपाल उराँव के अलावे सभी रोजगार सेवक व प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत का विकास के लिये मुखिया व पंचायत सचिव करें प्रमुख योजनाओं का चयन

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना के अन्तर्गत मुखिया व पंचायत सचिव को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड पंचायती राज स्वशाति परिषद व प्रदान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक संजीव कुमार और रामस्वारथ महतो ने वितीय वर्ष 2023 - 24 के लिये सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना के माध्यम से जल,स्वच्छता,गरीबी मुक्त आजीविका,हरित ग्राम,बाल हितैषी,बुनियादी सुविधा,बिजली, सड़क सहित अन्य विकास योजनाओं का परीक्षण दिया गया। तथा सभी मुखिया और पंचायत सचिव को ग्राम पंचायत का विकास के लिये योजना चयन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुखिया शोभा देवी,अनिल उराँव, बसन्ती देवी,दिलीप उराँव, धनवाज उराँव,पार्वती उराँव, पंचायत सचिव भैया भगत,आनन्द सिंह,महिपाल उराँव सहित सभी लोग उपस्थित थे।

### जय श्री राम समिति की बैठक आज

**लोहरदगा।** नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय से ₹हिन्दू शब्द हटाने₹ को लेकर जय श्रीराम समिति की बैठक आज 28 मई दिन रविवार सुबह 8:30 बजे से ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में रखी गई है।इस आयोजित बैठक में जिला संरक्षक,जिला कमिटी,जिला महिला कमिटी एवं नगर कमिटी के अलावे सदस्यगण शामिल होंगे। जानकारी जिला महामंत्री अजय साहू ने दी।

### बाल विवाह अभिशाप है विषय पर निकाला गया जागरूता रैली

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के पोढ़ा गांव में शनिवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान और चिल्ड्रेन फाउंडेशन द्वारा बाल विवाह अभिशाप है विषय पर जन जागरुकता रैली निकाला गया। जागरूकता रैली में गांव के कई महिला व बच्चियां शामिल हुई और गांव के विभिन्न चौक चौराहा, टोला मुहल्ला में घूम कर लोगों को बाल विवाह अपराध है को लेकर जागरूक किया। इस क्रम में सदस्यों ने कहा कि बाल विवाह कानूनन जुर्म है। ऐसे कृत्य करने वाले अभिभावकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई भी होती है। क्योंकि बच्चे जब व्यस्क होते हैं तभी उनकी शादी किया जा सकता है।

### करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लुरु बामदा गांव निवासी फगुआ उरांव का 17 वर्षीय पुत्र सदन मुंडा की मौत शनिवार को बिजली करंट की चपेट में आने से हो गई। मृतक संत इग्नासियुस स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र है और हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था। 19 जुलाई को छुट्टी होने पर वह अपने घर लुरु बामदा गया था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक के घर की बिजली काफी दिनों से खराब था। शांति समिति की बैठक में ग्राम प्रधान उसके पिता फगुवा मुंडा ने मामला भी उठाया था। लेकिन बिजली नहीं बनाया गया। शनिवार की सुबह मृतक छात्र सदन मुंडा बिजली पोल पर चढ़कर प्लास से तार जोड़ रहा था। इसी क्रम में वह बिजली तार की चपेट में आ गया। उसका दाहिना हाथ बुरी तरह करंट लगने से झुलस गया और वह पोल से नीचे जमीन पर गिर गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

### चैनपुर में 21 सेंचुरी कौशल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**चैनपुर।** चाइल्डफंड इंटरनेशनल के द्वारा शनिवार को चैनपुर ब्लॉक के पंचायत भवन में 21 सेंचुरी कौशल विषय पर उड़ान फेलो के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 25 बच्चियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य था बच्चों को 21वीं सदी के कौशलों में तैयार करना। चाइल्डफंड के वरिष्ठ अधिकारी प्रोग्राम मिथुन नाथ, संसाधन व्यक्ति आर्यन गर्ग, बचपन बचाओ आंदोलन जिला समन्वयक नेहा तिवारी और अन्य लोग भी इस कार्यशाला में शामिल हुए।

### नगर परिषद गुमला ने शुरू किया अपनी तरह का अनूठा बुक बैंक

**गुमला।** गुमला नगर परिषद ने एक अनूठा पुस्तक बैंक आरंभ किया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इस पुस्तक बैंक का शुभारंभ गुमला जिले की इस वर्ष झारखंड बोर्ड इंटर की जिला टॉपर छात्रा पम्मी कुमारी ने फीता काटकर किया। उपायुक्त श्री सुशांत गौरव की मौजूदगी में हुए उदघाटन के उपरांत श्री गौरव ने कहा कि नगर परिषद की जल महल सराहनीय है। उन्होंने पुस्तक बैंक में रखी गई पुस्तकों के चयन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस बुक बैंक में सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। इसलिए शहर के मेधावी छात्र इसका भरपूर लाभ उठाएं। प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों की तात्कालिक मांग पर समय-समय पर अन्य पुस्तकों को भी मंगवाया जायेगा।

### जिले को टीबी मुक्त बनाने में सभी की सक्रिय भूमिका अपेक्षित : डीसी

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अपील पर गुमला नगर परिषद ने बीते जनवरी माह में शहर के सभी टीबी रोगियों को पोषण की दृष्टिकोण से अगले 6 माह के लिए गोद लिया गया था। जिन्हें पिछले 4 माह से सुखा राशन सहित विभिन्न पौष्टिक सामग्री को उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें प्रोटीन, तेल, घी, गुड आदि जरूरी अन्य विभिन्न खाद्य सामग्री शामिल है।

स्पीड न्यूज

## एचआईवी पॉजिटिव पाया गया 24 वर्षीय युवक

**गढ़वा।** जिले के मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का 24 वर्षीय युवक एचआईवी पॉजीटिव पाया गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार युवक तीन महीने से बीमार चल रहा था। इसके बाद उसे यक्ष्मा जांच कराने के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां जांच के दौरान एचआईवी पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद स्वास्थ्य प्रतिनिधि कंचन साहू ने आर्थिक सहयोग किया। युवक के बेहतर इलाज के लिए रांची भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

## महिला घायल

**मेराल।** थाना क्षेत्र के विकताम गांव निवासी स्व. मनान भुईया का पत्नी बिगनी कुंवर पीपल के पेड़ के डाली गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना के संबंध में बिगनी कुंवर ने बताया कि आंगन की नाली जाम हो गया था उसे खोल रही थी। इसी दौरान आंधी के साथ बारिश होने लगी। इसी क्रम में पीपल के डाल टूट कर मेरे ऊपर गिर गया।

## बस और कार की टक्कर में पति-पत्नी घायल

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के गंगापुर के पास ददुआ आहार के समीप शनिवार को साथी बस एवं स्वीट कार में जोरदार टक्कर हो गई।जिसमें स्वीट कार की परखच्चे उड़ गए। जिससे कार में सवार पति-पत्नी घायल हो गए। जिसको बेहतर इलाज के लिए गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के तत्परता से एंबुलेंस के सहारे चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां दोनों पति-पत्नी खतरे से बाहर बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है।

## एसपी ने लिया कोल परियोजना का जायजा

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने शनिवार को टंडवा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना के सुरक्षा का जायजा लिया। जीएम अमरेश कुमार से माइंस संचालन, सुरक्षा समेत कई जानकारियां ली। साथ ही कोल परियोजना क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने परियोजना क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधि व अवैध वसूली पर पूरी तरह रोक लगाने व परियोजना को सुरक्षा देने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में गश्ती बढाने समेत कई दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डीएसपी शंभू सिह और ईस्पेक्टर बिजय कुमार शामिल थे।

## जनता दरबार के माध्यम से सुनी समस्याएं

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा अबु इमरान के निदेर्शानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का ने पूर्व से निर्धारित जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। आमजनों ने एक-एक कर डीआरडीए निदेशक से मिल अपनी-अपनी समस्याएं सुनाया। समस्याओं में मुख्य रूप से आवास से संबंधित मामले, भूमि से संबंधित मामले, पेंशन एवं राशन कार्ड से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है।

## संयुक्त सचिव ने फीता काट व पूजा अर्चना कर मनरेगा पार्क का किया उद्घाटन

**कोडरमा।** संयुक्त सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड इम्प्लॉयमेंट, भारत सरकार कमल किशोर सोन ने जयनगर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जल शक्ति अभियान 2023 अभियान के तहत पिपचो पंचायत में अमृत सरोवर का निर्माण का निरीक्षण किया। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के तहत डंडाडीह पंचायत के पहाड़ी मंदिर के पास मनरेगा द्वारा जल संरक्षण के विभिन्न योजनाओं के निर्माण का निरीक्षण किया। वहीं बीडीओ अरुणा ने बताया कि इस स्थल को मनरेगा पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें दो एरिया आम बागवानी, लीनियर पौधरोपण, एलबीएस चार यूनिट, डोभा, टीसीबी, फार्म का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही संयुक्त सचिव द्वारा फीता काटकर व पूजा अर्चना कर मनरेगा पार्क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

### कोल परियोजना में लेवी मांगने व लिफ्टर पर गोली गोलीबारी मामला

# टीपीसी एरिया कमांडर समेत तीन उग्रवादी गिरफ्तार

### दो विदेशी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 18 राउंड जिंदा कारतूस बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा (टंडवा)।** उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमिटी (टीपीसी) के एरिया कमांडर दिलचंद गंझू उर्फ अभय जी उर्फ छोटन तुरी समेत तीन उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने दो विदेशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 18 जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, पांच मोबाइल, दो वाई-फाई, दो डायरी और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने यह कार्रवाई की है। अभय जी उर्फ छोटन के अलावा गिरफ्तार उग्रवादियों में राकेश कुमार सिंह और मो ताकिर आलम शामिल हैं। एसपी राकेश रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि बीते छह मई को जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह कोल परियोजना स्थित कांटा घर संख्या- 01 के समीप टीपीसी उग्रवादियों द्वारा लेवी की



वसूली करने और कोल व्यवसायियों में भय व्याप्त करने के उद्देश्य से मैथन पॉवर लिमिटेड के लिफ्टर बिनोद कुमार गिरि को गोली मार कर जख्मी कर दिया गया। इस मामले टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा अनुसंधान और टेक्निकल सेल की मदद से छापामारी की गयी। घटना में शामिल टीपीसी के एरिया कमांडर अभय जी उर्फ छोटन तुरी सहित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया।

### हर घर महाजनसंपर्क अभियान के तहत संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन 12 जून को

# कोडरमा विस में कार्यकर्ताओं का होगा सम्मेलन : डॉ.नीरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिला की एक बैठक विधायक डॉ. नीरा यादव के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी एवं संचालन जिला महामंत्री राजकुमार यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक डॉ. नीरा यादव एवं एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजय भारती उपस्थित हुए। वहीं जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल पूरे होने पर 1 महीने का महाजनसंपर्क अभियान के तहत





उनके विकास कार्यों को घर-घर पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस निमित्त जिला के पांचों मोर्चा के संयुक्त प्रयास से एक वृहद सम्मेलन किया जाएगा। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा कि 30 मई से 30 जून 2023 तक चलने वाले हर घर महाजनसंपर्क अभियान के तहत संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन 12 जून को कोडरमा विधानसभा में किया जाएगा। इसके साथ ही कोडरमा में विधानसभा में लाभार्थी सम्मेलन, प्रबुद्ध सम्मेलन तथा व्यापारियों का सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं रंजय भारती ने सभी मंच मोर्चा के अध्यक्षों को निर्देश दिया कि संयुक्त मोर्चा का महासम्मेलन 12 जून को कोडरमा विधानसभा में हजारों की संख्या के साथ करना है और हर मंडल में 1 जून तक बैठक कर लेनी है। बैठक में शिवेंद्र नारायण सिन्हा, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर जोशी, आकाश वर्मा, देवेंद्र कुमार, संजीव यादव, महेंद्र वर्मा, सूरज प्रताप मेहता, गोपाल कुमार गुतुल, सविता देवी, रंजीता गिरी, मुकेश राम, महेश वर्मा, गौरव सिंह, रविन्द्र यादव, जितेन्द्र भूषण सिन्हा, विरेन्द्र यादव, सुदीप्तो घोष आदि मौजूद थे।

## करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ढाब थाना क्षेत्र के पडरिया में शनिवार की सुबह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पडरिया निवासी 38 वर्षीय आनंदी कुमार पिता चंद्रिका महतो के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार आनंदी कुमार शनिवार की सुबह घर के बगल में दातुन तोड़ रहे थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गए, जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मूल रूप से बिहार के नवादा जिला अंतर्गत पिपरा का निवासी है।

# गोहाल पंचायत में सड़क की स्थिति बद से बदतर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गोहाल पंचायत में सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गया है। बता दें कि प्रखंड के गोहाल पंचायत में विगत कई वर्षों से सड़क का स्थिति इतनी ज्यादा खराब हो चुकी है कि लगातार



आने जाने वाले राहगीर गिर कर घायल हो जाते हैं। ज्ञात हो कि तीन बार पंचायत चुनाव होने के बावजूद भी इस गांव में आज भी सड़क की स्थिति काफी जर्जर स्थिति में है।

बीच सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण बरसात का पानी उस गड्ढे में जलजमाव रहने के कारण लोगों को पता नहीं चलता है और गिर कर घायल हो जाते हैं। वहीं प्रत्येक दिन प्रखंड के कई विद्यालयों के बसों का आवागमन इसी सड़क से होता है। लोगों ने बताया कि सड़क की स्थिति को लेकर कई बार प्रखंड प्रशासन, स्थानीय विधायक, सांसद एवं मंत्री को अवगत करवाया गया परंतु आज तक इस पर किसी का ध्यान नहीं गया।

# बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर विधायक ने की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले भर में आ रही विद्युत समस्या को लेकर कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। जिसमे विद्युत अधीक्षण अभियंता एवं केटीपीएस पावर प्लांट के मुख्य अभियंता शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से पत्रकार भी उपस्थित थे। वहीं विद्युत अधीक्षण अभियंता ने बताया कि कोडरमा को 35 मेगा वाट बिजली की जरूरत है लेकिन केवल 25 मेगावाट बिजली मिल पाता है, जिस वजह से बिजली आपूर्ति बाधित होती है।

## अज्ञात लोगों ने लगाया मोटरसाइकिल में आग

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पचगांवां में बीती रात एक घर के अंदर मुख्य दरवाजा के समीप रखे मोटरसाइकिल में अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया। इस संबध में विक्की पासवान पिता कपिलदेव पासवान ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि मेरा मोटरसाइकिल जेएच12एन/7338 जो मुख्य दरवाजा के समीप खड़ी थी, अचानक 11 बजे रात के आस-पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया गया, जिससे मोटरसाइकिल का पिछला भाग जल गया। ग्रामीणों के हो हल्ला करने पर जागा तो देखा कि मेरा दुपहिया वाहन में आग लगी है।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड स्टेट लाइवहुड प्रमोशनल सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल विकास के विभिन्न आयामों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद स्तिथ सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी,जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी सहित अन्य उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रवज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार जेएसएलपीएस के साथ विभिन्न योजनाओं द्वारा गरीबों के जीवन को उन्नत बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कई कल्याणकारी योजनाएं को धरातल पर लाया गया हैं जिसको योग्य लाभुकों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ऐसे किये गए कार्यों का नतीजा है कि आज दीदीयों के जीवन मे सशक्तता आयी है और हमें इसी दिशा में कल्याणकारी योजनाएं के अंतर्गत

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित



किये जाने वाले कार्यों का विस्तृतिकर्ण करना है और अंतिम योग्य लाभुक तक लाभ पहुंचाना है। आयोजित कार्यशाला में बताया गया कि डीडीयू-जीकेवाई का लक्ष्य गरीब ग्रामीण युवाओं को कौशल और रोजगार प्रदान करना है, जिनकी मासिक आय न्यूनतम से भी कम है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास ग्रामीण विकास मंत्रालय का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो गरीब ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रदान कर नौकरी के नए मार्ग उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षित अभ्यार्थियों और प्लेसमेंट के बीच का अंतर भरने के अतिरिक्त कार्यन्वयन करने वाली एजेंसियों से फीडबैक लेना था। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से उद्योग और प्रशिक्षुओं प्लेसमेंट संबंधी चुनौतियों और अन्य मांगों को जानने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जॉब रिसोर्स पर्सन और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर जेएसएलपीएस को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी, सभी जन प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, पीआईए सदस्य व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# किडनैप कर फिरौती वसूलने का प्लान फेल, पुलिस के हत्थे चढ़ा

### पुलिस ने घटना के कुछ घंटे के भीतर अपहृत को सकुशल किया बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नई नई शादी हुई थी सो घर का खर्च और पत्नी की शौक पूरी करने के लिए किडनैप कर फिरौती वसूलने की तरकीब निकाली थी, लेकिन घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस के हत्थे चढ़ गये। मामला गढ़वा जिला अंतर्गत श्री बंशीधर नगर के धुरकी थाना क्षेत्र का है। गत शुक्रवार की शाम में दो युवकों ने लोलकी घाटी में धुरकी हाट बाजार कर लौट रहे नगर ऊंटारी के गल्ला व्यवसायी ललित नारायण गुप्ता को किडनैप कर उनसे उनके घर पर फोन कराकर पांच लाख रुपये की मांग करायी। परिजनों से सूचना मिलने पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व में हरकत में आई पुलिस ने एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर कुछ ही घंटे में अपहृत को सकुशल बरामद कर घटना में शामिल दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने शनिवार को अपने कार्यालय में में पत्रकारों को यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि व्यवसायी ललित नारायण गुप्ता शुक्रवार की शाम में धुरकी बाजार कर लूना से वापस घर नगर ऊंटारी लौट रहे थे। इसी बीच लोलकी जंगल में अज्ञात लोगों ने उन्हें किडनैप कर लिया तथा उनके परिवार वालों से पांच लाख रुपये की फिरौती की मांग की। घटना की सूचना मिलने पर इसकी जानकारी एसपी साहब को दी गई। तत्पश्चात उनके द्वारा दिये गये निर्देशों के आलोक में एसडीपीओ के नेतृत्व में धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार के साथ व्यापारी की सकुशल रिहाई के लिए विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान घटना के कुछ घंटे के भीतर अपहृत व्यापारी ललित को सगमा से बरामद कर लिया गया। साथ ही अपहरण कर



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ

ले जा रहे निर्मल यादव नामक एक युवक को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गये युवक की निशानदेही पर व्यवसायी से लूटा गया लूना गाड़ी, वेटिंग मशीन को लोलकी जंगल से बरामद किया गया। इस घटना में शामिल फरार प्रदीप कुमार यादव नामक एक अन्य युवक को भी देर रात्रि पकड़ लिया गया। प्रदीप के पास से अपहरण में इस्तेमाल किये गये टीवीएस बाईक एवं अपहृत व्यवसायी से छीना गया पैसा 26 सौ रुपये, दो मोबाईल, व्यापारी की लूना गाड़ी का चाबी एवं एयरगन जैसा दिखने वाला हथियार बरामद किया गया। दोनों धुरकी थाना क्षेत्र के धोबनी के रहने वाले हैं। एसडीपीओ ने कहा कि पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने बताया कि पहले बाहर में रहकर कमाते थे। किंतु दोनों की नई-नई शादी हुई है। घर का खर्च नहीं चला पाते थे। घर का खर्च चलाने के लिए इस तरह के घटना को अंजाम दिया गया है।

**मार्च में एक व्यवसायी को किडनैप कर वसूली थी फिरौती :** एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों अपहरणकताओं ने बताया कि इसके पहले गत 31 मार्च को धुरकी थानांतर्गत दुसैया में पुल के पास एक गल्ला व्यवसायी को इसी तरह किडनैप कर फिरौती के रूप में पैसे वसूले थे। गिरफ्तार दोनों के खिलाफ धुरकी थाने में मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेसवार्ता में एसडीपीओ के साथ धुरकी के थाना प्रभारी सदानंद कुमार, पुअनि कृष्णा रजवार, सअनि शैलेन्द्र कुमार यादव मौजूद थे।

एक नजर में

## ताला तोड़ दो लाख व आभूषण ले उड़े अज्ञात चोर, प्राथमिकी दर्ज

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना के अंतर्गत सलगा गांव निवासी कृष्ण कुमार पांडेय पिता स्व. कौलेश्वर पांडेय के घर से ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात के साथ 20000 नगद चोरी कर फरार हो गए। कृष्ण कुमार पांडेय ने घटना को लेकर थाना मे आवेदन दिया है। पीड़ित ने बताया कि 24 मई को अपने घर में ताला लगा कर हजारीबाग पूरे परिवार बच्ची को परीक्षा दिलवाने के लिए गए थे। इस बीच घर में कोई नहीं था। 27 मई को सुबह फोन के द्वारा जानकारी मिला कि घर में ताला टूटा हुआ है। और घर का सामान बिखरा हुआ है। जब पीड़ित ने सुबह घर आया तो देखा कि उसके गोदरेज में रखे हुए जेवरात सोने का मंगलसूत्र सोने का कानबाली सोने का नथिया सोने का मांग टीका एवं गोदरेज रखा मे हुआ नगद रुपया नहीं है।एवं सारा सामान बिखरा हुआ है। चोरी की घटना तथा अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी को लेकर कृष्ण कुमार पांडेय ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के निर्देश पर पुलिस चोरी की घटना की जांच को लेकर सलगा गांव पहुंच कर मामले की तहकीकात कि जा रही है।

## अधिकारियों ने किया धुरकी के आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**गढ़वा।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत ने शुक्रवार को धुरकी प्रखंड के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सगमा उत्तर, कटहर खुर्द एवं सगमा पश्चिम आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केन्द्र सगमा में निरीक्षण के दौरान सेविका सावित्री देवी, सहायिका सीमा देवी आंगनबाड़ी केन्द्र पर 26 बच्चों के साथ उपस्थित पाई गई। निरीक्षण के क्रम में केन्द्र पर पोषाहार संचालित था। केंद्र में बच्चों का वजन एवं लंबाई लिया गया। बच्चों ने कविता भी सुनाया। सगमा पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र कटहर खुर्द में निरीक्षण के दौरान सेविका सुनिता देवी केन्द्र पर 16 बच्चों के साथ उपस्थित पाई गई। केन्द्र पर पोषाहार संचालित पाया गया। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र सगमा पश्चिम में निरीक्षण के दौरान सेविका सरोज देवी एवं सहायिका लालमुनी देवी केन्द्र पर नौ बच्चों के साथ उपस्थित पाई गई। इस दौरान बच्चे केन्द्र पर पोषाहार करते पाए गए। सेविका ने बताई कि कुछ बच्चे खिचड़ी खा कर घर चले गये हैं। मौके पर पदाधिकारियों ने सभी सेविका को प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित संचालन करने, केन्द्र पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं अपने-अपने केन्द्र के सभी वास्तविक लाभुको का विवरण पोषण ट्रैकर एप पर प्रविष्ट करने का निर्देश दिया।

## एसडीओ ने किया अंचल कार्यालय का निरीक्षण

**मझिआंव।** गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम ने मझिआंव अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार अंचल कार्यालय का कई वर्षों से निरीक्षण नहीं किया गया था। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने अंचल से संबंधित कागजातों की जांच की गई। जिसमें लंबित मोटेशन, लेखा जोखा रजिस्टर, आरटीआई रजिस्टर, रजिस्टर 2, लौक बुक, आगत एवं निर्गत सहित अन्य रजिस्टरों की अवलोकन की गई। साथ ही एसडीओ ने रेकड रुम का भी निरीक्षण किया। साथ ही सभी कागजातों को सही तरीके से रख रखाव करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कई कई कार्यों को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, जिला से बाड़ा बाबू वरुण पांडे, सहायक विरेन्द्र कुमार, नाजीर रजनी कान्त रजनीश के साथ अंचल कार्यालय के प्रभारी प्रधान सहायक संतोष कुमार दुबे, सहायक राहुल कुमार, नाजिर प्रेम शंकर पाठक सहित अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल के धक्के से अधेड़ घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के तलसबरिया गांव में नहर चौक पर शुक्रवार की रात्रि मोटरसाइकिल के धक्के से जहीर खान (42 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां पर प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जहीर खान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उनके पुत्र समसीर खान ने उन्हें रांची के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया है। परिजनों के अनुसार वे कोमा जैसी स्थिति में हैं और अभी तक उनकी बेहोशी खत्म नहीं हुई है। जहीर खान की पत्नी शहनाज वीवी ने मझिआंव थाना प्रभारी को आवेदन पत्र देकर मोटरसाइकिल सवार नाबालिग सैयद जफर ताज पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन पत्र में कहा गया है कि उसके पति रिश्तेदार के घर से खाना खाकर अपने आठ वर्षीय पुत्र के साथ घर लौट रहे थे। इसी बीच नहर चौक पर घुरुआ कब्रिस्तान में चल रहे जलसे में जा रहे नाबालिग जफर ताज ने उनके पति को पीछे से धक्का मार दिया, जिसके कारण उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## धड़ल्ले से नदियों से बालू का अवैध खनन कर रहे माफिया

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** विभागीय उदासीनता के कारण पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिंघानी के सीमाने में स्थित पंचबहिनी नदी व घुराही नदी (पाण्डेतर )से अवैध बालू उठाव के कारण नदियों का अस्तित्व खत्म होते जा रहा है। वहीं बालू माफियों के द्वारा लगतार शाम होते ही दोनों नदीयों से आवैध बालू का उठाव धड़ल्ले से चल रहा है जो सुबह तक चलते रहता है। कई बार खनन विभाग के द्वारा बालू माफिया पर कार्रवाई भी किया गया तथा कई ट्रैक्टरों को भी जब्त किया गया लेकिन बालू माफियों का तांडव जारी है। आवैध बालू उठाव होने से नदियों का स्तर नालों में तब्दील होते जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ अवैध बालू उठाव के कारण किसानों को सिंचाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुआं का जलस्तर काफी नीचे चला गया। किसानों के द्वारा मना करने पर बालू माफिया के द्वारा किसानों के ऊपर जानलेवा हमला भी किया गया है। अवैध बालू उठाव के कारण परमेश्वर दांगी, महावीर महतो, सुनील राणा, विजय दांगी आदि के खेत के पास से अवैध बालू के उठाव किया जा रहा है। जिससे किसान बालू माफिया से काफी परेशान हैं।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सभागार में जीपीडीपी फैसिलिटेटर के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को शुरू हुई। इसका शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा एवं उप प्रमुख प्रितम यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पंचायत के सर्व प्रथम प्राथमिकता कार्य,पर्याप्त जलयुक्त ग्राम एवं स्वाच्छ और हरित ग्राम होना आवश्यक है। उसके बाद पंचायत के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा आगामी वर्ष की योजना को ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करना है। पंचायत द्वारा चुने हुए एल एस डीजी गतिविधियों को चिन्हित करना एवं विभिन्न विभाग द्वारा कार्य योजना का निर्माण करना एवं पंचायत में कार्य योजना को तैयार करना है। पंचायत के द्वारा संबंधित विषय में 15 वें वित्त की अनलिमिटेड फंड के माध्यम से कम से कम 50% राशि का आवंटन किया जाना है। परंतु ऐसे नहीं होने की दिशा में ग्राम पंचायत को पुनः विचार हेतु सुझाव देना है। भारत सरकार द्वारा दिए गए फॉर्मेट की ग्राम पंचायत योजना को संकलन करना है। भीपीआरपी बालसभा एवं अन्य केंद्र द्वारा संचालित योजना को समेकन करना है।ऐसे अनेकों जानकारियां दी गई। मौके पर मुखिया जगदीश यादव ,निर्मला देवी ,मुखिया पति बसंत कुमार सिंह, दिनेश भारती, मुकेश साव, अनिल प्रजापति, अरुण कुमार, कमलेश कुमार वर्मा ,दिगंबर पांडेय, ऊषा प्रसाद, अंजुम प्रवीण, अभिनंदन कुमार, प्रतिमा देवी, नीलम देवी, पूर्णिमा देवी, रूपा देवी व अन्य लोग शामिल थे।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बानालात ग्राम में शनिवार को मोटरसाइकिल से गिर कर वीरेंद्र गंझू 14 वर्ष पिता मुन्ना गंझु ग्राम बानालात थाना बारियातू गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में वीरेंद्र गंझु को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि वीरेंद्र गंझु अपने किसी रिश्तेदार के साथ मोटरसाइकिल के पीछे बैठकर बारियातू से अपने घर बनालात जा रहा था। इसी बीच सड़क पर बने ब्रेकर में मोटरसाइकिल चालक द्वारा एक-एक ब्रेक लगाने के कारण पीछे बैठे वीरेंद्र गंझु गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

## अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है चंदवा का वाटर लाइफ लाईन जगराहा डैम

# जहरीला हुआ डैम का पानी, जीवों का अस्तित्व खतरे में

- दो वर्ष पूर्व लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से होना था डैम का सुंदरीकरण, चढ़ गया राजनीति की भेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** कई दशकों का इतिहास अपने अंदर समा कर रखने वाला जगराहा डैम को चंदवा का वाटर लाइफ लाइन माना जाता है। खास बात यह है कि जगराहा डैम में सालों भर पानी रहता हैं। लेकिन धीरे-धीरे अब डैम के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। जगराहा डैम वर्तमान समय मे प्रदूषण की मार झेल रहा है, विभिन्न अखबारों, सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के मांग के बाद वर्ष 2021 में तत्कलीन डीसी अबू इमरान के द्वारा डैम के जीर्णोद्वार की दिशा में पहल करराए हुए डैम के सुंदरीकरण को लेकर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत डैम के विकास, सुंदरीकरण एवं साफ सफाई को लेकर योजना स्वीकृत किया गया था एवं का कुछ काम भी शुरू हुआ था। लेकिन काम के सुरु होते ही काम मे गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगा व राजनीति शुरू हो गयी। जिसके बाद डैम के विकास को लेकर तैयार योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिसके बाद अब तक न ही डैम की दशा की ओर प्रशासन और न ही किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान गया। जिस कारण आज डैम की स्थित अति दयनीय है। अब स्थित यह हो गयी है डैम में केवल जहरीले जलीय पौधे (जलकिंबी) ही नजर आते है, जिस कारण डैम के जलीय जीवों का अस्तित्व समाप्ति के कगार पर पहुंच गई है। मत्स्य किसान बताते है कि एक समय डैम में मत्स्य पालन की अच्छी संभावना हुआ करती थी, कई किसान इसके भरोसे अपना जीवकोपार्जन चलाते थे। लेकिन अब डैम में मछलियो का विकास ही नही हो पाता है, जिस कारण नाम मात्र का ही मछली पालन हो पा रही है। लोगो ने जन प्रतिनिधियो पर भी उदासीन होने का आरोप लगाते हुए कहा कि विगत कई दशकों से समय-समय पर डैम को लेकर आंदोलन होता रहा है, लेकिन जन प्रतिनिधि इस पर विशेष ध्यान नही देते। जिस कारण डैम की स्थिति आज ऐसी हो गयी है। चंदवावासियों ने स्थानीय सांसद, विधायक व जिला प्रशासन से डैम के जीर्णोद्धार के प्रति अविलंब पहल करने की मांग की है।



जहरीले जलकुंबी से पटा डैम।

## महिला ने फांसी लगाकार की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



जांच करती पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के अलौदिया ग्राम पंचायत में शनिवार की दोपहर लगभग 2 बजे छोटेलाल उरांव की पत्नी मनीषा देवी (उम्र 27) ने अपने घर में भीतरी कमरा (कोठा घर) में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों व ग्रामीणों की माने तो महिला ने जिस समय फांसी लगायी उस समय मृतक का पति व बच्चे घर के बरामदे में सो रहे थे। घटना भनक लोगो को तब हुई जब मृतका का एक बेटा मां से खाना मांगने के लिए घर के अंदर गया तो उसे फांसी के फंदे में झूलता देखा, जिसके बाद उसने अपने पिता व आसपास के लोगो को इसकी जनाकारी दी व महिला को फंदे से उतारा गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी व महिला की मौत हो गयी थी। इधर स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना जनप्रतिनिधियों को दी, जिनके द्वारा इसकी सूचना पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार को दिया गया, जिसके बाद चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो पायेगा। इधर घटना की सूचना के बाद मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो व कांग्रेस नेता असगर खान घटना स्थल पहुंचकर परिजनों से मिलकर घटना की जनाकारी ली। मृतका अपने पीछे अर्जुन उरांव, रोशन उरांव व रोहन उरांव तीन छोटे छोटे बच्चों को पीछे छोड़ गई है। बताया जाता है कि मृतका का पति छोटेलाल उरांव पिस्का रांची में मजदूरी का काम करता है, शुक्रवार को ही वह रांची से घर लौटा था।

## स्पीड न्यूज

### कृषक गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



पर्यावरण जीवन पद्धति का शुभारंभ करते पदाधिकारी।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार परिसर में पर्यावरण पूरक जीवन पहती अभियान के तहत कृषक गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी एसएन महतो के द्वारा की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड के विभिन्न गांवों से उपस्थित बिरसा किसानों को पर्यावरण शपथ के बारे में बताया गया। वन्यप्राणीयों एवं पर्यावरण के संरक्षण से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दूंगा एवं उनके संक्षिप्त भी करूंगा। अन्य लोगों को भी वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करूंगा। एक भी वन्य प्राणियों का नुकसान नहीं पहुंचाऊंगा, एवं अन्य लोगों को भी नुकसान पहुंचाने से रोकने का हर सम्भव प्रयास करूंगा। अपने घर गांव, नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देंगे और प्लास्टिक के उपयोग में कमी करने का भी वचन देता हूं उपरोक्त शपथ के बारे मे जानकारी दिया गया। वही पशु सखी महिला सखी मंडल एसएसएल, पीएस, बीपीएमसीसी सहायक तकनीकी प्रबंधक समीम अंसारी, प्रखंड उप प्रमुख निशा सहदेव, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा लातेहार की गरिमाणीय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुई।

### अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई टैंकर



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित बकोरिया यात्री शेड के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन शनिवार को सुबह लगभग 8:00 बजे एक टैंकर वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे टैंकर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार टैंकर वाहन रांची की ओर से मोदीनगर की ओर जा रही थी इसी क्रम में बकोरिया यात्री शेड के समीप वाहन अचानक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई जिस वजह से चालक बहुत देर तक वाहन में हीं फंसा रहा। वहीं दुर्घटना की सूचना मिलते ही सतबरवा थाना के पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद चालक को वाहन से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान कुछ देर तक रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग जाम रही,जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लगी रही।

### योग शिविर का आयोजन

**बालूमाथ।** प्रखंड के झाबर पंचायत के हाथडीह ग्राम में शनिवार को पतंजलि योगपीठ के बैनर तले पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ पतंजलि योग विस्तारक झुलन भगत ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए झूलन भगत ने कहा कि योग करने से मनुष्य स्वास्थ रहते है। कई गंभीर बिमारी से लड़ने की शक्ति मिलती है। शिविर में पहुँचे लोगों को लाइट एक्सरसाइज, भस्त्रीका, कपालभांति, अनुलोम विलोम इत्यादि आसन प्राणायाम कराया गया। योग शिविर में युवा भारत जिला प्रभारी घनश्याम योगी, जगतनारायन यादव, अरूण यादव, कृष्णा पांडे, अवलेश यादव, रामलखन कुमार, रितेश कुमार, बिपीन यादव, प्रभु यादव, बिमल यादव, पवन यादव, पिकेस यादव, कुमार यादव, शिव यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

## कर्मचारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने में सहायक साबित होगी प्रतियोगिता: ओमप्रकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित ईसीआरकेयू के पदाधिकारी व अन्य।

**बरवाडीह।** डिविजनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन धनबाद के सौजन्य से बरवाडीह के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में स्पोर्ट्स मिट 2023 के तहत आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर जोन के सहायक महामंत्री कॉमरेड ओमप्रकाश, डालटनगंज शाखा के अध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव सुनील सिंह के साथ-साथ एडीएमई विकास शुक्ला और एसएस अनिल कु.दिवेद्वी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में पहले दिन बरवाडीह, गढ़वा, टोरी, लातेहार और डालटनगंज की टीमों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत देर शाम बॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद कॉमरेड ओमप्रकाश ने कहा कि रेल प्रशासन के द्वारा इस तरह के स्पोर्ट्स मीट का आयोजन कराया जाना काफी सराहनीय है। इसका उद्देश्य आपसी भाईचारा के साथ-साथ रेल कर्मचारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखना है। वहीं सचिव सुनील सिंह ने कहा कि रेल कर्मचारी दिन रात अपनी ड्यूटी बखूबी निभाते है। ऐसे में उनके पास खेल वगैरा के लिए समय नहीं मिल पाता है। इस तरह का आयोजन उन्हें खुद को चुस्त दुरुस्त रखने में सहयोग करेगा और शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। वहीं कार्यक्रम में वेलफेयर इंस्पेक्टर मनोरंजन कुमार, राकेश सिंह, यूनियन के संगठन सचिव सरोज सिंह, श्रीकांत बिमल, कार्यकारी अध्यक्ष, चंदन कुमार, युवा सचिव ऋषि राज, स्टेशन रेलवे क्लब के सचिव रंजित कु. राणा, आशुतोष कुमार, काजमी अनवर, देवनंदन आर्या, इनायत करीम, मनीष कुमार और संकेत कुमार सहित कई अधिकारी और सैकड़ो की संख्या में रेल कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### कृषि जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में 25 मई से 26 मई तक दो दिवसीय किसान गोष्ठी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस गोष्ठी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम में मिशन लाइफ पर्यावरण पूरक जीवन पद्धति अभियान विषय को जानकारी दी गई। किसानों को कृषि के बारे में आधुनिक उपकरण का उपयोग मिट्टी की गुणवत्ता की जांच कम जमीन में कम खर्च पर अधिक पैदावार आय में वृद्धि बीज का चयन मोटे अनाज की खेती ऊर्जा की कम खपत करने की जानकारी के साथ साथ गोवर्धन योजना के अंतर्गत फॉमर्टेड ऑर्गेनिक एवं लिक्विडेट फॉर्मेट ऑर्गेनिक ऑर्गेनिक कृषि जैविक कीटनाशक बनाने एवं उसके प्रयोग की विधि केंचुआ खाद हरा खाद मिट्टी की जांच समेत किसी से जुड़े अन्य तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा केसीसी ऋण एवं खरीफ फसल के बीजों पर सरकार द्वारा दी जा रही 50 प्रतिशत अनुदानित दर के बारे में जानकारी उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रागनी कुमारी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक कलस्टर कोऑर्डिनेटर कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

### किसानों के बीच चलाया जागरूकता अभियान



लोगों को जागरूक करते कृषि वैज्ञानिक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा खेती के मौसम को देखते हुए किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. ब्रह्मदेव कुमार यादव के देखरेख में ईचाक ग्राम में किसानों को पर्यावरण संबंधित मौसम में हो रहे बदलाव एवं खेती पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. ब्रह्मदेव ने कहा कि किसानों को खेती करने के लिए मौसम में हो रहे प्रवर्तन के लिए पूर्व जानकारी होना अतिआवश्यक है। आगामी खरीफ मौसम में धान का बिचड़ा गिराने के पूर्व पूवार्नुमान अतिआवश्यक है। मध्यम जमीन में मध्यम अवधि के धान ललाट, अविषेक, एमटीयू 1010 का चयन करना अति लाभदायक होगा। उन्होंने कहा की ऊपरी जमीन मे मक्का में खरपतवार नियंत्रण के लिए सीमा जिन एवं अत्राजीन नामक शाक नाशी का उपयोग किसान भाई कर सकते है। जल संचयन के लिए डोभा का निर्माण धान की खेती के अति आवश्यक एवं लाभदायक है। कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि किसान भाई हल्दी, अदरक एवं ओल की रोपाई यथाशीघ्र कर दे। वहीं उपस्थित किसानों को मौसम के अनुसार खेती करने की कई जानकारियां विस्तार पूर्वक दिया। इस कार्यक्रम में मनोज ठाकुर, कर्म देव उरांव, उमेश उरांव, बसंती देवी, गीता देवी समेत कई किसान मौजूद थे।

### आज से शुरू होगा हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम



मंदिर परिसर।

**चंदवा।** शहर के मध्य स्थित स्व. शिवव्रत दुबे के दुबे जी के गोला परिसर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज से शुरू होगा। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 28 मई से 1 जून तक किया जाना है। जिसमे 28 मई रविवार को पूर्वाहन 6:00 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। वैदिक मंत्रोचार के बीच देवनद नदी तट से श्रद्धालु जल भरकर मंदिर पहुंचेंगे जहां विधिवत पूजन के बाद कलश स्थापना किया जाएगा। 29 मई सोमवार को अग्नि स्थापना, पंचांग पूजन के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। 30 मई को प्रतिमा का अधिवास, 31 मई को मूर्ति का नगर भ्रमण संध्या 4:00 बजे कराया जाएगा,1 जून को मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा तथा दोपहर बाद भंडारा का आयोजन होगा। इस समस्त कार्यक्रम को संचालित करने के लिए वाराणसी से विद्वान ब्राह्मणों को बुलाया गया है। जिसके आचार्य पंडित अभिषेक द्विवेदी होंगे, इन के सानिध्य में पंडित राम निवास रिछारिया, नीलमणि तिवारी, सतीश त्रिपाठी, किशन भार्गव, आशीष पटारिया सरीखे विद्वान इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न कराएंगे।

# सीएचसी प्रभारी ने खुद केंद्र आकर कराया टीकाकरण

- नहीं हुआ टीकाकरण, शिशु व गभर्वती महिला परेशान शीर्ष नामक प्रमुखता से छपी थी खबर



टीकाकरण करवाते सीएचसी प्रभारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

खबर मन्त्र असर

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के गोनिया उपस्वास्थ्य केंद्र के एएनएम की लापरवाही के कारण राजगुरु मे टिकाकरण नहीं किए जाने से शिशु व गभर्वती महिलाएं परेशान होने को लेकर 26 मई को खबर प्रमुखता से खबर मन्त्र प्रकाशित किया था। खबर छपते ही सीएचसी प्रभारी सुरेश राम सम्बंधित टीम के साथ उप स्वास्थ्य केंद्र गोनिया के पोषक क्षेत्र राजगुरु, रुचवा, गड़गोमा व जबरा पहुंचकर खुद टिकाकरण करवाया। वहीं कई दिशा-निर्देश भी दिया। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, पंकज पाण्डेय, बीटीटी हिरामन पाण्डेय सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। ज्ञात हो की 0- से 5 बर्ष के बच्चे व गभर्वती महिलाओ को सुरक्षा तथा बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक माह टीकाकरण किया जाता है। नियमित टिकाकरण और अन्य जांच के लिए सरकार लाखो खर्च कर उप स्वास्थ्य केंद्र मे दवा सहित जाँच के लिए अन्य सामग्री उपलब्ध करायी है। वहीं आम जनो को सेवा देने के लिए दो एएनएम रीता देवी व प्रेमलता कुमारी पदास्थापित हैं। लेकिन मनमानी के कारण टीकाकरण नहीं की थी। उक्त समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए गोनिया केंद्र के पोषक क्षेत्र के चार टीकाकरण केंद्र मे टीकाकरण करवाया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक माह टीकाकरण के लिए व्यवस्था कराने की बात कही।

### जीपीडीपी के माध्यम से योजना चयन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शनिवार से पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के माध्यम से योजना चयन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। बतौर मुख्य अतिथि बीईईओ राम प्रसाद यादव, बीपीओ रतन शाहदेव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद प्रशिक्षक उत्तम कुमार, पंचायती राज प्रखण्ड समन्वयक सह मास्टर ट्रेनर रितेश कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों को जीपीडीपी से सम्बंधित जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में वीपीआरपी, बाल सभा, महिला सभा, एवं केंद्र द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं के स्वीकृति को लेकर उक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमे योजनाओं का चयन ग्राम पंचायत के विकास को लेकर निर्धारित 9 बिंदु गरीबो मुक्त एवं आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैसी गांव, प्रयाप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैसी गांव एवं सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण के सम्बंधित जानकारी दी गई।मौके पर सांख्यिकी पर्यवेक्षक शिशिर बारला, प्रभारी प्रधान सहायक रामजीत प्रसाद, मुखिया संगीता लकड़ा, फुलजेन्सिया टोप्पो, सुनीता खलखो, सुष्मिता कुमारी समेत कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# जेएसएलपीएस के द्वारा दीन दयाल ग्रामीण कौशल्य योजना पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

- नगर भवन में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना पर कार्यशाला का किया गया आयोजन
- जिप अध्यक्ष, जिप उपाध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यशाला का शुभारंभ करते पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**लातेहार।** जेएसएलपीएस के द्वारा नगर भवन लातेहार में दीन दयाल ग्रामीण कौशल्य योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि दीन दयाल ग्रामीण कौशल्य विकास योजना के माध्यम से ग्रामीण युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा इस योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है साथ ही प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था के द्वारा प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने के लिए भी सहयोग किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि अपने आसपड़ोस के व्यक्तियों को इस कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के बारे जानकारी दें। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा स्किल के अभाव में कई युवक युवती रोजगार नहीं प्राप्त कर पाते हैं। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर लातेहार जिले के युवक- युवती रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। जिसके पश्चात वे राज्य या राज्य के बाहर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना बेरोजगारी दूर करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने युवाओं से इस योजना के तहत निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील किया। आगे उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर युवक युवती किसी कंपनी में रोजगार करने के अलावा स्वरोजगार भी कर सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के बारे बताते हुये कहा इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग को स्वरोजगार के लिए 25 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है। कार्यशाला में डीपीएम जेएसएलपी संतोष कुमार एवं प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव अमित कुमार ने दीनदयाल उपाध्याय कौशल्य योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में दिये जाने वाले कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने में सहयोग किया जाता है। कार्यशाला में जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लांग, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### लुकईया डकैती कांड: ग्रामीणों में रोष और इलाके में दहशत: प्रतुल



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस बात पर गहरा रोष व्यक्त किया की लुकुईया में शमीम अंसारी के घर हुए भीषण डकैती कांड के 6 दिन बीत जाने के बाद भी इस घटना का उदभेदन पुलिस नहीं कर पायी है। प्रतुल ने कहा कि इलाके के ग्रामीणों में इस बात को लेकर बहुत रोष है। डकैती के बाद से इलाके में दहशत का माहौल भी कायम है। प्रतुल ने कहा की दिनदहाड़े हुए इस भीषण डकैती कांड ने लोगों में प्रशासन के प्रति अविश्वास का माहौल पैदा कर दिया है। प्रतुल ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण उनसे निरंतर संपर्क में हैं । अगर इस घटना का शीघ्र उद्भेदन होकर क्षेत्र में विश्वास का माहौल कायम नहीं हुआ तो शीघ्र ग्रामीणों की बड़ी बैठक बुलाकर प्रजातांत्रिक तरीके से आंदोलन की शुरूआत होगी।

### पंडित जवाहरलाल नेहरू की मनाई 59वां पुण्यतिथि





पुण्यतिथि मनाते कांग्रेसी।

**बारियातू।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मे राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व मे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 59 वां पुण्यतिथि मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार सहित कई कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं कांग्रेसियों ने बारी बारी से श्रद्धासुमन अर्पित किया। राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह प्रखंड अध्यक्ष कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे। बल्कि आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने ऐसे समय पर भारत का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था। समाजिक ताना बाना बिखर चुका था। आजदी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप मे उन्होंने ने देश को एकजुटता मे बांधते हुए विकास का गंगा बहाना प्रारम्भ किया। आज हम सभी को उन्के पद चिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। मौके पर युवानेता लाल आशीष नाथ शहादेव, मो. मुमताज, मो. नेहाल, मो. पप्पू, सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

# 'मौसम बिहार' ऐप लांच, ऐसा करने वाला पहला राज्य बना बिहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में मौसम का मिजाज समझना अब आसान हो गया है, खासकर मानसून के समय में। दरअसल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बिहार मौसम सेवा केंद्र का शुभारंभ किया जिसने एक मोबाइल ऐप मौसम बिहार को विकसित किया है। इस ऐप में कई ऐसी खूबियां हैं जो आपके लिए बेहद मददगार हो सकती हैं। इसका लोकार्पण नीतीश कुमार ने किया है। ये ऐप मौसम की सटीक जानकारी के लिये विकसित किया गया है और ऐसा करने वाला बिहार भारत का पहला राज्य है। इस ऐप की खासियत हम आपको बताते हैं। इससे मौसम का पूवार्नुमान अब आपके हाथों में होगा। बिहार के सभी किसान एवं आम जन मौसम बिहार मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने ग्राम पंचायत का मौसम पूवार्नुमान प्राप्त कर




सकते हैं। बिहार मौसम सेवा केंद्र 24 घंटे कार्यरत रहेगा और लोग दूरभाष एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से मौसम संबंधी सूचना प्राप्त कर सकेंगे। बिहार मौसम सेवा केंद्र के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं के पूवार्नुमान की सूचना प्रसारित कर लोगों को सतर्क किया जाएगा, जिससे कम-से-कम क्षति होगी। इस ऐप के जरिए मौसम पूवार्नुमान की सटीक जानकारी होने से राज्य में किसानों को खेती में सुविधा होगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के बिहार में 19 स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित हैं। इससे मौसम पूवार्नुमान की सही जानकारी नहीं मिल पाती थी। बिहार मौसम सेवा केंद्र द्वारा 487 सेवा केंद्र स्थापित किये गये हैं जिससे मौसम के संबंध में सटीक जानकारी मिल पायेगी। बिहार मौसम सेवा केंद्र 24 घंटे कार्यरत रहेगा और लोग दूरभाष एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से मौसम संबंधी सूचना प्राप्त कर सकेंगे।

## स्वावलंबी ग्राम अरकोसा पुनर्वास का संयुक्त सचिव ने किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तरी पंचायत मरकच्चो के स्वावलंबी ग्राम अरकोसा पुनर्वास का निरीक्षण संयुक्त सचिव श्रम नियोजन मंत्रालय भारत सरकार कमल किशोर सोन व तकनीकी अधिकारी जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार सोनम के द्वारा शनिवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साथ में उपायुक्त आदित्य रंजन, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, जयपाल सोय, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, रेंजर रविंद्र कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, बीडीओ पप्पु रजक, सीओ रामसुमन प्रसाद, थाना प्रभारी लव कुमार राकेश रंजन, रंजीत कुमार सिंह मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। इसके बाद सवावलम्बी ग्राम अरकोसा में जल संरक्षण हेतु डोभा, टीसीबी, पौधरोपण, तालाब का निरीक्षण किया गया। इसके बाद बागवानी हेतु किये जा रहे कार्य का स्थल निरीक्षण किया। पुनः स्वावलंबी ग्राम अरकोसा पहुंचे, जंहा के दादा दीदीयों व बच्चों के द्वारा खुद का बनाया गया पुष्पगुच्छ एवं माला देकर सभी आए अधिकारियों का स्वागत किया गया। इसके बाद ग्रामीणों के साथ बैठकर विस्तार से स्वालंबन से संबंधित चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान मुखिया रंजीत कुमार सिंह, संजय कुमार, पूजा देवी, माहेश्वरी कुशवाहा, दामोदर कुशवाहा, बेबी देवी आदि ने स्वावलंबी के बारे में विस्तार से अपने गांव में किए गए कार्यों एवं आजीविका के बारे में बताया। वहीं धनपाल सौरभ एवं बीडीओ के द्वारा स्वालंबन में किए गए सहयोग के बारे में जानकारी दी। मौके पर श्री सोन ने कहा कि मैं भी एक ग्रामीण इलाके से हूं।

## आज चक्रधरपुर व मनोहरपुर में खुले रहेंगे बिजली बिल के काउंटर

**चक्रधरपुर।** 28 मई रविवार को चक्रधरपुर प्रमंडल अंतर्गत चक्रधरपुर एवं मनोहरपुर अवर प्रमंडल के विद्युत कार्यालय आम दिनों की भांति खुले रहेंगे। इस दौरान उपभोक्ता विद्युत कार्यालय में बिजली बिल जमा कर सकते है। इस दौरान बिजली बिल ब्याज माफी योजना (ओटीएस) का भी लाभ ले सकते है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगर लाइन कटी है या लीगल नोटिस आया है या सर्टिफिकेट केस हुआ है तो ऐसे उपभोक्ता बिजली बिल ब्याज माफी योजना का लाभ ले सकते है। साथ ही पैसा जमा कर कानूनी कार्रवाई से बच सकते है। कार्यपालक अभियंता अमित खलखो ने बताया कि जिनका बिजली बिल बकाया है उनका लाइन काटा जा रहा है। लाइन काटने के बाद कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है की बकाया राशि है तुरंत जमा कर दें और बिजली विभाग की कार्रवाई से बचे। बताया कि 28 मई को चक्रधरपुर के केरा, गुदड़ी ब्लाक कैंपस, बंदगांव, खूंटपानी के प्रखंड उलीराजाबासा, गोइलकेरा प्रखंड के पावर सबस्टेशन, सोनुवा के गोविंदपुर में शिविर आयोजित कर बिजली बिल जमा लिया जाएगा।

## परसाबाद रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** धनबाद-गया रेलखंड के परसाबाद रेलवे स्टेशन पर आजादी के कई वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। बताते चलें कि धनबाद-गया रेलखंड के बीच परसाबाद रेलवे स्टेशन एक ऐसा स्टेशन है, जहां प्रत्येक वर्ष करोड़ों का राजस्व देने के बावजूद भी इस स्टेशन पर कुछ महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव नहीं होने के कारण लोगों को मुंबई, महाराष्ट्र, दिल्ली, कोलकाता सहित कई जगहों पर जाने के लिए रात भर कोडरमा रेलवे स्टेशन पर ठहरना पड़ता है। जिस कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो कि मुंबई मेल एक्सप्रेस, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का ठहराव को लेकर परसाबाद रेलवे स्टेशन पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के द्वारा धरना प्रदर्शन एवं रेल चक्का जाम किया गया, परंतु आज तक रेल प्रशासन के द्वारा इस पर किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया गया।

विगत कुछ माह पूर्व केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा परसाबाद रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर का उद्घाटन किया गया था, परंतु आज भी परसाबाद रेलवे स्टेशन पर इन ट्रेनों का ठहराव नहीं रहने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## संगठन विस्तार को पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने की बैठक

**दुमका।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा जिला की बैठक शनिवार को पॉपुलर क्लब में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने की। बैठक में दुमका प्रखंड कमेटी का गठन को लेकर चर्चा हुई। बैठक कर नारायण वैद्य को दुमका प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष एवं संरक्षक सह मीडिया प्रभारी साधन सेन को मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष राजेंद्र महतो, जगबंधु मंडल एवं गोविंद मंडल को चुना गया। महासचिव आलोक पाल, इंद्रजीत मांझी एवं मंतोष कुमार महतो बने। सचिव पद के लिए आकाश पंजियारा एवं गणेश महतो मनोनीत हुए। संगठन मंत्री अशोक कुमार मांझी एवं कोषाध्यक्ष राजेश कुमार महतो को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य में प्रदीप भंडारी, अनादिश महतो एवं लखनलाल महतो बने। बैठक में जिला अध्यक्ष श्री यादव ने नवमनोनीत प्रखंड के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए 15 दिनों के अंदर पंचायत कमेटी गठन कर जिला को सूचित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज्य बने 22 वर्ष बीत चुके हैं। इन 22 वर्षों में एनडीए एवं यूपीए की सरकार बनी। लेकिन जहां एक ओर बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में भाजपा सरकार ने पिछड़ों का आरक्षण 27 फीसदी से घटाकर 14 फिसदी कर दिया।

## एक नजर में

### दो महिलाओं को मोटरसाइकिल ने मारा टक्कर, सदर अस्पताल रेफर

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कलीडीह स्थित सासानवी फ्यूल सेन्टर के समीप खुट्टा में चल रहे श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने हेतु जाने के दौरान मोटरसाइकिल जेएच15टी/6131 में सवार युवक ने टक्कर मारकर मोटरसाईकील छोड़ मौके से फरार हो गया। वहीं टक्कर में 36 वर्षीय मंजू देवी पति रंजीत कुमार एवं 34 वर्षीय गुंजिता देवी पति संतोष कुमार दोनों महिलाएं पचमौह निवासी के सर में चोट लग गयी। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां भेजा गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.सत्य नारायण भकत के द्वारा प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं थाना प्रभारी आंनद कुमार साह ने मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गया।

### चांद मेडिकल से प्रतिबंधित कफ सिरफ की बड़ी खेप जप्त, दो गिरफ्तार, गये जेल

**हंसडीहा।** प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप हंसडीहा पुलिस जप्त करते हुए दो अवैध कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र के हंसडीहा निवासी मो इसराईल अंसारी एवं हथगड़ गांव निवासी राजेश रंजन शामिल है। राजेश रंजन मूलरूप से गोड्डा जिले के नगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी है। इसकी जानकारी हंसडीहा थाना में प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ, जरमुंडी शिवेंद्र कुमार ने शनिवार को दी। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि हंसडीहा थाना क्षेत्र के हथगड़ गांव निवासी राजेश रंजन के आवासीय मकान में चांद मेडिकल के मालिक मो इसराइल अंसारी द्वारा भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरफ है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व छापेमारी दल का गठन हुआ। टीम ने राजेश रंजन के घर छापेमारी की। जहां से 100 एमएल के 5160 पीस भरा 43 पेटी ऑनरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया। जिसकी कुल कीमत करीब 7 लाख 74 हजार आंकी गई है।

## पेज 1 का शेष

### देश के साथ कंधे से...

सरकार के प्रयासों से निवेशकों में विश्वास बढ़ेगा और निवेशक प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने बताया कि एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए के लिए पृथक एमएसएमई निदेशालय की स्थापना एवं वर्त्तमान जिला उद्योग केन्द्रों को जिला एमएसएमई केन्द्र के रूप में विकसित करने की योजना है। राज्य एवं जिला में समन्वय स्थापित कर 2.8 लाख से अधिक पंजीकृत एमएसएमई उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। **इज ऑफ डूइंग बिजनेस में झारखंड उत्कृष्ट रहा है :** मुख्यमंत्री ने कहा व्यापार की सुगमता मामले में झारखंड का प्रदर्शन हमेशा से उत्कृष्ट रहा है। व्यापार सुधार कार्य योजना के शुरुआती 5 संस्करणों में झारखंड हमेशा शीर्ष 10 राज्यों की सूची में रहा है। रिडक्शन ऑफ कंपलायंस बर्डेन कार्यक्रम के अन्तर्गत महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसमें विशेष प्रक्रियाओं को सरल एवं युक्तिसंगत बनाना है। **आवागमन के साधन विकसित करने पर जोर :** मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड में राष्ट्रीय उच्च पथ घनत्व को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने के लिए कुल 08 प्रमुख सड़क कॉरिडोर (1662.50 किमी) को भी चिन्हित किया है। इन राजकीय पथों को राष्ट्रीय उच्च पथों में विकसित किये जाने से राज्य अन्तर्गत उत्तर से दक्षिण एवं पूरब से पश्चिम कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी। साहेबगंज एवं मनिहारी घाट (बिहार) के मध्य गंगा नदी पर निमार्णाधीन उच्च स्तरीय सेतु के तर्ज पर राजमहल एवं मानिकचक (बंगाल) के मध्य गंगा नदी पर उच्च स्तरीय सेतु निर्माण के लिए एनएचएआई से अनुरोध किया गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए हमें केन्द्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा है। मुख्यमंत्री ने कहा कॉरिडोर (दो) होली टूरिस्ट कॉरिडोर एवं (तीन) सेंट्रल कॉरिडोर को चिन्हित कर डीपीआर तैयार किया जा रहा है। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के कार्यान्वयन में हमें केन्द्र से सहयोग की अपेक्षा है। **युवाओं को बनाया जा रहा हुनरमंद :** मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के वंचित वर्गों को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने को मुख्यमंत्री सारथी योजना का शुभारंभ किया गया है। इसके माध्यम से आने वाले तीन वर्षों में राज्य के सभी 264 प्रखंडों में कौशल केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा राज्य के सर्वांगीण विकास में सभी गरीब एवं वंचित वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने को मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय इंस्टीट्यूट ऑपर रूरल एक्विजिशन (बिरसा) स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वैसे युवा, जो कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में गैर आवासीय व्यवस्था के तहत कौशल प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें घर से प्रशिक्षण केन्द्र तक आने-जाने को प्रति माह 1,000 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से देने का प्रावधान किया गया है। यह भी निर्णय लिया गया है कि जो युवा प्रशिक्षणोपरांत सफल प्रमाणीकरण (सर्टिफिकेशन) के तीन माह के अंदर नियोजित नहीं हो पाते हैं, उनका मनोबल बनाये रखने के लिए अधिकतम एक वर्ष तक उन्हें प्रतिमाह रुपए 1,000/ एवं युवतियों / दिव्यांगों / परलैंगिकों को प्रतिमाह रुपए 1,500/-रोजगार प्रोत्साहन भत्ता का भुगतान किया जायेगा।

### आपका स्नेह मुझे...

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार 30 मई को अपने लगातार दो कार्यकालों के नौ साल पूरे करने के लिए तैयार है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा ने 30 मई से एक महीने के लिए पूरे देश में जन पहुंच कार्यक्रम शुरू करने का फैसला किया है। भाजपा 30 मई से 30 जून के बीच पूरे देश में करीब 50 रैलियां करने की भी योजना बना रही है, जिनमें से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधा दर्जन रैलियों को संबोधित करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस अभियान से भजपा की लोकसभा चुनाव की तैयारियों को भी जोर मिलेगा। 31 मई को राजस्थान के अजमेर में पीएम मोदी द्वारा एक मेगा रैली के माध्यम से किया जायेगा। जन अभियान में हिस्सा लेने वाले अन्य नेताओं में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य होंगे। मोदी ने 26 मई, 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। फिर 30 मई, 2019 को दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ ली।

### सरकारी अफसर बनकर...

**मेट्रिमोनियल साइट पर डाला था डिटेल्स :** लड़की के परिजन के मुताबिक, दूल्हा असगर खान ने एक शादी की वेबसाइट पर अपना डिटेल डाल रखा था। जब लड़की के भाई ने वेबसाइट से नंबर निकालकर असगर से संपर्क किया था, तो असगर ने बताया कि वह झारखंड सरकार में अच्छे पद पर कार्यरत है। उसे सरकार की तरफ से गार्ड भी दिया गया है। उसका पंडरा समेत कई जगहों पर अपना घर भी है। पिता की मौत की भी झूठी बात उसने बतायी। इधर अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉ तारिख हुसैन के नेतृत्व में डालटनगंज के मुखिया, असगर की पत्नी, उसके ससुर समेत अन्य लोगों से संपर्क किया। पता चला कि वह नशेड़ी भी है और उसने अपनी पत्नी की भी हत्या करने का प्रयास किया था। इस मामले में उसे जेल भी हुई थी। इसके अलावा कई मामले में आरोपी जेल जा चुका है। **आनन-फानन में शादी की तिथि तय की :** झांसे में लेने के बाद असगर लड़की के घर आने-जाने लगा। आनन-फानन में असगर ने लड़की के घर वालों पर शादी की तिथि तय करने का दबाव बनाया। 15 दिन के भीतर उसने शादी की बात रखी। आनन-फानन में तिथि तय की और कहा कि इस्लामिक तरीके से पांच आदमी के साथ आकर वह सिर्फ निकाह करेगा। इस बात पर लड़की वाले भी राजी हो गए। शादी की तय तिथि से एक सप्ताह पहले ही लड़की वालों से न सिर्फ दहेज लिया, बल्कि लड़की से उसी के नाम से उसने एक कार भी फाइनांस करवा लिया। वर्तमान में आरोपी उसी कार में घूमता है। दहेज के सामानों को आरोपी ने मोरहाबादी स्थित एक फ्लैट में रखवा दिया।

## कोल ब्लॉक के वाहन मालिकों ने भाड़ा बढ़ाने हेतु आम बागान में की बैठक

**पाकुड़।** जिले के आमरापाड़ा स्थित पाचूबाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक एवं नार्थ कॉल ब्लॉक के कोयला ढुलाई करने वाले वाहन मालिकों ने शनिवार को जिला ट्रक ओनर एसोसिएशन के बैनर तले वाहन किराया बढ़ाने हेतु गोकुलपुर स्थित आम बागान में बैठक का आयोजन किया। बैठक में ट्रक मालिकों ने बताया कि हर चीज महंगी हो गई है। जिस रेट में पहले गाड़ी चलाती थी उस रेट में अब गाड़ी चलाना संभव नहीं है।

## माहवारी के दौरान रखे स्वच्छता का ध्यान रखे : डा. नंदिनी

### माहवारी स्वच्छता दिवस पर विशेष

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** माहवारी या मासिक धर्म होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। इस समय स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उक्त बातें रेलवे अस्पताल चक्रधरपुर की चिकित्सक डा. नंदिनी षण्ड ने कही। माहवारी स्वच्छता दिवस का व्यापक प्रचार-प्रसार और इस विषय पर महिलाओं को जागरूक करने के लिए डा. नंदिनी षण्ड कई कार्यक्रम चला रही है। डा. नंदिनी कहती है आज इस दिन का मुख्य उद्देश्य महिलाएं एवं किशोरियों को सुरक्षित और स्वच्छ



मासिक धर्म का अनुपालन करने की जरूरत है। कहा कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता को बनाए रखने के लिए कपड़े की जगह सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करना चाहिए और पैड को चार-पांच घंटे में बदलते रहना चाहिए। कहा कि स्वच्छता पर ध्यान नहीं देने के कारण खुजली और जलन जैसी समस्या बढ़ जाती है। कई बार संक्रमण फैलने की भी आशंका रहती है। स्वच्छता बनाए रखने के लिए डा. नंदिनी कहती है कि मासिक धर्म के दौरान रोज नहाए। योनि एरिया के आसपास अच्छे से सफाई करें और हाथों को साबुन से धोए। कहा कि ज्यादा देर तक गीले पैड का इस्तेमाल नहीं करें। माहवारी के दौरान महिलाएं और किशोरी हेल्दी डाइट लेने के साथ ठंडा चीजों से बचे और भरपूर नींद लें। कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए इस्तेमाल के बाद सैनिटरी पैड को मशीन द्वारा नष्ट कर दें या फिर गड्ढे खोदकर जमीन में गाड़ दें।

## उपायुक्त सह केन्द्रीय कोल सचिव एवं 13 को बनाया गया है प्रतिवादी

**पाकुड़।** जिले में कोल ब्लॉक आवंटन में प्रदूषण नियंत्रण नियमों एवं वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं पंजाब स्टेट पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को लीज आवंटन को लेकर आर टी आई एक्टिविस्ट सह भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के ज़िला अध्यक्ष एवं इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट पाकुड़ जिले के ज़िला अध्यक्ष अमित कुमार दास ने झारखंड उच्च न्यायालय के शरण में जनहित याचिका दायर की हैं।

## यात्री सेड से पुलिस ने बस चालक का शव किया बरामद

**हंसडीहा।** हंसडीहा पुलिस ने शनिवार को लवारिस अवस्था मे पड़े एक व्यक्ति का एक शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त गोड्डा जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र के तुलसीकीता गांव निवासी विष्णु शर्मा के रूप में की गई है। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मृतक विष्णु शर्मा गोपी यात्री बस चलाया करता था। शनिवार को उसकी तबियत अचानक बिगड़ने लगी तो वे रामगढ़ मोड़ स्थित यात्री सेड में आराम करने लगा। अकेले रहने की वजह से किसी से वे मदद भी नहीं मांग सका और उसकी मौत यात्री सेड में ही हो गई। मौत किस वजह से हुई इसका पता अभी नही चल पाया है।

## भरनिया में पौराणिक कथाओं पर कलाकारों ने पेश किये छऊ नृत्य

### छऊ नृत्य का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काटकर किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** टोकलो क्षेत्र के भरनिया गांव स्थित नायक टोला में युवा जागृति मंच की ओर से तीन दिवसीय छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई, विशिष्ट अतिथि मुखिया सरिता गागराई, पंचायत समिति सदस्य मथुरा गागराई, समाजसेवी गंगाराम गागराई उपस्थित हुए। छऊ नृत्य का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काटकर किया। कलाकारों ने पौराणिक कथाओं पर आधारित एक से बढ़कर एक छऊ नृत्य पेश किये। इस अवसर पर खरसावां शैली पर छऊ कलाकारों ने नृत्य पेश कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। छऊ नृत्य देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवी डा. विजय सिंह गागराई ने कहा कि सभ्यता व संस्कृति को बचाये रखने में हम सभी की भागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जब मनोरंजन के साधन उपलब्ध नहीं रहते थे, तो इसी तरह के छऊ नृत्य का आयोजन होता था। इससे गांव में मनोरंजन के साथ-साथ स्थानीय युवा कलाकारों की छिपी प्रतिभा भी सामने आती थी। इस परंपरा को अब भी जीवित रखना सराहनीय है। इस अवसर पर मुखिया सरिता गागराई ने आयोजनकताओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष वैशाख महीने के अंतिम सप्ताह में मां पाउड़ी की पूजा के अवसर पर छऊ महोत्सव का आयोजन होना अच्छी बात है। मौके पर युवा जागृति मंच के सोनू नायक, अरुण नायक, भोला तांती, पिन्टू सरदार, डिबरु सरदार, गोहन सरदार, घासीराम गोप, हरिशचंद्र गोप, वीरेन्द्र नायक, गुरुचरण नायक, गोसा सरदार, सोमा सरदार, गणेश सरदार, दामुराम गागराई के अलावे समिति के अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में महिला-पुरूष ग्रामीण मौजूद रहे।

## पिकअप ने मारी टक्कर, मोटरसाइकिल सवार की मौत, 3 घंटे तक सड़क रहा जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव-कांडी मुख्य पथ पर ग्राम घुरुआ में जेएच 01 एस - 8158 पिकअप वाहन एवं सीजी 12 एसी - 5348 मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारते हुए सहजाद खां के सिटा नुमा बरामदे में घुस गई। मोटरसाइकिल सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कांडी थाना क्षेत्र के खुटहेरिया पंचायत के ग्राम गोसांग के टोला पखनाहा निवासी रामदास चौधरी के लगभग 45 वर्षीय पुत्र बिहारी चौधरी के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत संग्रहे प्रतापपुर दिलशाद टेंट का पिकअप मझिआंव से तलसबरिया की ओर टेंट का सामान लाने जा रहा था। उसी क्रम में बिहारी चौधरी अपनी छोटी लड़की सुनीता देवी पति सनोज पासवान भागोडीह के जलीमा टोला से अपने घर गोसांग जा रहा था। इसी दौरान घुरुआ चौराहे पर तेज गति से आ रही पिकअप मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारते हुए शहजाद खान के दरवाजे पर करकट से बने बरामदा में जा घुसी। जिससे मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में शहजाद खान के लगभग 4 वर्षीय नाती एवं पिकअप पर सवार 4 से 5 मजदूर एवं पिकअप ड्राइवर बाल बाल बच गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक और मजदूर भाग निकले। दुर्घटना की खबर थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को दी गई। जिसके बाद दुर्घटनास्थल पर थाना



सड़क पर पड़ा शव



विलाप करते परिजन

एएसआई आलोक कुमार एवं काजल कुमार दल बल के साथ पहुंचे। आर्थिक सहयोग एवं परिवारिक लाभ के लिए परिजनों एवं ग्रामीणों ने मझिआंव - कांडी मुख्य सड़क को जाम कर दिया। दुर्घटना स्थल पर अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता एवं थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने समझाने बुझाने एवं सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने के लिए कहा। अंचला अधिकारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा, परिवारिक लाभ, अंबेडकर आवास और आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। साथ ही कहा गया कि वाहन इंश्योरेंस कंपनी दुर्घटना की भरपाई करेगी। इस संबंध में राम जी प्रसाद गुप्ता द्वारा गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम एवं कांडी सीओ अजय कुमार दास से भी बात किया। तब जाकर आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के लिए पुलिस प्रशासन को शव उठाने दिया। इधर दुर्घटना की खबर सुनकर तुरंत तलसबरिया पंचायत के पूर्व मुखिया सेख अमरुद्दीन पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का काम किया। मौके पर अंचल सीआई प्रभारी रामरक्षा सिंह, शैलेश कुमार महतो, तलसबरिया पंचायत मुखिया महताब आलम, खरसोता पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम,उप मुखिया जानेस्वर चौधरी, पूर्व उप प्रमुख विनोद यादव, खुटहेरिया के पंचायत समिति सदस्य, मुखिया प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य लोगों के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो जवान घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए तथा घायल महिला नक्सली पकड़ी गई है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। . पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के परतापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत उरपांजूर गांव के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में बीएसएफ के जवान विकास सिंह और मालिक राम घायल हुए हैं तथा घायल महिला नक्सली फगनी को पकड़ा गया है।

### मप्र : जबलपुर में तीन आतंकी तीन गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** एनआईए ने मध्य प्रदेश में तीन लोगों को गिरफ्तार कर आईएसआईएस से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। संघीय जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि मध्य प्रदेश एटीएस के साथ खुफिया विभाग के नेतृत्व वाले संयुक्त अभियान में जबलपुर में 13 स्थानों पर रातभर की गई छापेमारी के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### नेपाल से भारत को बिजली की आपूर्ति शुरू

**काठमांडू।** नेपाल ने शनिवार से भारत को बिजली का निर्यात शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि हिमालयी देश में मानसून की शुरूआत के साथ ही नदियों में पानी बढ़ने से पनबिजली का उत्पादन बढ़ गया है। पिछले साल भी नेपाल ने जून से नवंबर तक भारत को पनबिजली का निर्यात किया था।

### महाराष्ट्र में शिंदे गुट के नेता की हत्या

**ठाणे।** एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक नेता की महाराष्ट्र के ठाणे जिले में लगभग छह लोगों के समूह ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।.

### बारामूला में लश्कर आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकवादी के सहयोगी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले के चंदूसा इलाके के नागबल गांव में आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने श्रंज नागबल क्रॉसिंग में एक चलित वाहन जांच चौकी स्थापित की। प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए शख्स के पास से एक ग्रेनेड बरामद किया गया और उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान लारीडूरा चंदूसा निवासी मोहम्मद अशरफ मीर के रूप में हुई है।

## प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए साझा दृष्टिकोण तैयार करने का किया आह्वान

# टीम भावना के साथ काम करें राज्य : मोदी

### विकसित देश बनाने के लिये दीर्घकालीन दृष्टिकोण बनायें

**नीति आयोग की बैठक**

- अगले 25 साल में विकास की रूपरेखा बनानी चाहिए नीति आयोग को
- बैठक में 11 राज्यों के सीएम नहीं हुए शामिल

**मोटा अनाज को बढ़ा दे केंद्र और राज्य**

मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष में अन्न को बढ़ावा देने के लिए राज्यों और केंद्र की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अमृत सरोवर कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श किया।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को टीम इंडिया के रूप में काम करना चाहिए और वर्ष 2047 में एक विकसित भारत के लिए लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की आठवीं संचालन परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नीति आयोग राज्यों को अपनी रणनीति विकसित करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नीति आयोग को अगले 25 साल में विकास की रूपरेखा बनानी चाहिए और इसे राष्ट्रीय विकास एजेंडा के साथ संयोजित करना चाहिए ।

उन्होंने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से नीति आयोग के साथ काम करने का आग्रह किया ताकि देश अमृत काल के अपने विजन को हासिल करने की दिशा में लंबी छलांग लगा सके। बैठक में 19 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम (एडीपी) और एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) जैसे सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद को मजबूत करने के लिए कई पहल कर रहा है। ये दोनों कार्यक्रम केंद्र, राज्यों और जिलों के रूप में एक साथ काम करने की शक्ति और जमीनी स्तर पर आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने में शासन के प्रभाव को प्रदर्शित करते हैं। प्रधानमंत्री ने राज्य स्तरों पर राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि गति शक्ति पोर्टल का सक्रिय रूप से उपयोग न केवल बुनियादी ढांचे और रसद के लिए बल्कि स्थानीय क्षेत्र के विकास और सामाजिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी किया जाना चाहिए। देश में हो रही जी-20 बैठकों के बारे में उन्होंने कहा कि जी- 20 ने जहां विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है, वहीं इसने राज्यों को वैश्विक प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा करने, एमएसएमई का समर्थन करने, देश की पर्यटन क्षमता को विकसित करने, राज्य स्तर पर अनुपालन को कम करने सहित छोटे अपराधों को कम करने, एकता मॉल के निर्माण की दृष्टि से लोगों को कुशल बनाने के महत्व का उल्लेख किया। नारी शक्ति पर उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने 2025 तक टीबी के खतरे को समाप्त करने की भी बात कही।उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री और उप राज्यपालों ने विभिन्न नीतिगत स्तर के सुझाव दिए। मोदी ने राज्यों से संबंधित विशिष्ट मुद्दों का उल्लेख किया जिनके लिए केंद्र-राज्य सहयोग की आवश्यकता है। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल के साथ ही उत्तर प्रदेश, असम, झारखंड तथा मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली के मुख्यमंत्री ने बैठक का बहिष्कार किया। कुल मिलाकर 11 राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में




# प्रधानमंत्री आज नये संसद भवन का करेंगे उद्घाटन

**समारोह की तैयारियां पूरी**

- चांदी से निर्मित व सोने की परत वाले ऐतिहासिक सेंगोल को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास किया जायेगा स्थापित
- भवन में यूपी के मिर्जापुर की कालीन, त्रिपुरा के बांस से बने फर्श और राजस्थान के पत्थर की नक्काशी
- 75 रुपये का स्मारक सिक्का भी जारी होगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस नये संसद भवन का रविवार को उद्घाटन करेंगे। मोदी ने शुक्रवार को कहा था कि नया संसद भवन प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित करेगा। उन्होंने नये परिसर का वीडियो भी साझा किया था। नये संसद भवन में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की कालीन, त्रिपुरा के बांस से बने फर्श और राजस्थान के पत्थर की नक्काशी भारत की संस्कृतिक विविधता को दशार्ती है।तमिलनाडु से संबंध रखने वाले और चांदी से निर्मित एवं सोने की परत वाले ऐतिहासिक राजदंड (सेंगोल) को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास स्थापित किया जाएगा। अगस्त 1947 में सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया गया यह रस्मी राजदंड इलाहाबाद संग्रहालय की नेहरू दीर्घा में रखा गया था। नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर, सरकार 75 रुपये का स्मारक सिक्का भी जारी करेगी। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले आर्थिक कार्य विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, ह्लनये संसद भवन के उद्घाटन के उपलक्ष्य में 75 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया जाएगा। सिक्के का वजन 35 ग्राम है और यह चार धातुओं से बना हुआ है। सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ का शेर अंकित है, जिसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा है। इसके बाईं ओर देवनागरी में भारत और दाईं ओर अंग्रेजी में इंडिया लिखा होने के साथ ही रुपये का प्रतीक चिन्ह भी अंकित है।वहीं, सिक्के के दूसरी तरफ नए संसद भवन की तस्वीर है। इसके ऊपर देवनागरी में संसद संकुल और नीचे अंग्रेजी में पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स लिखा है। नीचे 2023 भी लिखा हुआ है।



टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा निर्मित नये संसद भवन में भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य संविधान हॉल, संसद सदस्यों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पर्याप्त पार्किंग स्थल मौजूद होगा। त्रिभुजाकार वाले चार मंजिला संसद भवन का निर्मित क्षेत्र 64,500 वर्ग मीटर है। भवन के तीन मुख्य द्वार हैं- ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार। इसमें वीआईपी (अति विशिष्ट व्यक्तियों), सांसदों और आगंतुकों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार हैं। नये संसद भवन के निर्माण में उपयोग की गई सामग्री देश के विभिन्न हिस्सों से लाई गई है। इसमें प्रयुक्त सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र के नागपुर से लाई गई है, जबकि लाल और सफेद बलुआ पत्थर राजस्थान के सरमथुरा से लाया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले और हुमायूं के मकबरे के लिए बलुआ पत्थर भी सरमथुरा से लाया गया था। हरा पत्थर उदयपुर से, तो अजमेर के पास लाखा से लाल ग्रेनाइट और सफेद संगमरमर अंबाजी राजस्थान से मंगवाया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि एक तरह से लोकतंत्र के मंदिर के निर्माण के लिए पूरा देश एक साथ आया है। इस प्रकार यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना को दर्शाता है। लोकसभा और राज्यसभा कक्षों में फाल्स सीलिंग के लिए स्टील की संरचना केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव से मंगाई गई है, जबकि नये भवन के लिए फर्नीचर मुंबई में तैयार किया गया था।





PLACEMENTS THROUGH CAMPUS SELECTIONS ACROSS ALL OUR CENTRES

3-YEAR DIPLOMA PROGRAMS (For Class 10/12*/ITI*)
- Tool Engineering & Digital Manufacturing
- Electronics Engineering & Embedded System
- Computer Engineering & IT Infrastructure
- Mechatronics Engineering & Smart Factory
- Electrical & Electronics

*completes in 2-years under Lateral entry scheme

"A Special discount will be applicable for girl candidates."

PROGRAM FEATURES
- Industry-focused Programs
- Additional certification from NSDC/SSC & NOCN
- 14+ Centres across India with Excellent infrastructure including hostel
- More than 65000 youth successfully graduated over the last 63 years
- Opportunity for B.Tech (lateral entry in 20+ leading Universities)
- Concurrent B.Voc Degree from Arka Jain University, Jharkhand (for Class 12/ITI students only)

NTTF — Securing your Future with your own Hands | International Certification — nocn GROUP

CONTACT DETAILS FOR REGISTRATION AND ADMISSION
R.D. TATA, Golmuri, Jamshedpur. Contact : 6364864689, 8986660971, 7541817195, 9334695405
TSTI, Burmamines, Jamshedur, Contact: 9102924969, 7903535538, 9304460014
Apply Online : www.nttftrg.com


# कर्नाटक में 24 मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में शनिवार को कांग्रेस सरकार ने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए इसमें 24 मंत्रियों को शामिल किया। इसके साथ ही, राज्य में पार्टी के सत्ता में आने के एक सप्ताह बाद मंत्रिमंडल के सभी 34 मंत्री पदों को भर दिया गया है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने इन 24 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इन मंत्रियों में 23 विधायकों के अलावा एन एस बोसराजू शामिल हैं, जिन्हें मंत्रिमंडल में शामिल कर कांग्रेस आलाकमान ने सभी को हैरान कर दिया है। एच के पाटिल, कृष्णा बायरेगौड़ा, एन चेलुवरायस्वामी, के वेंकटेश, एच सी महादेवप्पा, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर खंडरे और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुंडु राव ने शपथ ली। इनके अलावा के एन राजन्ना, शरणबसप्पा दर्शनपुर, शिवानंद पाटिल, रामप्पा बलप्पा तिम्मापुर, एस एस मल्लिकार्जुन, शिवराज संगप्पा तंगदागी, शरणप्रकाश रुद्रप्पा पाटिल, मंकल वैद्य, लक्ष्मी हेब्बलकर, रहीम खान, डी सुधाकर, संतोष लाड, एन एस बोसराजू, सुरेश बी एस, मधु बंगारप्पा, एम सी सुधाकर और बी नागेंद्र शपथ लेने वाले विधायकों में शामिल हैं।

पूर्व में, सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे एवं चार बार विधायक चुने गए एम कृष्णप्पा को इस बार मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया।

## दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनेगा भारत : ओयो

**नयी दिल्ली।** भारत स्टार्टअप चलाने वाले अपने युवाओं के बल पर दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनेगा। आतिथ्य और यात्रा प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी ओयो के संस्थापक एवं समूह सीईओ रितेश अग्रवाल ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत स्टार्टअप का केंद्र बन गया है, जिसने ओला राइड शेयरिंग, ओयो रूम्स और पेटीएम जैसी नई उम्र की सेवाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं के बिना आज कोई नहीं रह सकता है, जबकि मोदी सरकार के नौ साल से पहले इनका अस्तित्व नहीं था।

# भारत दो साल में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा : वैष्णव

**मोदी सरकार आने के बाद 2014 से देश में तेजी से सामाजिक और आर्थिक बदलाव आया : रेल मंत्री**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों और जमीनी स्तर पर उठाये गये कदमों के कारण भारत दो साल में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद 2014 से देश में तेजी से सामाजिक और आर्थिक बदलाव आया है। रेल मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे वैष्णव ने कहा कि भारत को विश्व स्तर पर एक आकर्षक स्थान के रूप में देखा जा रहा है और दुनिया भारत में अपना भरोसा जता रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद भारत 10वें स्थान से 5वें स्थान पर आ गया और दो साल के भीतर देश दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। वैष्णव ने कहा कि छह साल के भीतर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। वह मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे।


बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित




कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Hologram, Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।

सर्वत्र उपलब्ध

निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।

पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-

मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !

VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217445, 2217497, 9431109990, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com


# गंगूबाई काठियावाड़ी को तीन और भूल भुलैया मिले दो पुरस्कार

### आईफा रॉक्स अवार्ड

**अबुधाबी।** अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आईफा) पुरस्कार की शुरूआत यहां एक समारोह के साथ हुई, जिसमें आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी ने तकनीकी श्रेणियों में तीन पुरस्कार अपने नाम किए। अभिनेता राजकुमार राव और फिल्म निर्माता-कोरियोग्राफर फराह खान ने आईफा रॉक्स समारोह की मेजबानी की। इस दौरान छायांकन, पटकथा, संवाद एवं संपादन सहित तकनीकी श्रेणियों के विजेताओं की घोषणा की गई। फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली और उत्कर्षिनी वशिष्ठ ने गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार जीता। फिल्म को छायांकन और संवाद के लिए भी पुरस्कार से नवाजा गया।



बोस्को मार्टिस और सीजर गोंसाल्विस को कार्तिक आर्यन अभिनीत भूल भुलैया 2 के मुख्य गीत के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का पुरस्कार मिला। अनीस बज्मी निर्देशित इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ साउंड डिजाइन के पुरस्कार से भी नवाजा गया। अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 को सर्वश्रेष्ठ संपादन, जबकि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन शिवा को सर्वश्रेष्ठ स्पेशल इफेक्ट्स (विजुअल) के पुरस्कार से नवाजा गया। ऋतिक रोशन और सैफ अली खान अभिनीत फिल्म विक्रम वेधा और वासन बाला की मोनिका ओ माई डार्लिंग को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ बैकग्राउंड स्कोर और सर्वश्रेष्ठ साउंड मिक्सिंग का पुरस्कार मिला।

## मलाइका ने करवाया बोल्ड फोटोशूट

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के लिए खास फोटो और वीडियो शेयर करती नजर आती हैं। मलाइका अरोड़ा ने बोल्डनेस के मामले में बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस को पीछे छोड़ दिया है। मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में मलाइका अरोड़ा फोटोशूट कराती नजर आ रही हैं। वीडियो को मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। मलाइका अरोड़ा का ये फोटोशूट डब्बू रतनानी करते नजर आ रहे हैं। इस फोटोशूट में मलाइका काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है।



मलाइका स्विमिंग पूल में मस्ती करती नजर आ रही हैं। मलाइका अरोड़ा शीयर ड्रेस में और भी बोल्ड लग रही हैं। 49 साल की उम्र में ऐसी बोल्डनेस देख फैंस भी हैरान रह जाते हैं।

### फिल्म 'फौजा' एक जून को होगी रिलीज

**नयी दिल्ली।** हरियाणा के अंदर इलाकों में फिल्माई गई एक जवान के जीवन पर बनी फिल्म 'फौजा' 1 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। पवन मल्होत्रा अभिनीत फिल्म मुख्य रूप से कार्तिक डम्मू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा का पूर्व छात्र हैं। पवन मल्होत्रा को पहले सायंतन मुखर्जी वेब सीरीज रे में देखा गया था। कार्तिक फिल्म में स्टूडेंट लाइफ जीते हुए दिखाई देंगे। कार्तिक ने कहा कि कई व्यक्ति अपने करियर की मांगों को पूरा करने और अपने व्यक्तिगत हितों को आगे बढ़ाने के बीच तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष करते हैं। फौजा में कार्तिक के पिता की भूमिका निभाने वाले पवन मल्होत्रापंजाबी और तेलुगु सिनेमा के अलावा हिंदी फिल्मों और टीवी में भी काम करते हैं।


बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

## दिल के मरीज हैं, तो पीयें चुकंदर का रस



दिल का मरीज है, तो चुकंदर का रस पीयें। हाल में हुए एक शोध में दिल के मरीजों के लिए चुकंदर के रस को फायदेमंद बताया गया है। वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन के आधार पर माना है कि चुकंदर का रस कसरत करने से पहले पीने से दिल के मरीजों को कसरत का अधिक फायदा मिलता है। शोध के दौरान वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने सीओपीडी के मरीजों के छोटे समूह पर परीक्षण किया है। उन्होंने चुकंदर का रस कसरत से पहले प्रतिभागियों को पिलाया और पाया कि इसमें मौजूद नाइट्रेट उनमें कसरत की क्षमता को बढ़ाने में मददगार है। शोधकर्ताओं का दावा है कि कसरत के पहले इसके सेवन से इन मरीजों का ब्लड प्रेशर कम हुआ और कसरत करने की क्षमता बढ़ी।

## ग्रीन टीः मुंह के कैंसर के इलाज में कारगर

ग्रीन टी मुंह के कैंसर से लड़ने में कारगर हो सकता है। हाल ही में हुए एक अध्यय में यह



बात सामने आयी है कि ग्रीन टी में पाये जाने वाला एक यौगिक मुंह के कैंसर की कोशिकाओं को नष्ट कर सकता है, जबकि यह सामान्य कोशिकाओं को क्षति नहीं पहुंचाता। पेंसिलवेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी के खाद्य वैज्ञानिकों के अनुसार शोध के नतीजे में ये तथ्य सामने आए हैं कि ग्रीन टी मुंह के कैंसर और अन्य तरह के कैंसर के उपचार में मददगार साबित हो सकता है। शुरूआती अध्ययन में पाया गया है कि ग्रीन टी में पाया जाने वाला एपिगैलोकेटेचिन-3-गैलेट (इजीसीजी) यौगिक सामान्य कोशिकाओं को क्षति पहुंचाएं बिना कैंसर कोशिकाओं को नष्ट कर देता है। यह शोध पत्र 'मॉलेक्यूलर न्युट्रिशन एंड फूड रिसर्च' पत्रिका में प्रकाशित हुई है।

## तुलसी और नारियल दूर करे मुंह के छाले

मुंह में छाले से परेशान हैं तो कुछ घरेलू उपाय आपके लिए मददगार हो सकते हैं।



- दिन में तीन से चार बार तुलसी के पत्तों को चबायें। इसके संक्रमण प्रतिरोधी तत्व छाले को खत्म करने में मदद करते हैं।
- शहद में भी एंटीमाइक्रोबियल तत्व हों जो छाले ठीक करते हैं। शहद में थोड़ी हल्दी मिलाकर छालों पर लगाएं, इससे जल्दी आराम मिलेगा।
- खसखस का इस्तेमाल आयुर्वेद में छाले के उपचार के लिए किया जाता रहा है। खसखस में शक्कर और नारियल पाउडर मिलाकर कैंडी बनायें और दो से तीन बार चूसें, आराम महसूस करेंगे।
- सूखा नारियल, नारियल तेल और नारियल पानी, तीनों छाले के उपचार में फायदेमंद हैं।
- आयुर्वेद में मुलैठी के सेवन से भी छाला दूर करने का उपाय माना गया है।



# महिलाओं में आम समस्या है

# श्वेत प्रदर

श्वेत प्रदर स्त्रियों की एक आम समस्या है, जो कई स्त्रियों में मासिक धर्म से पूर्व या बाद या एक दो-दिन सामान्य रूप से भी होती है। यह समस्या 10 साल से 60 साल तक की महिलाओं में होती है। इस समस्या के बारे में विस्तृत जानकारी दे रहीं हैं।




### क्या है श्वेत प्रदर

श्वेत प्रदर का अर्थ है स्त्रियों के गुप्तांगों से श्वेत, पीले या हल्के लाल रंग का चिपचिपा स्राव आना। यह स्राव अधिकतर श्वेत वर्ण का ही होता है। इसलिए इसे श्वेत प्रदर का नाम दिया गया है। अंग्रेजी में इसे ल्यूकोरिया कहते हैं। यह स्राव कभी-कभी चिपचिपा होता है और गंधरहित भी होता है। स्त्रियों में यह समस्या आम है, जो भारत में ही नहीं, अपितु सभी देशों में है।

### महिलाओं की धारणा

महिलाएं यह मान बैठती है कि यह एक गंभीर बीमारी है। यह सारी बीमारियों की जड़ है। चाहे वो कमर दर्द हो या फिर कमजोरी होना, वजन घट रहा हो या माथे में दर्द या फिर चिड़चिड़ापन होना, सभी का कारण श्वेत प्रदर को ही मान लेतीं हैं। कई महिलाओं की धारण यह भी है कि इसमें हड्डियां गल-गल कर निकल रही है। लेकिन ऐसा नहीं है।



### दो प्रकार के श्वेत प्रदर

**यह जानना जरूरी है कि श्वेत प्रदर दो प्रकार से होता है। पहला फिजियोलॉजिकल और दूसरा बीमारी। इन दोनों में अंतर जानना जरूरी है।**

- लगभग 10 वर्ष की उम्र में लड़कियों को प्रत्येक दिन थोड़ा-थोड़ा सफेद डिस्चार्ज होने लगता है। अगर डिस्चार्ज पैंटी तक रहे, खाज-खुजली न हो तो यह बीमारी नहीं है।
- टीनऐज होने पर, मासिक धर्म शुरू हो जाने पर सारा माह चिपचिपा सफेद पानी जाता है। जो दो मासिक धर्म के बीच में थोड़ा बढ़ जाता है। यह भी बीमारी नहीं है।
- सहवास के वक्त थोड़ा या ज्यादा डिस्चार्ज हो जाता है यह भी बीमारी नहीं है।

#### ... तब यह बीमारी है

- अगर ज्यादा स्राव हो, खाज-खुजली हो, गंदा महक हो, रक्त हो तब यह कई बीमारियों का लक्षण है। जैसे फंगल इंफेक्शन, बैक्टीरियल इंफेक्शन और सर्वाइकल इरोजन जैसी बीमारी हो सकती है। यह कैंसर का भी लक्षण हो सकता है।
- बीमारी होने पर प्रारंभ में स्त्री को कमजोरी महसूस होता है। खून कम होने से चक्कर आना, आंखों के सामने अंधेरा छा जाना, भूख न लगना, बार बार मूत्र त्याग, पेट में भारीपन, जी मचलना, योनी में खुजली होना जैसे लक्षण सामने आते हैं।

#### उपचार

- अगर बीमारी नहीं हुई हो तो कुछ न करें। उस जगह को पानी से धो के पोछ लें यानी कि उस जगह को सूखा रखें।
- यादि यह बीमारी की लक्षण हो तो डॉक्टर से मिलकर दवा करायें।
- बूढ़ी महिलाओं को अगर श्वेत प्रदर या लाल मिला हुआ श्वेत प्रदर हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।
- डॉक्टर स्पेक्यूलम से सर्विक्स देखकर बीमारी के अनुसार इसका इलाज करेंगे।

आपकी रसोई आपको अच्छा खानपान देकर तंदुरुस्त ही नहीं रखती बल्कि आपकी बीमारियों में भी आपकी मददगार बनती है। जानिए रसोई कैसे रखती है आपकी सेहत का खयाल।



## आपकी रसोई में छिपे हैं कई रोगों के इलाज

- **नमक से गले की हिफाजत:** गले में दर्द है, कुछ खाने या निगलने में दर्द होता है या खराश है, तो गर्म पानी में नमक मिलाकर गरारे करें। आपको आराम मिलेगा। प्रतिदिन नमक मिले गर्म पानी से अच्छी तरह कुल्ले करें मुंह के कई नुकसानदायक बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगे।
- **लौंग है दांतों का हमदर्द:** दांतों के दर्द से परेशान हैं, तो लौंग का तेल रूई में भिगो कर दर्द वाले दांत के नीचे दबा लें। लौंग भी दबा सकते हैं।
- **हल्दी जोड़ दर्द में फायदेमंद:** दूध में हल्दी मिलाकर पीने से जोड़ों का दर्द, बदनदर्द गठिया का दर्द में लाभ मिलता है।
- **अदरक दिलाता है दर्द से राहत:** अदरक मांसपेशियों, जोड़ों और बदन के दर्द, सिरदर्द में राहत पहुंचाता है।
- **पुदीना देता है आराम:** शरीर अकड़ रहा हो, गर्म पानी में पिपरमिंट तेल की कुछ बूंदें डालकर सिकाई कर लें आराम मिलेगा।

## रोज एक केला : स्ट्रोक से बचाये, ताकत और ताजगी दे

केले को ऐसा- वैसा ना समझें। यह पौष्टिक गुणों से भरपूर और सेहत के लिए फायदेमंद है। महिलाओं के लिए इसका नियमित सेवन खास तौर पर लाभकारी होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन जर्नल में प्रकाशित शोध की मानें, तो मेनोपॉज के बाद जो महिलाएं नियमति तौर पर एक केले का सेवन करती हैं, उन्हें स्ट्रोक का खतरा 27 प्रतिशत कम रहता है।



- केला में विटामिन ए, बी, सी और ई, मिनिरल्स, पोटैशियम, जिंक, आयरन आदि कई पोषक तत्व हैं जो आपकी सेहत ठीक रखता है
- केला में प्राकृतिक तौर पर शुगर है। शारीरिक श्रम या कसरत करने के बाद इसके सेवन से शरीर में इसका स्तर सामान्य होता है और तुरंत ऊर्जा मिलती है। थकान महसूस करने पर इसके सेवन से आपको ताकत व ताजगी मिलेगी।
- केला में ट्राइपोफन नामक तत्व अच्छी मात्रा में है, जो शरीर में सेरोटोनिन की मात्रा बढ़ाता है जिससे मूड अच्छा होता है। स्ट्रेस के दौरान इससे अच्छी कोई डाइट हो ही नहीं सकती है।
- इसमें विटामिन बी अच्छी मात्रा में होता है। यह नर्वस सिस्टम को ठीक रखता है और याददाश्त तेज करता है। ऐसे में तेज दिमाग के लिए नियमित रूप से केले का सेवन कर सकते हैं।
- इसमें पोटैशियम भी अच्छी मात्रा में होता है जो रक्त संचार ठीक रखता है और सोडियम नियंत्रित रखता है। इससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है।
- केले में मौजूद प्रोबायोटिक बैक्टीरिया शरीर में कैल्शियम को सोखने में मदद करता है। इसके अलावा, इसमें पोटेशियम अच्छी मात्रा में होता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए फायदेमंद है।
- केले में प्रोबायोटिक इंजाइम्स हैं जो पोषक तत्वों के पाचन में मदद करते हैं। इसके नियमित सेवन से पाचन ठीक रहता है।
- कच्चे केले का सेवन डायरिया से बचाव में काफी मददगार है। इसके अलावा, इसमें मौजूद पेस्टिन नामक तत्व कब्ज ठीक करने में भी मददगार है।

## नाइट शिफ्ट में काम करना कितना हानिकारक


- लगातार नाइट शिफ्ट में बदल-बदल कर काम करना स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक साबित हो सकता है और इसके कारण फेफड़े का कैंसर और हृदय रोग से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं, जो आपकी जल्द मौत का भी कारण बन सकती है।
- एक ताजा रिसर्च में बताया गया है कि पांच या इससे अधिक सालों तक बदल-बदल कर नाइट शिफ्ट में काम करने वाली महिलाओं में हृदय रोग से जुड़ी समस्याओं के कारण मृत्युदर बढ़ा पाया गया, जबकि 15 साल से अधिक समय तक काम करने वाली महिलाओं में फेफड़े के कैंसर से मृत्यु होने की दर में इजाफा देखा गया। रिसर्च में महीने में कम से कम तीन नाइट शिफ्ट करने वालों को शामिल किया गया। हारवर्ड मेडिकल स्कूल की सहायक प्राध्यापिका इवा शेर्न हैमर ने बताया, 'इस रिसर्च के परिणाम नाइट शिफ्ट में काम करने और स्वास्थ्य या लंबी आयु के बीच संभावित हानिकारक संबंधों के पूर्व सबूतों को प्रमाणित करते हैं।' नींद और हमारी दैनिक जैविक क्रियाएं हृदय सर्केडियन सिस्टम दिल के स्वास्थ्य और कैंसर के ट्यूमर को बढ़ने से रोकने में बेहद अहम होती हैं।
- इवा ने बताया 'चूंकि दुनियाभर में नाइट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है, अतः यह अध्ययन संभवतः दुनिया में सबसे बड़े समूह से संबंधित अध्ययन है।' अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने अमेरिका में नर्सो के स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ा रखने वाली संस्था नर्सेज हेल्थ स्टडी (एनएचएस) द्वारा दर्ज 22 वर्ष के आंकड़ों का विश्लेषण किया। इस अमेरिकी संस्था से लगभग 75,000 नर्से पंजीकृत हैं। विश्लेषण में पाया गया कि छह से 15 वर्षो तक बदल-बदल कर नाइट शिफ्ट में काम करने वाली नर्सो की मृत्यु दर 11 फीसदी अधिक रही। इनमें दिल की बीमारी से होने वाली मृत्यु की दर 19 फीसदी अधिक पायी गयी। 15 या इससे भी अधिक वर्षो से नाइट शिफ्ट में काम कर करने वाली महिलाओं में फेफड़े के कैंसर से मौत होने का खतरा 25 फीसदी अधिक पाया गया। यह



## आंखें फड़कती हैं, तो हो जायें सावधान

### कई कारणों से हो सकती है आंख फड़कने की समस्या

**अक्सर लोग आंखों के फड़कने को शुभ या अशुभ होने से जोड़कर देखते हैं। हालांकि, ऐसा है या नहीं इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण तो सामने नहीं आया, हां इतना जरूर है कि इससे सेहत की समस्या जरूर जुड़ी हुई है। आंखों की मांसपेशियों के अनियंत्रित हो जाने की स्थिति में भी आंखें फड़क सकती हैं। वैसे यह परेशानी कुछ ही दिनों में अपने-आप दूर भी हो जाती है। यदि लंबे समय तक आंखों का फड़कना जारी रहे, तो हो सकता है यह परेशानी आंखों या चेहरे की मांसपेशियों के कारण भी हो। इस स्थिति में आंख के डॉक्टर से मिलकर जरूर चेकअप करायें।**



- **आंखों पर दबाव:** आंखों पर अत्यधिक दबाव के कारण भी उसके फड़कने की समस्या हो जाती है। नींद की कमी, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का अत्यधिक प्रयोग जैसे कंप्यूटर, टेबलेट, स्मार्टफोन या लंबे समय तक टेलीविन देखते रहने से भी आंखों के अत्यधिक फड़कने की समस्या हो सकती है। सामान्य स्तर पर स्ट्रेस या एंग्जाइटी का बढ़ना या फिर थकान के कारण भी आंखों पर दबाव पड़ता है।
- **कैफीन और अल्कोहल:** अत्यधिक मात्रा में कैफीन और अल्कोहल लेने से पलकें फड़कती हैं। यदि इनका इंटेक कम कर दिया जाए तो समस्या अपने आप दूर हो जाएगी।
- **ब्लेफराइटिस:** यह वह स्थिति होती है जिसमें आईलैशेज के फॉलिकल्स में सूजन हो जाती है। पलकें लाल हो जाती हैं और उनमें सूजन हो जाती है, जिससे पपड़ी जैसी निकलती रहती है। पलकों पर होने वाली सूजन के कारण दर्द और उनके फड़कने की समस्या भी हो जाती है।
- **ड्राय आइज:** आंखों पर मौजूद आंसुओं की एक पतली परत सी होती है जो उसमें नमी बनाये रखने का काम करती है। कुछ बुजुर्गों में यह परत नष्ट हो जाती है जिसके परिणास्वरूप ड्राय आइज की समस्या हो जाती है। कंप्यूटर के आगे लंबे समय तक बैठे रहने, कॉन्टैक्ट लेंस लगाने और कुछ खास प्रकार की दवाओं को लेने से भी ड्राय आइज की समस्या हो सकती है। आंखों में अत्यधिक ड्रायनेस उसके फड़कने का कारण बनती है। ल्यूब्रीकेंट की मदद से ड्राय आइज की समस्या को ठीक किया जा सकता है।
- **आई इन्फेक्शन:** कंजंक्टिवाइटिस या इन्फेक्शन के कारण आंखें फड़क सकती हैं। कॉर्निया या कंजंक्टिवा में खुजली पैदा करने वाले तत्वों के कारण भी फड़कन हो सकती है।
- **पोषण का असंतुलन:** कुछ खास प्रकार के पोषक तत्वों की कमी जैसे मैग्नीशियम के कारण भी आंखों में फड़कने की समस्या हो सकती है।